www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु



नई दिल्ली, शनिवार , 3 फरवरी, 2024 | वर्ष-16 | अंक-299 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए

मोदी ओडिशा, असम में करेंगे 80 हजार करोड़ के ... 02

■ प्रदर्शन में केजरीवाल बोले इनके पाप का घड़ा भर गया है
■ दिल्ली नगर निगम ने अनधिकृत कॉलोनियों की ... 03

■ इजरायल-हमास युद्ध : हमास नेता शांति वार्ता के लिए काहिरा में
■ इराक व सऊदी अरब में जॉर्डन में अमेरिकी बेस पर ड्रोन हमले... 07

एक्ट्रेस मॉडली पूनम पांडे का निधन 10

## सार संक्षेप

### अभिनेत्री पूनम पांडे की सर्वाइकल कैंसर से मौत



**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस और मॉडल पूनम पांडे की सर्वाइकल कैंसर से मौत हो गई। वह 32 साल की थीं। इसके बाद डॉक्टरों ने कहा है कि सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन भारतीयों के लिए जरूरी है। सर्वाइकल कैंसर भारतीय महिलाओं में दूसरा सबसे आम कैंसर है, जो इस जनसांख्यिकीय समूह में होने वाले सभी कैंसर का लगभग 18 प्रतिशत है। द लैंसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल में प्रकाशित एक हालिया अध्ययन के अनुसार, सर्वाइकल कैंसर के हर पांच में से एक या 21 प्रतिशत मामले भारत में होते हैं। देश में लगभग हर चार में से एक यानी 23 प्रतिशत मौत का कारण कैंसर है।

### ओबीसी आयोग का पश्चिम बंगाल को नोटिस



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने केंद्रीय ओबीसी सूची में 87 जातियों को शामिल करने के लिए संबंधित जानकारी नहीं देने पर पश्चिम बंगाल सरकार को नोटिस जारी किया है और राज्य सरकार के मुख्य सचिव को आठ फरवरी को आयोग के समक्ष उपस्थित होने को कहा है। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने बताया कि पिछले वर्ष छह सितम्बर को पश्चिम बंगाल राज्य सरकार से 87 जातियों को केंद्रीय ओबीसी सूची में शामिल करने हेतु उनके सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक स्थिति संबंधी ताजा जानकारी और आंकडे मांगे गये थे जिसकी जानकारी आयोग को नहीं दी गई है।

### राजद नेता रंजीत राय की संदिग्ध मौत



**समस्तीपुर।** बिहार में समस्तीपुर जिले के मुसरीधरारी थाना क्षेत्र के हरपुर एलोथ गांव के पास युवा राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रदेश महासचिव एवं पूर्व जिला पार्षद रंजीत राय की संदिग्ध अवस्था में हुई मौत के विरोध में उनके समर्थकों ने शुक्रवार को मुसरीधरारी चौक पर शव के साथ राष्ट्रीय उच्चपथ संख्या 28 को जाम कर यातायात बाधित कर दिया। अपर पुलिस अधीक्षक संजय कुमार पाण्डेय ने यहां बताया कि गुरुवार की रात जिले के हरपुर एलोथ गांव के पास राजद नेता रंजीत राय एवं उनके मित्र सुनील कुमार सड़क के किनारे बेहोशी हालत में पाये गए थे।

### कर्नाटक में फैला मंकी फीवर, 21 मामले आए सामने



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में अब तक मंकी फीवर के कम से कम 21 मामले सामने आए हैं। बताया गया कि मंकी फीवर से प्रभावित 21 लोगों में से आठ को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जबकि, 13 का इलाज घर पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकारी इस बीमारी को फैलने से रोकने के लिए सावधानियों के बारे में लोगों को जागरूक कर रहे हैं।

# झारखंड के मुख्यमंत्री बने चंपई सोरेन

## 12वें मुख्यमंत्री ने रूप में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शपथ दिलाई

**रांची,** 2 फरवरी (एजेंसियां)। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के विधायक दल के नेता चंपई सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इसके अलावा कांग्रेस पार्टी के आलमगीर आलम और राजद के सत्यानंद भोक्ता ने भी मंत्री के रूप में शपथ ली। चंपई सोरेन को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को मुख्यमंत्री मनोनीत किया था। इससे पहले चंपई सोरेन ने शिबू सोरेन से मुलाकात की। इसके बाद चंपई ने कहा कि गुरुजी हमारे आदर्श हैं, शपथ लेने से पहले हम गुरुजी और माताजी (रूपी सोरेन) से आशीर्वाद लेने आए थे। मैं झारखंड आंदोलन से जुड़ा था और मैं उनका शिष्य हूं। शपथ ग्रहण समारोह के कुछ ही देर बाद ही झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन के विधायक हैदराबाद पहुंच गए हैं। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि हमें सरकार का बहुमत साबित करने के लिए 10 दिन का समय दिया गया था। हम इस दौरान कोई जोखिम नहीं ले सकते, क्योंकि भाजपा हमारे विधायकों से संपर्क करने की कोशिश कर



■ कांग्रेस व आरजेडी के एक-एक विधायक ने भी ली शपथ
■ झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन के विधायक हैदराबाद पहुंचे

सकती है। गुरुवार को झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन द्वारा जारी एक वीडियो में 81 सदस्यीय झारखंड विधानसभा में 43 विधायकों का समर्थन दिखाया गया।

**पांच फरवरी को फ्लोर टेस्ट**

इस बीच, झारखंड सरकार में मंत्री आलमगीर आलम ने विश्वास मत को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि चंपई सोरेन के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार पांच फरवरी को विश्वास मत हासिल करेगी। मंत्री आलमगीर ने कहा कि राज्य में झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन द्वारा बहुमत साबित करने के लिए शक्ति परीक्षण पांच फरवरी को दो दिवसीय विधानसभा सत्र के पहले दिन किया जाएगा उन्होंने बताया कि सीएम चंपई की अध्यक्षता में हुई पहली कैबिनेट बैठक में यह निर्णय लिया गया। इस बीच भाजपा ने मामले में सवाल उठाए हैं। झारखंड भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि दो दिनों से झारखंड के सत्ताधारी गठबंधन के नेताओं ने राज्यपाल और केंद्रीय नेताओं के लिए अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया है। कल जब पहला लेटर दिया गया तो उसमें भी तकनीकि त्रुटियां थीं। हम यही उम्मीद करते हैं कि झारखंड में जो हेमंत सोरेन का 4 वर्षों का काला अध्याय रहा है वो दोहराया ना जाए। एक बात स्पष्ट है कि चंपई सोरेन भले ही मुख्यमंत्री बन गए हों लेकिन सत्ता के तार सोरेन परिवार के पास ही होंगे।

### झारखंड में संविधान की उड़ाई गईं धज्जियां : खड़गे



**नई दिल्ली।** झारखंड में नए सीएम के शपथ में हुई देरी पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा में नाराजगी जताई। खरगे ने कहा कि झारखंड में संविधान की धज्जियां उड़ाई गई है। उन्होंने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार एक ही दिन में इस्तीफा देते हैं और दोबारा सीएम पद की शपथ ले लेते हैं। वहीं, झारखंड में ऐसा नहीं होता है। झारखंड में चंपई सोरेन ने राजभवन को पत्र लिखा था। पत्र में झारखंड में नई सरकार का मार्ग प्रशस्त करने की मांग रखी थी। चम्पई सोरेन ने 4 बजे राज्यपाल से मिलने का समय मांगा था, लेकिन राजभवन से चंपई सोरेन को मिलने का समय 5.30 बजे का दिया गया। इसके बाद चंपई सोरेन ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की। राज्यपाल से सरकार गठन की प्रक्रिया जल्द शुरू करने की मांग की। राज्यपाल ने कल देर रात झारखंड मुक्ति मोर्चा गठबंधन विधायक दल के नेता चंपई सोरेन को को मनोनीत मुख्यमंत्री के रूप में नियुक्त करते हुए शपथ ग्रहण करने के लिए आमंत्रित किया था।

### हेमंत सोरेन को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं, पांच दिन की ईडी हिरासत में भेजा



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने धन शोधन मामले में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका पर हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। हेमंत सोरेन ने प्रवर्तन निदेशालय की ओर से की गई उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। जस्टिस संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ ने शुक्रवार को सोरेन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ताओं कपिल सिब्बल और अभिषेक सिंघवी से हाईकोर्ट जाने को कहा। हेमंत सोरेन को रांची में पीएमएलए अदालत ने पांच दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया है।

# ज्ञानवापी के तहखाने में होती रहेगी पूजा



■ इलाहाबाद हाई कोर्ट ने भी मुस्लिम पक्ष को दिया झटका
■ मामले में अगली सुनवाई छह फरवरी को होगी

**वाराणसी,** 2 फरवरी (एजेंसियां)। ज्ञानवापी विवाद में जिला न्यायालय के फैसले के बाद ज्ञानवापी मस्जिद के तहखाने को खुलवाकर पूजा शुरू करवा दी गई है। इस फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट पहुंची मस्जिद कमेटी को झटका लगा है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने पूजा रुकवाने से इनकार कर दिया है। इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की अपील पर कहा था कि वह पहले हाई कोर्ट जाए। इस मामले में अगली सुनवाई 6 फरवरी को होगी। अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी ने जिला कोर्ट के फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। इस मामले में सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने पूजा-पाठ पर अंतरिम स्थगन देने से इनकार कर दिया। साथ ही, एडवोकेट जनरल को आदेश दिए कि कानून और व्यवस्था बनाए रखी जाए। कोर्ट ने याचिकाकर्ता मस्जिद कमेटी से कहा है कि 6 फरवरी तक वह अपनी अपील में संशोधन करे। कोर्ट ने कहा है कि इस बात को देखा जाएगा कि रिसीवर की नियुक्ति करने में इतनी जल्दबाजी क्यों की गई। इससे पहले, मुस्लिम पक्ष के वकील ने कोर्ट में कहा कि 17 जनवरी को वाराणसी के डीएम की नियुक्ति की गई और 31 जनवरी को पूजा की अनुमति का आदेश पारित कर दिया गया। इस पर हाई कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष से कहा कि आपने 17 जनवरी के उस आदेश को चुनौती नहीं दी।

### कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मस्जिद में हुई नमाज

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ज्ञानवापी मस्जिद में शुक्रवार को शांतिपूर्ण तरीके से जुमे की नमाज संपन्न हुई। नमाजी ज्ञानवापी से बाहर निकल रहे हैं। ज्ञानवापी में नमाजियों के पुराने रिकॉर्ड टूट गए। शुक्रवार 2000 के करीब नमाजियों की संख्या रही। नमाज के बाद करीब 45 मिनट तकरीर चली। तकरीर में मुल्क में अमन और भाईचारे का संदेश दिया गया।

# हिमंता-मिलिंद की विचारधारा कांग्रेस से अलग : राहुल

**कोलकाता/रांची,** 2 फरवरी (एजेंसियां)। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने पश्चिम बंगाल में डिजिटल मीडिया के पत्रकारों के साथ बातचीत की। उन्होंने कहा कि हिमंता बिस्वा सरमा और मिलिंद देवड़ा जैसे लोगों के कांग्रेस छोड़ने पर कोई दिक्कत नहीं है।

नीतीश ने दबाव में आकर इंडिया गठबंधन छोड़ा : राहुल गांधी

उनकी विचारधारा अलग है। असम के मुख्यमंत्री हिमंता जिस तरह की राजनीति करते हैं वो कांग्रेस की राजनीति नहीं हो सकती है। दरअसल, 22 जनवरी को हिमंता ने राहुल पर आरोप लगाया था कि वो उनके राज्य में अशांति फैला रहे हैं। वहीं, राहुल गांधी ने हिमंता को देश का सबसे करप्ट मुख्यमंत्री बताया था। राहुल ने इसके अलावा सरकारी एजेंसियों के हो रहे दुरुपयोग को लेकर बात की।



■ 18वें दिन झारखंड पहुंची भारत जोड़ो न्याय यात्रा
■ हिमंता-मिलिंद जैसों के कांग्रेस छोड़ने पर दिक्कत नहीं

### विपक्षी नेताओं को ईडी कर रही परेशान

राहुल गांधी का एक वीडियो भी सामने आया है इसमें वे कह रहे हैं कि लालू जी से सवाल पूछे गए हैं, तेजस्वी से भी पूछताछ हो रही है। हेमंत सोरेन से सवाल किए जा रहे हैं और केजरीवाल को ईडी का एक और सम्मन मिला।

उन्होंने कहा कि मुझसे भी 55 घंटे तक पूछताछ हुई थी। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने बताया कि राहुल गांधी की यात्रा मुर्शिदाबाद के गोकर्ण से सुबह 8 बजे शुरू होने वाली थी।

# सत्ता के लिए देश बेच सकती है भाजपा : केजरीवाल

■ चंडीगढ़ मेयर चुनाव में धांधली का लगाया आरोप ■ दिल्ली भाजपा मुख्यालय के बाहर आप ने किया विरोध प्रदर्शन

**नई दिल्ली,** 2 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली में शुक्रवार को आम आदमी पार्टी और भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे के खिलाफ प्रदर्शन किया। आप ने चंडीगढ़ मेयर चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए भाजपा कार्यालय घेरने का प्रयास किया। वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं ने शराब घोटाले को लेकर आप के ऑफिस के आगे प्रदर्शन किया। ईडी ने शराब घोटाले में पूछताछ के लिए अरविंद केजरीवाल को पांचवां समन जारी किया था। शुक्रवार को उन्हें बुलाया गया था, लेकिन वे नहीं आए। केजरीवाल पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और हरियाणा के पार्टी नेताओं के साथ भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन में शामिल हुए। केजरीवाल ने कहा



चंडीगढ़ मेयर जैसे छोटे चुनाव में गड़बड़ी की, लोकसभा में पता नहीं क्या करेंगे : केजरीवाल

कि चंडीगढ़ में हमारी पार्टी का मेयर बने या भाजपा का, हमें फर्क नहीं पड़ता। पार्टियां आती-जाती रहती हैं, लेकिन देश के साथ खिलवाड़ नहीं होना चाहिए। भाजपा ने चुनाव के साथ खिलवाड़ करना शुरू कर दिया है। अगर भाजपा चंडीगढ़ मेयर जैसे छोटे चुनाव में इतनी बड़ी गड़बड़ी कर सकती है, तो लोकसभा चुनाव

### दिल्ली पुलिस ने आप 25 कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया

दिल्ली पुलिस ने सिंधु बॉर्डर से आम आदमी पार्टी के 25 कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है। वहीं, हरियाणा आप अध्यक्ष सुशील गुप्ता को दिल्ली पुलिस ने उनके आवास से हिरासत में लिया है। दूसरी तरफ भाजपा ने भी आप के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। भाजपा के कार्यकर्ता दिल्ली सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए सड़कों पर उतरकर नारेबाजी की। हालात के मद्देनजर दिल्ली पुलिस और अर्धसैनिक बलों के करीब 1000 जवान तैनात किए गए थे। दिल्ली पुलिस ने सिंघु बॉर्डर से अब तक 25 आप कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है। ये सभी पंजाब और हरियाणा के पार्टी कार्यकर्ता हैं। वहीं इस मामले में आम आदमी पार्टी नेता गोपाल राय का कहना है चंडीगढ़ में जिस तरह से भारतीय बेनकाब हुई है और जिस तरह से उन्होंने साजिश रची है, हम उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन से पहले, उनकी पार्टी के विधायकों और पार्षदों को नजरबंद किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा नहीं चाहती कि उसका असली चेहरा जनता के सामने उजागर हो।

मनी लॉन्ड्रिंग को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट का फैसला

# एक साल की जांच में कुछ नहीं मिला तो जब्त संपत्ति हो वापस



**नई दिल्ली,** 2 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली हाईकोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग को लेकर बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने निर्देश दिया कि अगर पीएमएलए के तहत चार्जशीट दायर किए बिना एक साल से अधिक हो जाती है। तब जांच के दौरान जब्त की गई संपत्ति वापस की जानी चाहिए। जस्टिस नवीन चावला ने कहा कि अगर 365 दिनों से अधिक की अवधि की जांच से पीएमएलए के तहत किसी अपराध से संबंधित कोई कार्यवाही नहीं होती है, तो जब्त की गई प्रॉपर्टी व्यक्ति को वापस कर दी जानी चाहिए।

**ईडी ने खारिज की दलील**

हाईकोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय को 19-20 अगस्त 2020 को किए गए तलाशी और जब्ती अभियान के तहत याचिकाकर्ता से जब्त किए गए दस्तावेजों, डिजिटल उपकरणों, संपत्ति और अन्य सामग्री को याचिकाकर्ता को वापस करने का निर्देश दिया। अदालत ने ईडी के वकील की इस दलील को खारिज कर दिया था। अधिनियम की धारा 8(3) (ए) 365 दिनों की समाप्ति के परिणाम का प्रावधान नहीं करती है। न्यायमूर्ति चावला ने कहा कि प्रकृति में जब्ती, कानून के अधिकार के बिना और भारत के संविधान के अनुच्छेद 300 ए का उल्लंघन है। उच्च न्यायालय अधिवक्ता डीपी सिंह के माध्यम से महेंद्र कुमार खंडेलवाल द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि प्रतिवादी ने ईसीआईआर के आधार पर उसके परिसर में तलाशी और जब्ती की। साथ ही विभिन्न दस्तावेज, रिकॉर्ड, डिजिकल उपकरण और आभूषण जब्त किए। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि संपत्ति को जब्त किए हुए तीन साल से अधिक समय बीत चुका है।

# हिमाचल में परयूम फैक्ट्री में लगी भीषण आग

## जान बचाने के लिए छत से कूदे 32 कामगार, 20 लापता

**शिमला,** 2 फरवरी (देशबन्धु)। औद्योगिक क्षेत्र बददी झाड़माजरी के हिल टॉप स्थित परयूम बनाने वाली कंपनी एरोमा एरोमेटिक्स में अचानक भीषण आग लग गई। इस दौरान कंपनी में काम करने वाले 30 कामगार घायल हो गए जबकि करीब 20 लोग लापता बताए जा रहे हैं। जिससे पूरी फैक्ट्री जलकर राख



हो गई। शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे से लगी आग पर करीब छह घंटे बाद काबू पा लिया गया है। आगजनी की घटना के वक्त फैक्ट्री के भीतर दर्जनों कामगार मौजूद थे जिनमें से कई कामगारों के आग की लपटों में घिरे होने की आशंका है। आग इस कदर फैल चुकी थी की फैक्ट्री के भीतर काम कर रहे कामगारों को बाहर भागने का मौका भी नहीं मिला।

### आग लगने के कारणों का नहीं लगा पता

खबर लिखे जाने तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया। परयूम निर्माता फैक्ट्री एरोमा एरोमेटिक्स में आगजनी से लगातार हो रहे धमाकों के बाद आसपास के उद्योगों को एहतियातन खाली करवा दिया गया है। डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने बताया कि यह दर्दनाक हादसा दोपहर 12 बजे के बाद हुआ।

# केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक का ऐलान

## गृह मंत्रालय के चार पदकों का किया गया विलय

**नई दिल्ली,** 2 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बयान जारी कर बताया कि स्पेशल ऑपरेशन मेडल, यूनियन होम मिनिस्टर मेडल फॉर एक्सीलेंस इन इन्वेस्टीगेशन, असाधारण आसूचना कुशलता पदक और यूनियन होम मिनिस्टर अवार्ड फॉर मेरीटोरियस सर्विस पदकों का केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक में विलय कर दिया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय काम करने वाले लोगों को सम्मानित करने के लिए नए पदक का एलान किया है। इस पदक को केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक के नाम से जाना जाएगा। स्पेशल ऑपरेशन मेडल, यूनियन होम मिनिस्टर मेडल फॉर एक्सीलेंस इन इन्वेस्टीगेशन, असाधारण आसूचना कुशलता पदक और यूनियन होम मिनिस्टर अवार्ड फॉर मेरीटोरियस सर्विस पदकों का केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक में विलय कर दिया गया है।





मौसम — *उत्तर भारत में अगले दो दिन फिर बदलेगा मौसम*

# मध्य प्रदेश-राजस्थान समेत छह राज्यों में बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली, 2 फरवरी (एजेंसियां)। बीते दो दिनों से पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बारिश के बाद मौसम शुक्रवार को खुल गया। हालांकि मौसम विभाग के मुताबिक मौसम की यह नरमी महज 24 घंटे की है। उसके बाद एक बार फिर मौसम करवट बदलेगा। दरअसल पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते शनिवार से सोमवार तक उत्तर भारत के अलग-अलग हिस्सों में बारिश बर्फबारी और कोहरे के पड़ने का अनुमान लगाया गया है।**

इस दौरान कुछ इलाकों में न्यूनतम तापमान में भी गिरावट दर्ज हो सकती है। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते एक बार फिर मौसम बिगड़ने वाला है। इस बार यह मौसम शुक्रवार देर रात से बदलेगा। विभाग के अनुमान के मुताबिक पश्चिमी और उत्तरी हिस्से के हिमालय क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते यह मौसम बिगड़ सकता है। मौसम वैज्ञानिक आलोक यादव बताते हैं कि बिगड़े मौसम



■ पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते बदलेगा मौसम
■ मैदानी इलाकों में बारिश व ओलावृष्टि का अनुमान

में एक बार फिर बर्फबारी, बारिश, ओले और कोहरे की मार पड़ सकती है। दौरान जम्मू कश्मीर हिमाचल उत्तराखंड और नॉर्थ ईस्ट के पहाड़ों पर ज्यादा बर्फबारी का अनुमान लगाया जा रहा है। विभाग के मुताबिक शनिवार से लेकर सोमवार तक मौसम के बिगड़े हालात बने रहने का आकलन किया गया है। मौसम विभाग ने एक बार फिर से पहाड़ी इलाकों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जबकि मैदानी इलाकों में शनिवार से लेकर सोमवार तक कहीं-कहीं पर बारिश का भी अनुमान लगाया गया है। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली-एनसीआर और उत्तर प्रदेश समेत राजस्थान का हिस्सा शामिल है। जबकि शनिवार से लेकर रविवार तक राजस्थान के कुछ हिस्से में ओलावृष्टि का भी अनुमान लगाया गया है। हालांकि मैदानी इलाकों में बारिश और ओलावृष्टि का अनुमान 24 घंटे के लिए ही है। विभाग के वैज्ञानिकों के मुताबिक एक साथ लगातार दो दिनों तक पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के कारण कोहरे में भी बढ़ोत्तरी का अनुमान है।

उवाच "भाजपा से हमारी लड़ाई विचारधारा की है। उनके पास धन है और सारी की सारी एजेंसियां हैं। जितना दबाव डालने की कोशिश वे कर सकते हैं, करें, पर कांग्रेस भाजपा और आरएसएस से डरने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि आज देश में करोड़ों लोगों के साथ अन्याय हो रहा है:-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 18.5 | 07.0 |
| मुंबई | 29.5 | 20.2 |
| कोलकाता | 27.7 | 19.3 |
| चेन्नई | 32.0 | 23.5 |

# एनडीए सरकार में मन चाहा विभाग और दो मंत्री पद के लिए खुल कर बोले माझी

**पटना,** 3 फरवरी (देशबन्धु)। बिहार में नयी-नयी बनी एनडीए सरकार में रोज नया बखेड़ा सामने आ रहा है। नयी बनी सरकार में निर्दलीय विधायक सुमित सिंह को मंत्री बनाकर मलाईदार विभाग देने की तैयारी के खिलाफ जीतन राम मांझी ने खुला मोर्चा खोल दिया है। मांझी ने कहा है-मुझे दूसरे जगह से मुख्यमंत्री बनाने का ऑफर था लेकिन मैं नहीं गया। उसके बाद इस सरकार में जो हो रहा है वह ठीक नहीं है।

जीतन राम मांझी ने आज मीडिया से बात की. जीतन राम मांझी ने कहा कि सरकार में निर्दलीय विधायक को मंत्री बना दिया गया है। ऐसी चर्चा हो रही है कि उन्हें मनचाहा विभाग भी दिया जायेगा।ये सरासर गलत है। मैं इसका विरोध करता हूं।

जीतन राम मांझी ने कहा कि उन्हें राजद की ओर से मुख्यमंत्री बनाने का ऑफर मिला था। लेकिन उन्होंने उस ऑफर को ठुकरा दिया।अब उनकी पार्टी को एनडीए सरकार में सिर्फ एक मंत्री पद दिया जा रहा है. ये सरासर गलत है। मांझी ने कहा-मैंने अमित शाह और नित्यानंद समेत बीजेपी के दूसरे नेताओं को कह दिया है कि हम को कम से कम दो मंत्री पद मिलना चाहिये।

मांझी ने कहा कि वे अपनी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक अनिल कुमार को मंत्री बनवाना चाह रहे हैं। वे चार बार के



मुझे दूसरे जगह से मुख्यमंत्री बनाने का ऑफर था लेकिन मैं नहीं गया। उसके बाद इस सरकार में जो हो रहा है वह ठीक नहीं है:-जीतन राम मांझी

विधायक हैं और मंत्री भी रह चुके हैं। जीतन राम मांझी ने कहा कि अनिल कुमार के मंत्री बनने से मगध क्षेत्र में उनकी पार्टी का सामाजिक आधार मजबूत होगा।

जीतन राम मांझी ने कहा कि 44 साल से वे राजनीति में हैं और अब तक ऐसा नहीं देखा कि मंत्रियों के शपथग्रहण के पांच दिन बाद भी विभागों का बंटवारा नहीं हुआ है। मुख्यमंत्री ने तो 28 जनवरी को ही कहा था कि दो-तीन में मंत्रिमंडल का विस्तार हो जायेगा। लेकिन अब तक ऐसा नहीं हुआ है। इसलिए जल्द से जल्द मंत्रिमंडल का विस्तार करने के साथ साथ विभागों का बंटवारा होना चाहिये।

उधर, खबर ये है कि सुमित सिंह को मंत्री बनाने से चिराग पासवान भी नाराज है।सुमित सिंह ने पिछले लोकसभा चुनाव में चिराग पासवान का जमुई में जमकर विरोध किया था। नीतीश ने 2020 में सुमित सिंह को सिर्फ इसलिए मंत्री बनाया था कि वे चिराग पासवान को उनके संसदीय क्षेत्र जमुई में घेरें।लेकिन पर्याप्त बहुमत होने के बावजूद 2024 में भी सुमित सिंह को मंत्री बनाने से ये मैसेज साफ साफ गया है कि नीतीश कुमार चिराग पासवान को निपटाने की रणनीति से अलग नहीं हटे हैं।ऐसे में चिराग पासवान भी नाराज हैं।

## कैबिनेट का विस्तार करना मुख्यमंत्री का अधिकार : सम्राट चौधरी

पटना। बिहार में एनडीए की सरकार बन गई है। सरकार के बनने के साथ ही कुछ मंत्रियों ने तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ ही मंत्री पद की शपथ ले ली थी। लेकिन, अन्य लोगों को मंत्रिमंडल में जगह कब मिलेगी इस सवाल के जवाब के लिए मंत्री पद के दावेदार नेताओं की बेचैनी बढ़ी हुई। जेडीयू की तरफ से नीतीश कुमार के साथ विजय चौधरी, वीजेंद्र यादव और श्रवण कुमार ने मंत्री पद की शपथ ले ली थी। लेकिन, बाकी के मंत्रिमंडल की तस्वीर साफ नहीं हुई है। ऐसे में अब इन तमाम सवालों का जवाब बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के तरफ से किया जा रहा है। सम्राट चौधरी ने कहा कि – कैबिनेट का विस्तार करना मुख्यमंत्री का अधिकार होता है। इसमें कहां कोई बड़ी समस्या है। इसको लेकर जल्द ही फैसला कर लिया जाएगा। इसमें कोई बड़ी बात नहीं है। कैबिनेट विस्तार के बाद और भी लोगों को जगह दी जाएगी यह तो तय चीज़ है। इसमें कहां कोई बड़ी बात है। इसको लेकर विपक्ष जो भी आरोप लगा रहा है। इसमें कहां कोई समस्या है। इसके अलावा राजद के तरफ से लागए जा रहे आरोप पर सम्राट चौधरी ने कहा कि- उनका इतिहास जो लोग जानते हैं उनको मालूम होना चाहिए कि वो तो मात्र 12 विधायक में 1995 में डेढ़ साल तक सरकार चलाए थे। यहां तो अभी ही नौ मंत्री है, दो उपमुख्यमंत्री है। आगे जल्द ही कैबिनेट में और भी लोगों को जगह दी जाएगी।

# चरवाहों को परेशान करने के चीनी सैनिकों के वीडियो पर सरकार की प्रतिक्रिया आश्चर्यजनक : कांग्रेस

### चीनी सैनिक किस तरह से भारतीयों को सीमा पर परेशान कर रहे

**नई दिल्ली,** 2 फरवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस ने कहा है कि चीनी सैनिक किस तरह से भारतीयों को सीमा पर परेशान कर रहे हैं इसको लेकर हाल ही में एक वीडिया सामने आया है लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि भारत सरकार ने इस पर गंभीर प्रतिक्रिया नहीं दी है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शुक्रवार को यहां जारी एक बयान में कहा, 'हाल ही 2024 में चुशुल सेक्टर में जाने से चरवाहों को रोकने और उन्हें परेशान करते हुए चीनी सैनिकों का एक वीडियो सामने आया था। इसे लेकर विदेश मंत्रालय ने बेहद हल्की प्रतिक्रिया दी है और यह बिलकुल उचित नहीं है लेकिन मोदी सरकार से यही उम्मीद की जा सकती है।'

उन्होंने कहा, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कथित तौर पर कहा है कि 'दोनों पक्ष पारंपरिक चरागाह क्षेत्रों से अवगत हैं और गतिरोध की किसी भी घटना से मौजूदा तंत्र के तहत निपटा जाता है।' प्रवक्ता ने कहा, यदि हम मौजूदा तंत्र की बात करें तो



'हाल ही 2024 में चुशुल सेक्टर में जाने से चरवाहों को रोकने और उन्हें परेशान करते हुए चीनी सैनिकों का एक वीडियो सामने आया था। इसे लेकर विदेश मंत्रालय ने बेहद हल्की प्रतिक्रिया दी है:-जयराम रमेश

हमने देखा है कि कैसे मोदी सरकार 18 दौर की सैन्य वार्ता के बावजूद पिछले चार वर्षों से पूर्वी लद्दाख में हमारे सैनिकों और चरवाहों को 2,000 वर्ग किमी क्षेत्र तक जाने में रुकावट डाल रहे चीनियों को रोकने में विफल रही है। लेकिन यह मामला सिर्फ़ विदेश मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय के ही अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है। सीमा प्रबंधन गृह मंत्रालय के अंतर्गत आता है। यह सुनिश्चित करना गृह मंत्रालय की ज़िम्मेदारी है कि भारतीय चरवाहे भारतीय क्षेत्र के अंदर नागरिक के रूप में अपने अधिकारों का प्रयोग कर सकें।

उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह से इस मुद्दे पर सवाल करते हुए कहा, वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भारत के दावे वाले क्षेत्रों में मई 2020 के बाद से चीन के बॉर्डर गार्ड्स द्वारा हमारे चरवाहों को परेशान किए जाने या पीछे धकेले जाने के कितने मामले आए हैं। क्या इन टकरावों में हमारे चरवाहों को किसी तरह की चोट आई है या क्षति हुई है और क्या उन्हें चीनी उत्पीड़न से बचाने के लिए कोई प्रयास किया गया है या वे आईटीबीपी के समर्थन के बिना ही खुद का बचाव करने को मजबूर हैं, जैसा कि वीडियो में दिख रहा है।

## सार संक्षेप

### वायु शक्ति अभ्यास में ताकत का प्रदर्शन करेगी वायु सेना

नई दिल्ली। वायु सेना राजस्थान के जैसलमेर के पास पोखरण रेंज में 'अभ्यास वायु शक्ति-2024' में अपनी ताकत का प्रदर्शन करेगी। इससे पहले वायु शक्ति अभ्यास 16 फरवरी 2019 में हुआ था। अभ्यास वायु शक्ति में वायुसेना की दिन और रात में संचालित की जाने वाली आक्रामक एवं रक्षात्मक क्षमताओं का एक शानदार प्रदर्शन किया जाएगा। अभ्यास में सेना के साथ भी संयुक्त अभियानों का संचालन किया जाएगा। अभ्यास में स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस, प्रचंड और ध्रुव सहित 121 विमान अपने जौहर दिखायेंगे। इसके अलावा राफेल, मिराज-2000, सुखोई-30 एमकेआई, जगुआर, हॉक, सी-130 जे, चिनूक, अपाचे और एमआई-17 भी अभ्यास में हिस्सा लेंगे। देश में ही विकसित सतह से हवा में मार करने वाली हथियार प्रणालियां आकाश और समर घुसपैठ करने वाले शत्रुओं के विमान को ट्रैक करने तथा उसे मार गिराने की क्षमता का प्रदर्शन करेंगी।

### डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए नये आपराधिक कानून में किए गए विशेष प्रावधान

नई दिल्ली। आपराधिक कानून में डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। यह जानकारी शुक्रवार को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांगलिया ने दी। प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि भारत में चिकित्सक को भगवान का दर्जा दिया गया है। हमारे देश की यह यह रीति-नीति रही है। डॉक्टरों पर कई बार तमाम आरोप लगा दिए जाते हैं। मरीजों की मृत्यु होने पर लोग चिकित्सकों को दोषी ठहराते हैं। उन्होंने कहा, हमने कोरोना के समय चिकित्सकों की सुरक्षा के लिए कानूनी प्रावधान किए गए थे। अब नए आपराधिक कानून में चिकित्सकों की सुरक्षा के लिए और विशेष प्रावधान किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आज के दिन में जो प्रावधान किए गए हैं उनसे चिकित्सकों को सुरक्षा मिलेगी। डॉक्टरों के ख़िलाफ़ हिंसा करने वालों के ख़िलाफ़ कार्रवाई की जायेगी। कांग्रेस के शशि थरूर के चिकित्सकों की सुरक्षा के लिए अलग कानून बनाने की मांग पर विचार करने का आग्रह करने के जवाब में स्वास्थ्य मंत्री ने यह टिप्पणी की।

### मोहन बाबू ने 'गदर' पुरस्कार शुरू करने के तेलंगाना सरकार के फैसले का किया स्वागत

हैदराबाद। तेलंगाना सरकार के दिवंगत लोक गायक गुम्मदी विट्ठल राव 'गदर' के नाम पर पुरस्कार की शुरुआत के फैसले का टॉलीवुड अभिनेता मोहन बाबू ने स्वागत किया है। उन्होंने इस निर्णय के लिए राज्य सरकार और मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी की सराहना करते हुए कहा कि यह सांस्कृतिक मान्यता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है।

## मध्य प्रदेश कांग्रेस में उम्मीदवारी पर मंथन

**भोपाल,** 2 फरवरी (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश कांग्रेस में आगामी लोकसभा चुनाव में संभावित उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा का दौर शुरू हो रहा है। उम्मीदवार कैसा हो, उसकी जमीनी पकड़ कितनी है और वह विरोधी दल के उम्मीदवार का किस तरह से मुकाबला कर सकता है, इस पर भी विचार का क्रम शुरू हो रहा है।

दरअसल, राज्य में लोकसभा की 29 सीटें है और उनमें से 28 पर भाजपा का कब्जा है, सिर्फ एक सीट छिंदवाड़ा ही कांग्रेस के पास है, जहां से नुकलनाथ सांसद हैं। पार्टी दिग्गज नेताओं को भी मैदान में उतारना चाहती है, मगर ये नेता चुनाव लड़ने को तैयार नहीं हैं। उसके बावजूद पार्टी ने शनिवार को भोपाल में प्रदेश स्तरीय चुनाव समिति (मध्यप्रदेश) और उसके बाद मप्र कांग्रेस लोकसभा प्रभारियों की आवश्यक बैठक बुलाई है।

इस बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त मध्यप्रदेश के लिए लोकसभा चुनाव स्क्रीनिंग कमेटी की अध्यक्षा रजनी पाटिल एवं सदस्य परगत सिंह, कृष्णा अलीवरु के अलावा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी मौजूद रहेंगे। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने बताया है कि स्क्रीनिंग कमेटी की अध्यक्ष व सदस्य बैठक के अलावा प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में ही कांग्रेसजनों से मुलाकात करेंगी। लोकसभा चुनाव के सभी संभावित आवेदक भी उक्त तीनों नेतागणों से मुलाकात कर सकेंगे। सूत्रों का कहना है कि राज्य की 29 में से लगभग एक दर्जन सीटें ऐसी है, जहां कांग्रेस के पास सक्षम उम्मीदवारों का संकट है। वह विधानसभा चुनाव हारने वालों पर भी दांव लगा सकती है। इसकी वजह भी है क्योंकि कई नेता ऐसे हैं, जो चुनाव लड़ने को तैयार नहीं हैं। पार्टी के कार्यकर्ताओ की इच्छा है कि राज्य के प्रमुख नेताओं को मैदान में उतारा जाए, जिससे लोकसभा चुनाव में पार्टी लड़ती नजर आए। शनिवार को स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में यह बात उठ भी सकती है, जिसमें लोकसभा प्रभारी दावेदारों का जिक्र तो करेंगे ही साथ में कार्यकर्ता की मंशा भी बताएंगे।

## एसएफआईओ ने विजयन की बेटी के खिलाफ शुरू की जांच, कांग्रेस ने मांगा इस्तीफा

**तिरुवनंतपुरम,** 2 फरवरी (एजेंसियां)। गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) ने शुक्रवार को केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की बेटी की आईटी फर्म की जांच शुरू कर दी है। केरल विधानसभा में भी कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष ने इस मामले को लेकर हंगामा किया और अध्यक्ष से इस पर चर्चा करवाने की माँग की। हालांकि, स्पीकर ए.एन. शमशीर ने विपक्ष के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया। विपक्ष के नेता वी.डी. सतीसन ने विधानसभा के बाहर मीडियाकर्मियों से कहा, 'दो वैधानिक एजेंसियां अब आईटी घोटाले की जांच कर रही हैं। ध्यान देने वाली बात यह है कि एसएफआईओ की जांच गंभीर है। अब समय आ गया है कि विजयन इस्तीफा दें।' उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को लेकर विजयन डरे हुए हैं



एसएफआईओ की जांच गंभीर है, अब समय आ गया है कि विजयन इस्तीफा दें: कांग्रेस

और विधानसभा में मौजूद भी नहीं थे। सतीसन ने कहा, 'मुख्यमंत्री ने हमेशा कहा है कि आयकर विभाग ने कभी भी उनकी बेटी को अपनी कंपनी की स्थिति स्पष्ट करने का अवसर नहीं दिया है। अब तो रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज का भी कहना है कि गलती करने वाली कंपनी से जवाब मांगने के बावजूद उन्होंने कभी कोई स्पष्ट स्थिति नहीं बताई।'

यह मामला तब सुर्खियों में आया जब एक मीडिया रिपोर्ट में आयकर विभाग के कार्यालय के हवाले से दावा किया गया कि मुख्यमंत्री की कंपनी को खनन कंपनी सीएमआरएल से 1.72 करोड़ रुपये मिले थे, जहां राज्य के स्वामित्व वाली केरल राज्य औद्योगिक विकास निगम (केएसआईडीसी) की हिस्सेदारी है। इस मुद्दे को सबसे पहले पहली बार कांग्रेस विधायक बने मैथ्यू कुझालनदान ने उठाया था। एसएफआईओ-कंपनी रजिस्ट्रार की तीन सदस्यीय टीम द्वारा प्रारंभिक जांच पर कार्रवाई करते हुए मामले की जांच अपने हाथ में ली है। छह सदस्यीय एसएफआईओ टीम ने पहले ही तीनों पक्षों- वीणा की कंपनी, केएसआईडीसी और सीएमआरएल के लेनदेन की जांच शुरू कर दी है।

## भारत विरोधी विचार को निष्प्रभावी करने का आह्वान किया धनखड़ ने

**नई दिल्ली,** 2 फरवरी (एजेंसियां)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भारत विरोधी विचारों को निष्प्रभावी करने का आह्वान करते हुए शुक्रवार को कहा कि देश में भ्रष्टाचार की कोई जगह नहीं है। श्री धनखड़ ने आज यहां जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के सामवें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों से गहन प्रश्न पूछने चाहिए और भारत विरोधी विचारों को निष्प्रभावी बनाना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि ऐसे झूठी कहानियां देश और विदेश में भारतीय संवैधानिक संस्थानों को कलंकित करने, बदनाम करने और अपमानित करने' की कोशिश करने वाले लोगों ने फैलाए हैं। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे एक ऐसे मोड़ पर बड़ी दुनिया में कदम रख रहे हैं जहां देश में 'पूर्ण शासन, सकारात्मक नीतियां और एक ऐसी अर्थव्यवस्था है जो विश्व स्तर पर सम्मानित और मजबूत है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि सत्ता के गलियारों को भ्रष्ट तत्वों से मुक्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा, भ्रष्टाचार को अब पुरस्कृत नहीं किया जाता बल्कि, कानून लागू किया जाता है।

## सीएम ममता बनर्जी ने केंद्रीय बकाया नहीं मिलने पर धरना शुरू किया

**कोलकाता,** 2 फरवरी (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार से राज्य का बकाया कथित तौर पर रोके जाने के खिलाफ शुक्रवार से दो दिवसीय धरना शुरू किया। सीएम ममता बनर्जी ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को लेकर केंद्र सरकार पर कटाक्ष किया। सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि वह दृढ़ता से हेमंत सोरेन के पक्ष में खड़ी हैं। यह भी दावा किया कि वह वर्तमान परिदृश्य में लोकतंत्र की रक्षा के लिए समर्पित हैं।

सीएम ममता बनर्जी ने कहा, 'मैं एक शक्तिशाली आदिवासी नेता हेमंत सोरेन की अन्यायपूर्ण गिरफ्तारी की कड़ी निंदा करती हूं। भाजपा समर्थित केंद्रीय एजेंसियों द्वारा की गई प्रतिशोधात्मक कार्रवाई से एक लोकप्रिय चुनी हुई सरकार को कमजोर करने की योजनाबद्ध साजिश की बू आ रही है।' झारखंड के लोग 2024 लोकसभा चुनाव में इस तरह की 'प्रतिशोध की राजनीति' करने के लिए भाजपा को करारा जवाब देंगे। मुख्यमंत्री ने दोपहर 1 बजे के बाद अपना धरना शुरू किया। उन्हें विरोध के तौर पर काली शॉल ओढ़े देखा गया। तृणमूल कांग्रेस के एक नेता ने कहा, 'मंच के पीछे दो अस्थायी तंबू लगाए गए हैं। एक उनकी राजनीतिक बैठकों और दूसरा प्रशासनिक उद्देश्यों के लिए है।'

## मोदी ओडिशा, असम में करेंगे 80 हजार करोड़ के कामों का शिलान्यस एवं लोकार्पण

**नई दिल्ली,** 2 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार से ओडिशा और असम के दो दिन के दौरे पर होंगे तथा करीब 80 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार श्री मोदी कल दोपहर बाद 2:15 बजे, ओडिशा में संबलपुर में 68,000 करोड़ रुपए से अधिक लागत की कई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

प्रधानमंत्री वहां से असम जाएंगे और रविवार को लगभग 11:30 बजे वह गुवाहाटी में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान 11,000 करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

श्री मोदी संबलपुर में आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम में



गुवाहाटी में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान 11,000 करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे

'जगदीशपुर-हल्दिया और बोकारो-धामरा पाइपलाइन परियोजना (जेएचबीडीपीएल)' के 'धामरा - अंगुल पाइपलाइन खंड' (412 किलोमीटर लंबी) का उद्घाटन करेंगे। 'प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा' के अंतर्गत 2450 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से निर्मित यह परियोजना ओडिशा को राष्ट्रीय गैस ग्रिड से जोड़ेगी। प्रधानमंत्री मुंबई-नागपुर-झारसुगुड़ा पाइपलाइन के 'नागपुर झारसुगुड़ा प्राकृतिक गैस पाइपलाइन खंड' (692 किमी)' की आधारशिला भी रखेंगे। यह परियोजना 2660 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित की जा रही है, जिससे ओडिशा, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में प्राकृतिक गैस की उपलब्धता में काफी सुधार होगा। इस दौरान प्रधानमंत्री लगभग 28,980 करोड़ रुपये लागत की कई विद्युत परियोजनाओं का लोकार्पण और आधारशिला भी रखेंगे।इनमें सुंदरगढ़ जिले में एनटीपीसी दरलीपाली सुपर थर्मल पावर स्टेशन की 800-800 मेगावाट क्षमता की दो यूनिट और एनएसपीसीएल राउरकेला पीपी-दो विस्तार परियोजना की 250 मेगावाट की एक यूनिट शामिल हैं। वह अंगुल जिले में एनटीपीसी तालचेर थर्मल पावर प्रोजेक्ट, स्टेज-तीन की 660-600 मेगावाट क्षमता की दो इकाइयों की आधारशिला भी रखेंगे।

## सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश सरकार के एक परिवार में एक व्यक्ति को पेंशन के फैसले के खिलाफ याचिका खारिज की



**नई दिल्ली,** 2 फरवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक परिवार में केवल एक व्यक्ति को पेंशन देने के आंध्र प्रदेश सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने विशेष अनुमति याचिका में उठाए गए मुद्दे को 'नीतिगत मामला' करार देते हुए कहा, 'आखिरकार, राज्य को अपनी भुगतान क्षमता पर ध्यान देना होगा। ऐसी कई समस्याएं हैं जिन पर राज्य को ध्यान देने की आवश्यकता है जैसे वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा, न्यूनतम वेतन आदि।' याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील ने दलील देते हुए कहा, 'हम विधवाओं को नज़रअंदाज़ नहीं कर सकते!' उन्होंने कहा कि यह फैसला राज्य भर में 40 लाख से अधिक विधवाओं को प्रभावित करता है। शीर्ष अदालत के समक्ष दायर विशेष अनुमति याचिका में तर्क दिया गया कि गरीब वरिष्ठ नागरिकों और संकटग्रस्त विधवाओं को पेंशन के उनके उचित अधिकारों से केवल इस आधार पर वंचित किया गया था कि वे किसी अन्य पेंशन धारक के साथ रह रही हैं। पंचायती राज और ग्रामीण विकास विभाग ने 2019 में एक परिवार में केवल एक व्यक्ति को पेंशन की नीति लागू की थी। अपनी याचिका में, याचिकाकर्ता थंडवा योगेश ने तर्क दिया कि समान निवास के आधार पर लगाया गया प्रतिबंध 2008 के असंगठित श्रमिकों के अधिकारों, सामाजिक सुरक्षा अधिनियम, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम दिशानिर्देश और मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा (यूडीएचआर) का अनुच्छेद 25 का उल्लंघन होने के अलावा संविधान के अनुच्छेद 14, 21, 39 (ए) और 39 (ई) और 41 का उल्लंघन है।

**कार्रवाई** *भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर पहली गाज झारखंड के मुख्यमंत्री हेंमंत सोरेन पर गिरी*

# हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद अभी चार मुख्यमंत्री हैं, ईडी की रडार पर

**नई दिल्ली, 3 फरवरी (देशबन्धु)। भ्रष्टाचार को लेकर केंद्र की मोदी का जीरो टालरेंस का दावा है। भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर पहली गाज झारखंड के मुख्यमंत्री हेंमंत सोरेन पर गिरी है और वे जेल पहुंच गए हैं। इसके अलावा चार अन्य राज्यों दिल्ली, केरल, तेंलगाना और आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री भी ईडी की रडार हैं। बतादें कि कथित शराब घोटाले को लेकर दिल्ली के मुखिया अरविंद केजरीवाल ईडी के घेरे में हैं।**

मामले में जांच को लेकर पूछताछ के लिए उन्हें अब तक ईडी की ओर 5 समन भेजा जा चुका है और वे अभी तक एक भी बार ईडी के सामने नहीं गए हैं। आशंका जताई जा रही है कि ईडी हेंमंत की तरह उन्हें भी देर-सबेर गिरफ्तार कर सकती है। वहीं केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन के खिलाफ भी ईडी मनी लांड्रिंग सामले की जांच कर रही है। विजयन के खिलाफ 1995 के एक मामले मामले में प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत जांच



चल रही है। आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री और वाईएसआर कांग्रेस के अध्यक्ष जगनमोहन रेड्डी भी काफी समय से ईडी की जद में हैं। उनके खिलाफ भारती सीमेंट्स के आर्थिक मामलों में घपले-घोटाले का आरोप है और ईडी इसकी जांच कर रही है। हालांकि यह जांच धीमी गति से चल रही है। इसके अलावा तेलंगाना के नए-नए कांग्रेसी मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी पर भी एक पुराने मामले को लेकर ईडी की जांच शुरू हो गई है। मामला 2015 का है, जब वे चंद्रबाबू नायडू की पार्टी टीडीपी में थे। उन पर आरोप है कि टीडीपी के तत्कालीन नेता रेवंत रेड्डी ने एमएलसी चुनावों में अपने पक्ष में वोट देने के लिए एक नामांकित विधायक को कथित तौर पर 50 लाख रुपए रिश्वत दिया था।

### कोई झारखंडी जेल जाने से डरता है क्या? यह कहने वाले हेमंत सोरेन ने जेल में ऐसे गुजारी पहली रात

रांची। कोई झारखंडी कभी जेल जाने से डरता है क्या ? 'हेमंत सोरेन ने यह बात पिछले दो वर्षों में कई बार कही थी। अब वह जेल की चारदीवारी के अंदर हैं। राज्य में सत्ता और सरकार को लेकर चल रहे तमाम उथल-पुथल के बावजूद वह खुद को सामान्य बनाए रखने की कोशिश कर रहे हैं। एक फरवरी को रांची स्थित पीएमएलए कोर्ट में पेशी के बाद शाम करीब पांच बजे वो रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल ले जाए गए। जेल के अफसरों ने उन्हें खुद अपर डिवीजन ब्लॉक बी के सेल नंबर एक पहुंचाया। उन्होंने जेल के अफसरों से कहा कि उन्हें किसी तरह की चिंता करने की जरूरत नहीं है। वे जेल के बाकी बंदियों की तरह सामान्य रूप से रहेंगे। जेल सूत्रों ने बताया कि सेल में पहुंचने के बाद शाम को उन्हें पहले स्नैक्स ऑफर किया गया, लेकिन उन्होंने अनिच्छा जताई। इसके बाद रात साढ़े आठ बजे उन्होंने रोटी, दूध और गोभी की सब्जी खाई। फिर वह थोड़ी देर तक टहलते रहे। जिस सेल में उन्हें रखा गया है, उसमें अटैच्ड बाथरूम और किचन भी है। हेमंत सोरेन रात करीब साढ़े बारह बजे बिस्तर पर गए। इसके पहले उनकी नजर राज्य में सरकार गठन को लेकर चल रहे घटनाक्रमों पर बनी हुई थी।

उल्टा पुल्टा

बेटा (अपनी मां से) : मम्मी, आज मेरे दोस्त घर आ रहे हैं। प्लीज मेरे सारे खिलौने आपकी अलमारी में छुपा दो। मम्मी : क्यों, क्या तुम्हारे सारे दोस्त चोर हैं? बेटा : नहीं, वे अपनी चीजें पहचान लेंगे!!

# कैपिटल ज़ोन

## प्रदर्शन में केजरीवाल बोले इनके पाप का घड़ा भर गया है



**नई दिल्ली,** 2 फरवरी (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के नेता चंडीगढ़ मेयर चुनाव में भाजपा की जीत को बेईमानी और धांधली बताते हुए शुक्रवार को दिल्ली की सड़कों पर विरोध प्रदर्शन करने उतरे। 'आप' संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने प्रदर्शन का नेतृत्व किया। हालांकि, भाजपा मुख्यालय पर प्रदर्शन होने की सूचना पहले से ही सुरक्षाकर्मियों को थी, इसलिए शुक्रवार सुबह से ही वहां सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी। कई चरणों में वहां पर बैरिकेड लगाए गए थे, जिस वजह से भाजपा मुख्यालय के करीब 'आप' नेता और कार्यकर्ता नहीं पहुंच सके।

इस दौरान केजरीवाल ने कहा कि 30 जनवरी को पहले चंडीगढ़ मेयर चुनाव में वोट चोरी किया गया। अब इसके खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने आ रही जनता को जगह जगह दिल्ली भर में रोका जा रहा है। मुद्दा यह नहीं है कि मेयर किसका बनना चाहिए, चुनाव में हार-जीत लगी रहती है। कभी वो जीतते हैं तो कभी हम जीतते हैं, लेकिन देश और जनतंत्र नहीं हारना चाहिए। देश और जनतंत्र जरूरी है।

उन्होंने कहा कि पार्टियां आती-जाती रहती हैं, नेता आते-जाते रहते हैं, मेयर आते-जाते रहते हैं। मुद्दा यह नहीं है कि आम आदमी पार्टी का मेयर बनना था, लेकिन नहीं बना। मुद्दा यह भी नहीं है कि इंडिया गठबंधन को चंडीगढ़ मेयर चुनाव में जीतना था और वो नहीं जीत सका। मुद्दा यह है कि इन लोगों ने सरेआम दिन-दहाड़े इतनी गुंडागर्दी और बेइमानी से चंडीगढ़ मेयर का चुनाव जीता है। अगर पूरे देश ने मिलकर इनकी गुंडागर्दी और बेइमानी को नहीं रोका तो यह पूरे देश के लिए बहुत खतरनाक है। इस दौरान पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने अपने संबोधन में कहा कि मेयर चुनाव में भाजपा ने वोट की डकैती की है। भाजपा लोकतंत्र की हत्या करना चाहती है। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया है कि उनके विधायक, पार्षदों, कार्यकर्ताओं को पार्टी ऑफिस पहुंचने से पुलिस ने रोक दिया। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान कार्यकर्ताओं को संबोधित कर भाजपा मुख्यालय की तरफ बढ़ने लगे तो भारी संख्या में तैनात पुलिस बल ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया।

मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दो साल पहले चंडीगढ़ नगर पालिका के चुनाव हुए थे। नगर पालिका में कुल 36 काउंसलर की सीटें हैं। उस चुनाव में 13 आम आदमी पार्टी, 7 कांग्रेस, 15 भाजपा और एक अकाली दल का काउंसलर है। अकाली दल का काउंसलर भाजपा के साथ है। इस तरह भाजपा के पास कुल 16 काउंसलर हैं। अभी तक कांग्रेस और आम आदमी पार्टी अलग-अलग चुनाव लड़ते थे। इसलिए पिछले दो साल से भाजपा का ही मेयर और डिप्टी मेयर बनता था। इस बार इंडिया गठबंधन के तहत कांग्रेस और आम आदमी पार्टी साथ आ गई। इस तरह इंडिया गठबंधन के 20 और भाजपा के 16 काउंसलर थे। चुनाव बिल्कुल सीधा था।

### प्रदर्शन करने पहुंचे आप नेताओं को पुलिस ने लिया हिरासत में

नई दिल्ली। चंडीगढ़ मेयर चुनाव में धांधली के आरोपों को लेकर आम आदमी पार्टी का दिल्ली भाजपा मुख्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन चल रहा है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान पार्टी ऑफिस पहुंच चुके हैं। दोनों नेता भाजपा दफ्तर के बाहर प्रदर्शन में शामिल हुए। वहीं प्रदर्शन में शामिल होने आ रहे कई 'आप' के विधायक व नेताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया है। दिल्ली सरकार से मिली जानकारी के अनुसार, धरने में शामिल होने जा रहे हरियाणा आम आदमी पार्टी अध्यक्ष सुशील गुप्ता को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने सुशील गुप्ता को दिल्ली में उनके घर से हिरासत में लिया। पुलिस के अनुसार दिल्ली पुलिस ने सिंघु बॉर्डर से अब तक 25 आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है। ये सभी पंजाब और हरियाणा के आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता हैं। पुलिस को शक है कि वे आज पार्टी के विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेने वाले थे। इसके अलावा कुछ अन्य कर्मियों को भी रोका गया है। पुलिस का कहना है कि जिन लोगों को बॉर्डर पर हिरासत में लिया गया है, उन्हें सत्यापन के बाद जाने की अनुमति दी जाएगी। बॉर्डर पर वाहनों की सघनता से जांच की जा रही है।

## अफोर्डेबल हाउसिंग टेंडर्स में पारदर्शी अपनाने का आग्रह

### दिल्ली में 16वें नारेडको नेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन



**नई दिल्ली,** 2 फरवरी (देशबन्धु)। आवास और शहरी मामलों के राज्य मंत्री किशोर ने शुक्रवार को निर्माण और रियल एस्टेट क्षेत्र से आवास और किफायती आवास परियोजनाओं के लिए निविदाओं के दौरान कीमतें कम नहीं करने का आग्रह किया। मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि उद्योग के कुछ लोग अक्सर मेगा हाउसिंग और किफायती हाउसिंग परियोजनाओं दोनों के लिए सरकारी अनुबंध हासिल करने के लिए इस कदाचार में शामिल होते हैं। हालांकि, यह प्रक्रिया आधी-अधूरी परियोजनाओं और अंत तक बढ़ती लागत जैसी समस्याओं को जन्म देती है। पारदर्शिता के साथ विश्वास को बढ़ावा- मार्ग 2047 विषय पर आयोजित 16वें नारेडको नेशनल कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन करते हुए किशोर ने बताया कि बिल्डर टेंडर प्रोसेस के दौरान वास्तविक राशि से लगभग 15 प्रतिशत कम बोली लगाते हैं। जैसे-जैसे पूरा होने वाला है, कीमतें बढ़ती हैं, जिससे उप-ठेकेदारी संबंधी समस्याएं पैदा होती हैं जो बिल्डरों और लाभार्थियों दोनों को प्रभावित करती हैं। यह सुनिश्चित करते हुए कि आवास परियोजनाएं, विशेष रूप से किफायती परियोजनाएं, बिना देरी के पूरी हो जाएं। वहीं, इस अवसर पर, आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के सचिव मनोज जोशी ने इस बात पर जोर दिया कि 2047 तक भारत के 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए शहरी नियोजन में महत्वपूर्ण सुधार आवश्यक हैं। उन्होंने नारेडको से सरकार के साथ मिलकर काम करने का आग्रह किया। उन्होंने नारेडको सदस्यों से इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आगे के रोडमैप के लिए महत्वपूर्ण इनपुट प्रदान करने का भी आह्वान किया। जोशी ने सुझाव दिया कि, जैसे इंडस्ट्री अक्सर कॉर्पोरेट और पूंजीगत लाभ कर में छूट चाहता है, नारेडको को रचनात्मक दृष्टिकोण के साथ शहरी नियोजन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए व्यावहारिक सुझाव देना चाहिए।

## सार संक्षेप

### जेआईसीए स्कूली बच्चों के साथ कैंसर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया

नई दिल्ली। जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी ने विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। गौरतलब है कि हर साल 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। यह वर्कशॉप जेआईसीए के अच्छी आदत अभियान के तहत आयोजित हुआ। इस अभियान का उद्देश्य बीमारी की रोकथाम में साफ सफाई के महत्व के बारे में लीगों को जागरूक करना और शिक्षित करना था। आगामी विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य 15 या उससे ज्यादा उम्र के बच्चों को बीमारी के बारे में जानकारी प्रदान करना था। पटपड़गंज के सर्वोदय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में 200 से ज्यादा छात्रों ने हिस्सा लिया। स्कूली बच्चों को कैंसर के बारे में प्रासंगिक जानकारी देने और उनकी जागरूकता बढ़ाने के लिए कई इंटरैक्टिव एक्टिविटीज आयोजित की गईं। वर्कशॉप के दौरान बच्चों को एक वीडियो दिखाया गया जिसमें कैंसर के सामाजिक प्रभाव के बारे में बताया गया। जेआईसीए प्रतिनिधियों और डॉक्टरों ने कैंसर को जल्दी पता लगाने के महत्व पर प्रकाश डाला।

### विश्व पुस्तक मेले में बच्चों के समग्र विकास पर रहेगा जोर

नई दिल्ली। आगामी 'नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले' को लेकर नेशनल बुक ट्रस्ट ऑफ इंडिया (एनबीटी) ने कहा कि इसमें बच्चों के लिए एक मंच तैयार किया जा रहा है। नेशनल बुक ट्रस्ट ने कहा, 'इसमें देश भर के प्रसिद्ध कहानीकार, कवि और लेखक शामिल होंगे, जो मनोरम और प्रेरणादायक कहानियों से युवा मन को जोड़ेंगे।' विश्व पुस्तक मेला 10 से 18 फरवरी तक प्रगति मैदान में आयोजित होने वाला है। एनबीटी ने कहा कि तकनीकी प्रगति के साथ-साथ, बच्चे कॉमिक्स और लघु उपन्यासों के साथ काल्पनिक कहानियों, पंचतंत्र की कहानियों, कल्पनाशील और लघु कथाओं, विज्ञान, नैतिक शिक्षा और रहस्यमय दुनिया की कहानियों सहित विभिन्न साहित्यिक शैलियों की खोज में उल्लेखनीय रुचि दिखा रहे हैं।

## दिल्ली नगर निगम ने अनधिकृत कॉलोनियों की आरएनपी की मंजूरी के संबंध में नागरिकों के सुझाव मांगे

**नई दिल्ली,** 2 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली में अनधिकृत कॉलोनियों के लिए सड़क नेटवर्क योजना आरएनपी की मंजूरी में तेजी लाने के प्रयास की दिशा में काम कर रहे दिल्ली नगर निगम ने एक अग्रणी पायलट परियोजना के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण डीडीए के साथ हाथ मिलाया है। इस परियोजना का उद्देश्य दक्षता बढ़ाने और रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन , भूमि मालिकों के समूहों और डेवलपर संस्थाओं डीई आदि की चिंताओं को संबोधित करने पर ध्यान देने के साथ आरएनपी के लेआउट के लिए आवेदन जमा करने और प्रसंस्करण को सुव्यवस्थित करना है। डीडीए द्वारा 8 मार्च 2022 को जारी की गई अधिसूचना के बाद यह संज्ञान में आया कि डीडीए द्वारा तैयार आवेदन प्रारूप के बावजूद डीडीए एवं दिल्ली नगर निगम को प्रस्ताव प्रस्तुत करने में आरडब्ल्यूए, भूमि मालिकों और डेवलपर संस्थाओं की भागीदारी में कमी रही है। इस दिशा में नए दृष्टिकोण की आवश्यकता को पहचानते हुए डीडीए ने स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर एसपीए के परामर्श से 03 कॉलोनियों के आरएनपी तैयार करने के लिए दिल्ली नगर निगम के साथ सहयोग किया है।

डीडीए ने इन आरएनपी को अग्रिम प्रक्रिया और अनुमोदन के लिए दिल्ली नगर निगम के पास भेज दिया है जोकि अनधिकृत कॉलोनियों के आरएनपी का निर्माण करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह आरएनपी दिल्ली नगर निगम के अधिकार क्षेत्र में आने वाली तीन अनधिकृत कॉलोनियों, खिड़की एक्सटेंशन मालवीय नगर, स्वरूप नगर एक्सटेंशन के डब्ल्यू.एक्स.वाई.जेड ब्लॉक भाग-II ईस्ट विलेज लिबासपुर और ईस्ट आजाद नगर के ले-आउट का प्रतिनिधित्व करते हैं जोकि वर्तमान में निगम की वेबसाइट पर सार्वजनिक प्रतिक्रिया और सुझावों के लिए उपलब्ध हैं। नागरिकों द्वारा आपत्ति,सुझाव दाखिल करने की अंतिम तिथि 24 फरवरी 2024 है।

दिल्ली नगर निगम आरडब्ल्यूए, भूमि मालिकों और निवासियों सहित सभी हितधारकों को प्रस्तावित आरएनपी की समीक्षा करने और 30 दिनों के भीतर ई-मेल के माध्यम से अपने सुझाव या आपत्तियां प्रदान करने के लिए निवेदन करता है।

## विकास का रोडमैप है अंतरिम बजट: रामदास मलिक

### महिला, युवा, गरीब और किसान पर विशेष फोकस



**नई दिल्ली,** 2 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के सह-संयोजक रामदास मलिक आरडी मलिक ने वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए अंतरिम बजट को देश के विकास का रोडमैप कहा है। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश जिस तरह विकास के पथ पर अग्रसर है, यह बजट उसकी तस्वीर पेश करता है। आरडी मलिक ने कहा कि बजट में महिला, गरीब, युवा और किसान पर फोकस किया गया है। मोदी सरकार के सबका साथ और सबका विश्वास इस बजट से साफतौर पर झलकता है। बजट में बताया गया है कि मुद्रा योजना के तहत देश में 10 साल में महिलाओं को 30 करोड़ का ऋण बांटा गया, एक करोड़ युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया, 80 करोड़ गरीब लोगों तक मुफ्त राशन पहुंचाया गया और फसल बीमा योजना से 4 करोड़ किसानों को लाभ पहुंचा।

उन्होंने कहा कि आयकर के दायरे में लोग स्वेच्छा से आ रहे हैं। आयकर रिटर्न भरने वालों की संख्या में ढाई गुना वृद्धि हुई है जो सरकार की सही नीयत और नीतियों का नतीजा है। भारत में विदेशी निवेश यानी एफडीआई भी दुगुना हो गया है। इसके अलावा सरकार ने जो उपलब्धियां हासिल की हैं, वे अद्वितीय हैं। देश में 3 हजार नए आईटीआई, 7 आईआईटी, 7 आईआईएम, 15 एम्स, 390 नई यूनिवर्सिटी, 149 एयरपोर्ट और 517 नए रूट सरकार की सफलता की कहानी ही कह रहे हैं। आरडी मलिक ने कहा कि यह तो अंतरिम बजट है और इसे तो सिर्फ एक बानगी ही माना जाना चाहिए। चुनावों में फिर से विजयी होकर जुलाई में जब मोदी जी की सरकार जब अपना पूर्ण बजट पेश करेगी तो विकास की इस गाथा को आगे बढ़ाया जाएगा।

## पीपीएल ने कानूनी लड़ाई में ऐतिहासिक जीत हासिल की

**नई दिल्ली,** 2 फरवरी (देशबन्धु)। अदालत ने कॉपीराइट सोसाइटी के रूप में पंजीकरण की आवश्यकता पर ज़ोर देते हुए म्यूज़िक लाइसेंसिंग के दिग्गजों फोनोग्राफिक परफोर्मेन्स लिमिटेड पीपीएल और नोवेक्स कम्युनिकेशन्सल प्रा. लिमिटेड नोवेक्स के द्वारा कॉपीराइट मालिकों के रूप में लाइसेंस जारी करने के अधिकारों को स्पष्ट रूप से बरक़रार रखा है। यह ऐतिहासिक फैसला साइउण्ड रिकॉर्डिंग लाइसेंस के लिए मालिक के अधिकारों के दायरे पर लम्बे समय से चल रही बहस को हल करता है। इस कानूनी लड़ाई में पीपीएल की जीत, न सिर्फ हमारी बल्कि पूरे संगीत उद्योग की जीत हैं। बॉम्बे हाई कोर्ट का फैसला कॉपीराइट मालिकों एवं एक्सक्लुज़िव लाइसेंसियों के अधिकारों पर ज़ोर देते हुए पीपीएल को उल्लंघन से सुरक्षा के टूल्स प्रदान करता है जो असली म्युज़िक लेबल्स पर मेहनत से कमाए गए निवेश को कमज़ोर बनाते हैं। जी.बी. अय्यर, एमडी एवं सीईओ, पीपीएल ने कहा की

यह जीत संगीत उद्योग को संचालित करने वाले रचनात्मक प्रयासों के सम्मान और संरक्षण के महत्व को रेखांकित करती है, साथ ही ऐसे भविष्य के निर्माण को बढ़ावा देती है जहां कॉपीराइट्स में निवेशकों, कलाकारों और उनकी रचनाओं को महत्व दिया जाएगा और सुरक्षित रखा जाएगा।

## डीपीएस आरके पुरम बम धमकी मामला: पुलिस ने कहा, कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला, जांच जारी

**नई दिल्ली**, 2 फरवरी (एजेंसियां)। राष्ट्रीय राजधानी के आरके पुरम इलाके में स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल को शुक्रवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इसके बाद तलाशी शुरू की गई। लेकिन, कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। अधिकारी ने बताया कि सुबह स्कूल प्रबंधन की ओर से बम की धमकी वाली कॉल आने के बाद स्कूल को तुरंत खाली कर दिया गया। बम का पता लगाने वाली टीम और खोजी कुत्तों के साथ तलाशी अभियान शुरू किया गया। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने कहा, बीडीटी द्वारा स्कूल और हॉस्टल की गहन तलाशी ली गई है। टीमों को कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। मामले की आगे की जांच जारी है।

## ज्ञानवापी : मुस्लिम पक्ष का दावा व्यास जी के तहखाने में पूजा का अधिकार गलत



**नई दिल्ली,** 2 फरवरी (देशबन्धु)। ज्ञानवापी परिसर में व्यास जी के तहखाने में पूजा का अधिकार मिलने के बाद मुस्लिम पक्ष ने कोर्ट पर बात न सुनने का आरोप लगाया है। साथ ही कहा है कि इस मामले में जल्द राष्ट्रपति से मुलाकात कर अपना पक्ष रखेंगे। शुक्रवार को दिल्ली के जमीअत उलमा ए हिन्द कार्यालय में मुस्लिम पक्ष की बैठक हुई।

बैठक के बाद ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी ने कहा कि कोर्ट में हमें अपनी बात तक रखने का मौका नहीं दिया गया। जिस तरह से तहखाने में पूजा शुरू करवा दी गई वह प्रशासन के कार्य पर सवाल उठाता है। अदालत ने प्रशासन को इस काम के लिए सात दिन का समय दिया था। उन्होंने कहा कि वाराणसी जिला न्यायाधीश के फैसला पर हैरानी है। यह फैसला गलत और निराधार है। तहखाने में कभी भी पूजा नहीं हुई थी, एक निराधार दावे को बुनियाद बनाकर जिला जज ने सेवा के अंतिम दिन आपत्तिजनक फैसला दिया। हिंदू पक्ष ने गलत तथ्यों का आधार बनकर मामले पेश किया जिससे समाज में माहौल खराब हो गया है। हालांकि अभी अदालत में न तो इस पर कोई बहस हुई है और न ही उस की पुष्टि। यह रिपोर्ट महज एक दावा है। समस्या केवल ज्ञानवापी मस्जिद तक सीमित नहीं है, बल्कि जिस तरह मथुरा की शाही ईदगाह, दिल्ली की सुनहरी और अन्य मस्जिदों से जुड़ा हुआ है। उनका कहना है कि यदि इसी तरह से सब चलता रहा तो देश में कही भी विवाद खड़ा होगा और इसमें मुस्लिम पक्ष की बात नहीं सुनी जाएगी।

#### कोर्ट से उठ जाएगा भरोसा

जमीयत उलमा ए हिन्द के अध्यक्ष मौलाना सय्यद अरशद मदनी ने कहा कि साल 1991 में एक कानून बना था। इसमें कहा गया था कि साल 1947 के बाद जो जहां हैं वैसा ही रहेगा। इसमें बाबरी मस्जिद को बाहर रखा गया।


**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम अट्टा गुजरान में उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 971/एस0टी0-एस0डी0एम0/2022 दिनांक 20.07.2022 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक स्व0 महरू पुत्र हरजस निवासी ग्राम अट्टा गुजरान परगना दनकौर, तहसील व जिला-गौतमबुद्धनगर के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग |
|---|---|---|---|---|---|
| अट्टा गुजरान | 506 | स्व0 महरू पुत्र हरजस निवासी ग्राम अट्टा गुजरान परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती शीला | पत्नी | 54 वर्ष |
| | | | श्री नरेश | पुत्र | 25 वर्ष |
| | | | श्री अभिषेक | पुत्र | 17 वर्ष |
| | | | श्रीमती कोमल | पुत्री विवाहित | 19 वर्ष |
| | | | श्रीमती कविता | पुत्री विवाहित | 33 वर्ष |
| | | | श्रीमती अनिता | पुत्री विवाहित | 31 वर्ष |
| | | | श्रीमती सविता | पुत्री विवाहित | 29 वर्ष |
| | | | श्रीमती कमलेश | पुत्री विवाहित | 27 वर्ष |

उपरोक्त परिवार सदस्यों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व अन्य अनुमन्य लाभ संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा। यदि उच्च स्तरीय जांच के कम मे प्रश्नगत भूमि पर कृषक का स्वत्व समाप्त होता है तो वारिसान को स्वतः निरस्त समझा जायेगा।
प्र0 तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण



**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम अट्टा गुजरान में उपजिलाधिकारी, सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 1173/एस0टी0-एस0डी0एम/2021, दिनांक 24.06.2021 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक स्व0 सोहन पुत्र तेज सिंह निवासी ग्राम अट्टा गुजरान, परगना दनकौर, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग |
|---|---|---|---|---|---|
| अट्टा गुजरान | 520 | स्व0 सोहन पुत्र तेज सिह निवासी ग्राम अट्टा गुजरान, परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्री राजू | पुत्र | 67 वर्ष |
| | | | श्री मदन | पुत्र | 65 वर्ष |
| | | | श्री राजवीर | पुत्र | 58 वर्ष |
| | | | श्री जग्गी | पुत्र | 52 वर्ष |
| | | | श्री सतपाल | पुत्र | 50 वर्ष |
| | | | श्रीमती धौला | पुत्री विवाहित | 49 वर्ष |
| | | | श्री पप्पू | पौत्र | 33 वर्ष |
| | | | श्री बीरेन्द्र | पौत्र | 31 वर्ष |
| | | | श्रीमती सीमा | पौत्री | 32 वर्ष |
| | | | श्रीमती गीता | पौत्री | 30 वर्ष |
| | | | श्रीमती सुमन | पुत्रवधू | 49 वर्ष |
| | | | श्री प्रिया | पौत्री | 20 वर्ष |
| | | | श्री अजय | पौत्री | 16 वर्ष |
| | | | शिवारी | पौत्री | 18 वर्ष |
| | | | अंशु | पौत्र | 15 वर्ष |
| | | | श्रीमती पूनम | पुत्रवधू | 48 वर्ष |

उपरोक्त परिवार सदस्यों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व अन्य अनुमन्य लाभ संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा। यदि उच्च स्तरीय जांच के कम मे प्रश्नगत भूमि पर कृषक का स्वत्व समाप्त होता है तो वारिसान को स्वतः निरस्त समझा जायेगा।
प्र0 तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण



**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**निविदा आमंत्रण सूचना**

| | |
|---|---|
| **कार्य का नाम और इसकी स्थितिः** 30-Elect-49-T-2023-24-E3 पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार रेल भवन, एनआरएम और मोती बाग में स्थापित मौजूदा डीजी सेटों में ईंधन तंत्र प्रणाली के रूपांतरण के संबंध में विद्युत कार्य। | |
| **निविदा की अनुमानित लागतः** रु. 107.54 लाख | |
| **कार्यालय का पताः** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड़, नई दिल्ली | |
| **बयाना राशिः** रु. 2,03,800.00 | |
| **निविदा निवेदन की दिनांक व समयः** 28.02.2024, 12:00 बजे | |
| **निविदा खोलने की दिनांक व समयः** 28.02.2024, 12:00 बजे | |
| **वेबसाइट व नोटिस बोर्डः** www.ireps.gov.in /वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, नई दिल्ली | |

362/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण**
विकास पथ, गाज़ियाबाद
(I.S.O. 9001:2015 एवं I.S.O. 14001:2015 प्रमाणित संस्था)

पत्रांकः 619/4/पी0ए0-टी0/2023-24 दिनांकः 01.02.2024

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की ओर से विभिन्न 13 कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण व शर्तें गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की वेबसाईट **www.gdaghaziabad.in** पर उपलब्ध हैं एवं UPLC की वेबसाईट **https://etender.up.nic.in** पर निविदा विक्रय की तिथि में उपलब्ध होंगी। सम्बन्धित निविदाओं को ई-निविदा आमंत्रण सूचना में उनके सम्मुख दर्शायी गयी तिथियों पर डाउनलोड व अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई-निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गयी तिथियों पर खोला जायेगा। निविदा में कोई भी संशोधन/परिमार्जन/परिवर्तन व अतिरिक्त सूचनाओं को वेबसाईट पर ही प्रकाशित किया जायेगा।

**प्रभारी मुख्य अभियन्ता**

**ई-मेल : helplinegda@gmail.com, : @Gda Ghaziabad, : gdagzb**
हेल्पलाईन नं0: 0120-4418384, व्हाट्सएप: 9990988004, वेबसाईट: www.gdaghaziabad.in

एक सुन्दर शहर........हमारा संकल्प



**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**ई-निविदा (ई-प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई-निविदा आमंत्रण।

| | |
|---|---|
| 1. | **कार्य का नामः** एडीईएन/डीएलआई के तहत एसएसई/डब्ल्यू/एल/डीएलआई के अनुभाग में दक्षिण लाइन के साथ डीएलआई-डीएसए मार्ग पर किमी 3/13 से 2/33 के बीच टो वॉल की मरम्मत और सेस की मरम्मत। |
| 2. | **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये):** रु. 99,99,425.07/- (मात्र निन्यानवे लाख निन्यानवे हजार चार सौ पच्चीस रुपये सात पैसे) |
| 3. | **बयाना राशि (रुपये):** रु. 2,00,000/- (दो लाख रुपये) |
| 4. | **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये):** रु. 0.00/- |
| 5. | **निविदा बोली प्रस्तुत करने और खोलने की तिथि और समयः** 27.02.2024 को 15:00 बजे तक |
| 6. | **वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है:** निविदा **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 7. | **आवंटनः** 04-400-32 |

- ठेकेदारों को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी।
- निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

**सं: 128-W/280/ ई-निविदा सूचना/81/2023-24/W-3 दिनांक: 02.02.2024** 353/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना के तहत स्टॉल स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं।**

क) **स्टॉलः** दिल्ली कैंट, मेरठ सिटी, मेरठ कैंट स्टेशन पर।
ख) **ट्राली** : ट्राली बड़ौत, बल्लभगढ़ फरीदाबाद न्यू टाउन, नांगलोई, नोली, नरेला, तुगलकाबाद, पालम, दिल्ली किशन गंज, दिल्ली सफदरजंग, खतौली, खेकड़ा सांपला, बागपत रोड, जुलाना, सकौती टांडा, दिल्ली सराय रोहिल्ला, मोदीनगर और शकूरबस्ती स्टेशनों पर।

- मेरठ कैंट स्टेशन पर स्टॉल स्थापित करने की अवधि प्रति चरण में 90 दिन होगी।
- उपरोक्त (ख) समूह के अंतर्गत दिए गए स्टेशनों पर ट्राली स्थापित करने की अवधि 30 दिन होगी।
- NSG 1,2 और 3 स्टेशनों पर रजिस्ट्रेशन शुल्क 2000 रु. की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा और NSG 4 (बड़ौत, बल्लभगढ़, फरीदाबाद न्यू टाऊन नोली, नरेला, तुगलकाबाद, पालम, मोदीनगर और शकूरबस्ती), NSG 5 (दिल्ली किशन गंज, दिल्ली सफदरजंग, खतौली, जुलाना, सांपला, खेकड़ा, बागपत रोड और दिल्ली सफदरजंग) & NSG 6 (सकौती टांडा) स्टेशनों के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 1000 रु. की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा।
- प्रतिभागी के लिए पात्रता मानदंड निम्नलिखित है:-

क) विकास आयुक्त हस्तशिल्प, विकास आयुक्त हथकरघा, या अपेक्षित राज्य/केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगरों/बुनकर आईडी कार्ड धारक।
ख) भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड)/राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी)/खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी)/गैर सरकारी संगठन और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर सूक्ष्म उद्यमों के साथ पंजीकृत और सामाजिक संगठनों, राज्य सरकार के साथ निकायों आदि के साथ नामांकित/पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार।
ग) पीएमईजीपी (प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह।
घ) समाज के हाशिए पर या कमजोर वर्ग।
ड़.) किसी भी अलग प्रतीक चिन्ह की अनुमति प्रदान नही की जाएगी।

- आवेदक को स्टेशन अधीक्षक को एक वचन पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें यह संकेत दिया जाएगा कि ट्रेन संचालन, यात्री सुरक्षा और रेलवे की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के लिए कोई गतिविधि नहीं की जाएगी।
- आवेदक द्वारा का आवेदन इस अधिसूचना के जारी होने के बाद 08.02.2024, 15:00 बजे तक स्टेशन अधीक्षक को संबोधित व जमा किया जा सकता है व उसी दिन खोला जाएगा।
- सभी अनुमोदित प्रतिभागियों का प्राथमिकता रोस्टर बनाने के लिए एसएस और स्टेशन प्रबंधक/अनुभागीय सीएमआई और नामांकित वित्त प्रतिनिधि द्वारा सभी अनुमोदित आवेदकों की उपस्थिति में स्टेशन पर आयोजित ड्रा के माध्यम से प्राथमिकता निर्धारित की जाएगी।
- एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना रेलवे बोर्ड वाणिज्यिक परिपत्र संख्याः 12/2022 एवं 09/2023 के तहत/अधीन मान्य होगी, उपरोक्त परिपत्र वेबसाइट www.indianrailways.gov.in & URL: https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2022/OSOP%20Policy.pdf और https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2023/CC%20%2009%20of%202023. पर उपलब्ध है।
- इस से सम्बंधित किसी भी जानकारी के लिए आवेदक संबंधित स्टेशनों के स्टेशन अधीक्षक या सीएमआई से संपर्क कर सकता है। 358/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

"बहुत पीड़ा सहन कर ली है। अब आर पार की लड़ाई हो जानी चाहिए। अपनी तरफ से कोई कमी नहीं करेंगे। ठोस कदम उठाया जाएगा। यहां से लेकर एनटीपीसी और ग्रेटर नोएडा तक पीड़ित है। यहां जो होगा स्पष्ट होगा। पंचायत से पहले किसानों ने पुलिस पर आरोप लगाया कि उनकी बसों को गांव में ही रोका जा रहा है।

सुखवीर खलीफा

# 75 प्रतिशत काम पूरा अब इमारत बनी एलिवेटेड के बीच बाधा

**नोएडा,** 2 फरवरी (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण की महत्वाकांक्षी परियोजना भंगेल एलिवेटेड का एक हिस्सा मार्च में खोलने की योजना थी। इसको शुरू करने में अब और समय लगेगा। इसकी वजह एलिवेटेड के एलाइमेंट में दो इमारत बाधा डाल रही है।



**■ ध्वस्तीकरण या डिजाइन में बदलाव ही विकल्प, 568 करोड़ का प्रोजेक्ट, मार्च में नहीं होगा शुरू**

इसमें एक दुकान और एक मकान है। प्राधिकरण के पास दो विकल्प है। पहला या तो दोनों इमारतों को ध्वस्त करे या अपना डिजाइन में बदलाव करे। हालांकि प्राधिकरण अधिकारियों ने अभी तय नहीं किया है। हालांकि, अधिकारियों का कहना है कि रैंप में बदलाव करना संभव नहीं हो सकता है, क्योंकि एलिवेटेड रोड का एलाइनमेंट मौजूदा सड़क के अनुरूप है, जिससे रैंप को स्थानांतरित करने के लिए कोई जगह नहीं बचती है। एक सहालकार कंपनी प्राधिकरण को काफी इनपुट दे रही है। नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी लोकेश एम ने बताया कि हमने अभी तक इस मामले पर कोई फैसला नहीं लिया है। इन इमारतों का निर्माण भंगेल एलिवेटेड के निर्माण से पहले किया गया या इस बीच। हम एलिवेटेड के उस हिस्से का निर्माण करने से पहले कोई सटीक नतीजे पर पहुंचेंगे। जिससे निर्माण कार्य को पूरा किया जा सके। अब तक निर्माण एजेंसी यूपी स्टेट ब्रिज कारपोरेशन लिमिटेड ने एलिवेटेड का 75 फीसदी निर्माण कार्य पूरा कर लिया है। इस बीच मार्च तक एलिवेटेड रोड का एक तरफ का हिस्सा तैयार नहीं हो पाएगा। पिछले साल अक्टूबर में प्राधिकरण ने ब्रिज कारपोरेशन को आगाहपुर से भंगेल तक एलिवेटेड रोड के बाएं हिस्से को पूरा करने और इसे जनता के लिए खोलने का निर्देश दिया था। अब निर्माण एजेंसी इस काम को जून तक पूरा करने का प्रयास करेगी। साइट पर कर्मचारियों की संख्या बढ़ाकर 250 कर दी गई है। फिलहाल उस हिस्से को छोड़कर बाकी स्थानों पर काम सुचारू रूप से चल रहा है।

**568 करोड़ का प्रोजेक्ट है भंगेल एलिवेटड, सलाहकार कंपनी बता रही समस्या**

भंगेल एलिवेटेड का निर्माण ब्रिज कारपोरेशन कर रहा है। हाल ही में ब्रिज कारपोरेशन ने आर्थिक संकट बताते हुए एलिवेटेड का निर्माण काम बंद करने के कह दिया था। जिसके बाद प्राधिकरण ने 75 करोड़ रुपए के बिल का भुगतान कर दिया। इस परियोजना में अब तक करीब 400 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके है। सीईओ ने बताया कि उन्होंने परियोजना की निगरानी करने और साप्ताहिक रिपोर्ट सौंपने के लिए एक सलाहकार को नियुक्त किया है। सलाहकार कंपनी निर्माण प्रगति में बाधा डालने वाले भूमिगत केबल, बिजली के खंभे और सीवेज लाइनों से संबंधित कई मुद्दों की जानकारी दे रहा है। जिसे हम तेजी से हल कर रहे हैं। परिणाम काफी सकारात्मक रहा है। यह एलिवेटेड छह लेन की 5.5 किमी लंबी है। ये एलिवेटेड दादरी-सूरजपुर-छलेरा (डीएससी) सड़क पर अगाहपुर से एनएसईजेड के बीच बनाई जा रही है। एक बार पूरा होने के बाद वाहन चालकों को छलेरा, बरौला और भंगेल बाजारों से होकर नहीं गुजरना पड़ेगा। यह परियोजना जून 2020 में शुरू हुई थी और दिसंबर 2022 तक तैयार होनी थी।

# बिल्डरों को जारी होगा लास्ट अल्टीमेटम नोटिस

**नोएडा,** 2 फरवरी (देशबन्धु)। अमिताभ कांत की सिफारिश लागू होने के बाद बिल्डरों को राहत दी जा रही है। कोविड के दो साल के समयावधि को जीरो पीरियड मानते हुए बिल्डरों के बकाए में 21 प्रतिशत तक की कटौती कर दी गई। अब उनको कुल बकाया का 25 प्रतिशत जमा करना है। इसके बाद उनको केस टू केस के आधार पर एनजीटी के जीरो पीरियड का लाभ दिया जाएगा। ऐसे करीब 57 बिल्डर है जिन पर जीरो पीरियड का लाभ देने के बाद उन पर महज 5500 करोड़ का बकाया बचा है।

इस सिफारिश के लागू होने और प्राधिकरण के शीर्ष अधिकारियों की ओर से लगातार बैठक के बाद भी महज 13 बिल्डरों ने अपनी सहमति दी है। जबकि सभी बिल्डरों को बुलाकर उनका बकाया और लाभ के बारे में वन टू वन जानकारी दी जा चुकी है। प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी लोकेश एम ने बताया कि अब बिल्डरों को एक लास्ट अल्टीमेटम नोटिस जारी किया जा रहा है। नोटिस के माध्यम से हम डेवलपर्स से एक सप्ताह के भीतर अपने फैसले के बारे में सूचित करने के लिए कहेंगे।

यह कभी न खत्म होने वाली प्रक्रिया नहीं हो सकती। पिछले महीने में इतनी सारी बैठकें की। इसके बाद भी हम उनके जवाबों का इंतजार करते रहते हैं। जो लोग इस योजना के अंतर्गत नहीं आएंगे, उनके खिलाफ प्राधिकरण के नियमों और विनियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्हें पूरा बकाया चुकाना होगा। प्राधिकरण वसूली प्रमाणपत्र जारी करने और उनकी संपत्तियों को सील करने जैसी कार्रवाई करेगा। उन्हें ओसी और सीसी भी जारी नहीं किया जाएगा।

**■ एक सप्ताह में बताए योजना के तहत बकाया जमा करना है या नहीं, फिर होगा प्राधिकरण का एक्शन**

अधिकारियों ने बताया कि 57 परियोजनाओं के बिल्डरों पर करीब 7800 हजार करोड़ रुपए बकाया हैं। शासनादेश के तहत इन परियोजनाओं को 1 अप्रैल 2020 से 31 मार्च 2022 तक जीरो पीरियड का फायदा दिया जा रहा है। ऐसे में जीरो पीरियड के तहत इन परियोजनाओं पर बकाए की राशि 1500-1600 करोड़ रुपए कम हो गई। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि जनवरी में अलग-अलग समूह में 57 परियोजनाओं के बिल्डरों को बुलाकर उन्हें बकाए की जानकारी दी गई। शासनादेश के तहत सहमति होने के बाद 60 दिन के अंदर कुल बकाए में से 25 प्रतिशत धनराशि बिल्डरों को जमा करनी होगी। जो बिल्डर तय समय में 25 प्रतिशत धनराशि जमा करेंगे उनको ही 2 साल के जीरो पीरियड का लाभ दिया जाएगा। बिल्डरों पर बकाए की गणना के अलावा प्राधिकरण ने मौके पर ग्रुप हाउसिंग विभाग के जरिए सर्वे भी शुरू करवा दिया है। सर्वे में देखा जा रहा है कि मौके पर परियोजना की स्थिति क्या है। कितने फ्लैट बनकर रजिस्ट्री और कब्जा देने के लिए तैयार हैं, कितनी परियोजना में निर्माण को अतिरिक्त समय देने की जरूरत है। यह मिलान पास हुए नक्शे से किया जाएगा। किस परियोजना को निर्माण के लिए अतिरिक्त समय दिया जाए, इसके लिए प्राधिकरण परियोजना का केस टू केस परीक्षण करेगा।

**इस सप्ताह आ सकते है 30 बिल्डर**

बता दे सिफारिश लागू होने के बाद जिन 13 बिल्डरों ने सहमति दी उनका बकाया काफी कम है। बड़े बकायदारों ने अब भी प्राधिकरण से दूरी बना रखी है। इसलिए प्राधिकरण अब इन पर सख्ती बरतने जा रहा है। प्राधिकरण ने ये भी दावा किया इस सप्ताह करीब 30 बिल्डर सहमति के बाद 25 प्रतिशत पैसा जमा कर सकते है जिससे करीब 2500 के आसपास रजिस्ट्री शुरू हो सकती है।

## सार संक्षेप

### जनपद में स्वास्थ्य विभाग ने देखा माइक्रोसाइट लॉन्च का कार्यक्रम

**बुलंदशहर।** डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को व्यापक रूप से अपनाने में तेज़ी लाने और स्वास्थ्य संबंधी देखभाल को आम लोगों के लिए अधिक सुलभ एवं समावेशी बनाने के उद्देश्य से आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम), उप्र ने 'माइक्रोसाइट्स' की शुरुआत की है। शुक्रवार को जनपद मथुरा में प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण की अध्यक्षता में 'माइक्रोसाइट' लांच किया है। जनपद में जिसका लाइव प्रसारण देखा गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विनय कुमार सिंह ने बताया कि निजी क्षेत्र के प्रदाताओं में जागरूकता बढ़ाने और मरीजों एवं सेवा प्रदाताओं के विभिन्न लाभों को प्रदर्शित करने के लिए 'माइक्रोसाइट्स' को लॉन्च किया गया है। कार्यक्रम में जनपद बुलंदशहर, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, मेरठ, आगरा अलीगढ़, बिजनौर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, रामपुर, सहारनपुर एवं फर्रुखाबाद के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

### गोदान फिल्म शीर्षक गीत की रिकॉर्डिंग

**नोएडा।** साउंडिडेज स्टूडियो पूरी हो हुई बहुप्रतीक्षित फीचर फिल्म 'गोदान' इस अवसर पर जिसमें जाने-माने निर्माता संदीप मारवाह और विनोद के . चौधरी व निर्देशक अशोक त्यागी मौजूद रहे। इस गाने को मशहूर गायक शान ने गाया है फिल्म का संगीत ह्रीजू रॉय ने दिया था। इस कार्यक्रम में जयानंद कुमार (राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य स्वयंसेवक संघ), बाला साहेब चौधरी करवा (क्षेत्र संघ निदेशक, पश्चिमी उप्र), महेश गुप्ता (अध्यक्ष, कामधेनु गौ अनुसंधान केंद्र, मथुरा), हरिशंकर सहित प्रमुख हस्तियों की ऑनलाइन उपस्थिति देखी गई। (कामधेनु अनुसंधान केंद्र, मथुरा), महेंद्र भाई साहब (क्षेत्र प्रचारक, पश्चिम), उत्तर प्रदेश/उत्तराखंड और विभिन्न संघ समितियों के कार्यकर्ताओं और अधिकारियों के साथ, ऐतिहासिक रिकॉर्डिंग देखने के लिए जूम के माध्यम से जुड़े। महान लेखक मुंशी प्रेमचंद की कालजयी कथा पर आधारित, गोदान का निर्देशन फिल्म निर्देशक अशोक त्यागी कर रहे है, सिनेमैटोग्राफर बिनोद प्रधान, एक्शन डायरेक्टर बब्बू खन्ना, साउंड उस्ताद अनूप देव और संगीतकार रिजु रॉय शामिल हैं।




### नाले में गिरने से युवक की मौत

**नोएडा।** नोएडा के सलारपुर के पास नाले में शुक्रवार को एक युवक गिर गया। नाले में डूबने से उसकी मौत हो गई। गोताखोर की मदद से शव को बाहर निकाला गया। इसकी पहचान विजय पुत्र गोपी हुई है। बताया गया कि वह एक निजी कंपनी में काम करता था। पुलिस का कहना है युवक को अक्सर मिर्गी के दौरे पड़ते थे। आज भी कुछ ऐसा ही हुआ जिसके चलते वो नाले में गिर गया। हालांकि प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो युवक ने नाले में छलांग लगाई। ये देखकर ही वहां मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने गोताखोर की मदद से व्यक्ति के शव को बाहर निकाला। काफी देर तक पहचान नहीं होने के बाद सभी थाना क्षेत्र में इसकी फोटो भेजी गई। जिसके बाद मृतक की पहचान हो सकी।

# एमिटी यूनिवर्सिटी के आसपास से हटाया अवैध बाजार

**नोएडा,** 2 फरवरी (देशबन्धु)। नोएडा में सेक्टर-126 स्थित एमिटी यूनिर्वसिटी के आसपास आए दिन झगड़े होने की सूचना मिल रही थी। इसकी बड़ी वजह यहां अवैध वेंडर का जमावड़ा का होना था। ऐसे करीब 30 से ज्यादा दुकानों को यहां से हटाया गया। एसीपी रजनीश वर्मा की अगुआई में टीम ने जेसीबी की मदद से यहां बने अवैध वेंडर बाजार को पूरी तरह से साफ किया। साथ ही दुकान व खोखों को जब्त किया।

**■ 30 दुकानों को जेसीबी के मदद हटाया गया, खोखा और टैंट को किया जब्त, पुलिस ने दुकानदारों को दी वार्निंग**



एसीपी ने अतिक्रमण करने वाले सभी लोगों को कड़ी चेतावनी देते हुए बताया गया कि यदि किसी दुकानदार या वेंडर द्वारा भविष्य में सड़क पर अवैध अतिक्रमण किया गया तो उसके विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जायेगी। दरअसल नोएडा प्राधिकरण की ओर से नोएडा में वेंडिग जोन बनाए गए है। वेंडिंग जोन में ही दुकान लगाई जा सकती है। इसके अलावा कहीं ओर वेंडर दुकान लगाता है तो पूरी तरह से अतिक्रमण के दायरे में है।

यहां दुकान दारों ने सड़क और फुटपाथ पर कब्जा कर लिया था। जिन पर छोटी दुकान और स्टॉल लगा रखी थी। इन्ही स्थानों पर आए दिन झगड़े होते थे। इसलिए पुलिस ने इन वेंडरों को यहां से हटाया। इसके अलावा प्राधिकरण की ओर से लगातार सेक्टर और प्रमुख बाजारों आसपास लगाए जा रहे अवैध दुकानों को हटाने का काम जारी है। वहीं कई गांवों में भी अवैध निर्माण पर कार्यवाही भी की जा रही है।

# किसानो ने महापंचायत में लिया फैसला 8 फरवरी को ट्रैक्टर और पैदल जाएंगे दिल्ली

**नोएडा,** 2 फरवरी (देशबन्धु)। अपनी मांगों को लेकर 53 दिन से धरने पर बैठे किसानों ने शुक्रवार को नोएडा प्राधिकरण के बाहर महापंचायत की। इसमें दादरी के 24 गांव और नोएडा प्राधिकरण के 81 गांव शामिल हुए। किसानों ने महापंचायत में फैसला किया वो 8 फरवरी को ट्रैक्टर और पैदल मार्च करते हुए दिल्ली जाएंगे। वहां धरना देंगे। एनटीपीसी के सीएमडी का घेराव भी करेंगे। यदि किसी ने रोका तो चिल्ला बार्डर यानी नोएडा दिल्ली बार्डर को सील कर दिया जाएगा। किसी प्रकार की कोई आवाजाही नहीं होने दी जाएगी। इस फैसले पर पंचों ने मुहर लगा दी है।

**■ किसी ने रोका तो चिल्ला बार्डर कर देंगे सील**

सुखवीर खलीफा ने कहा कि बहुत पीड़ा सहन कर ली है। अब आर पार की लड़ाई हो जानी चाहिए। अपनी तरफ से कोई कमी नहीं करेंगे। ठोस कदम उठाया जाएगा। यहां से लेकर एनटीपीसी और ग्रेटर नोएडा तक पीड़ित है। यहां जो होगा स्पष्ट होगा। पंचायत से पहले किसानों ने पुलिस पर आरोप लगाया कि उनकी बसों को गांव में ही रोका जा रहा है। सुखवीर खलीफा ने कहा कि हम व्यवस्था बनाने आए हैं। आप इस तरह रोकेंगे तो गलत है। इसके बाद किसान और पुलिस प्रशासन ने आपस में बातचीत की और महापंचायत शुरू की गई। इस महापंचायत में सीटू और ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण के किसानों के अलावा सपा के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

**क्या है विवाद, जिसके कारण 2019 में शुरू हुआ आंदोलन**

नोएडा प्राधिकरण ने भू अर्जन अधिनियम 1984 में वर्णित प्रावधान के मुताबिक 16 गांव की 19 अधिसूचनाएं को एक किसान की ओर से हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। इस चुनौती पर उच्च न्यायालय ने किसानों को 64.70 प्रतिशत की दर से मुआवजा और 10 प्रतिशत आबादी भूखंड देने का आदेश 21 अक्टूबर 2011 को दिया गया। इस आदेश में ऐसे किसान जिनकी याचिका खारिज कर दी गई या जो न्यायालय नहीं गए उनका निर्णय प्राधिकरण को लेने का निर्देश दिया गया। न्यायालय के आदेश के बाद प्राधिकरण ने 191वीं बोर्ड बैठक में निर्णय लिया कि 10 प्रतिशत विकसित आबादी भूखंड (जिन्हें पूर्व में 5 प्रतिशत विकसित आबादी भूखंड मिल चुका है उन्हें अतिरिक्त 5 प्रतिशत भूखंड) या इसके क्षेत्रफल के समतुल्य मुआवजा सिर्फ उन्हीं किसानों को दिया जाएगा जो उच्च न्यायालय के आदेश 21 अक्टूबर 2011 में शामिल हुए थे।



प्राधिकरण ने माना कि ऐसे किसान जिन्होंने न्यायालय में अधिसूचना को चुनौती दी लेकिन उनकी याचिका को निरस्त कर दिया गया और ऐसे किसान जिन्होंने अधिसूचना को चुनौती ही नहीं दी। वे पात्र नहीं है।

**किसान की मांग व प्राधिकरण के तथ्य**

किसानों की मांग है कि 1997 से 2014 के सभी किसान जो कोर्ट गए या नहीं सभी को 64.7 प्रतिशत की दर से मुआवजा और 10 प्रतिशत विकसित जमीन दी जाए। इस पर प्राधिकरण ने बताया कि न्यायालय के 21 अक्टूबर 2011 के आदेश के तहत 30 मार्च 2002 से 31 मार्च 2014 की अवधि में के दौरान हस्ताक्षरित हुई भूमि के सापेक्ष 64.70 प्रतिशत की दर से मुआवजा दिया जा चुका है। नियमानुसार जो किसान कोर्ट गए सिर्फ उन्हीं को 10 प्रतिशत विकसित भूमि (5 प्रतिशत विकसित भूमि मिल चुकी है और 5 प्रतिशत दी जानी थी) के समतुल्य पैसा दिया जा चुका है। ऐसा करीब 900 करोड़ रुपए दिया गया। जो किसान न्यायालय नहीं गए उन्होंने प्राधिकरण के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। इसके बाद भी धरना प्रदर्शन को देखते हुए उनकी मांगों को बोर्ड में रखते हुए शासन को भेजा गया। कई बार रिमाइंडर भी जारी किया गया। 1997 से लेकर 2014 तक सैकड़ों किसान हैं। यदि इनको भूमि के समतुल्य पैसा दिया गया तो ये करीब 6 से 7 हजार करोड़ का अतिरिक्त भार होगा। लिहाजा इसमें शासन से ही निर्णय हो सकता है।

विनियमितीकरण की 450 वर्गमीटर सीमा को बढ़ाकर 1000 प्रति वर्गमीटर किया जाए। प्राधिकरण ने बताया कि आबादी विनियमावली 2011 के तहत नोएडा प्राधिकरण 5 प्रतिशत भूखंड के लिए 450 वर्गमीटर से ज्यादा का आवंटन नहीं कर सकता। नियमावली में संशोधन का प्रस्ताव तो हम दे सकते हैं लेकिन संशोधन या लॉ में बदलाव शासन स्तर पर हो सकता है। जिसमें समय लगता है।

# विजय नगर जोन में अतिक्रमण पर चला निगम का बुलडोजर

**गाजियाबाद,** 2 फरवरी (देशबन्धु)। नगर निगम ने विजयनगर जोन में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने कहा कि पांचो जोन में यदि अवैध पार्क का निर्माण पाया जाएगा तो उसे पर जांच करते हुए तत्काल कार्रवाई की जाएगी।




नगर आयुक्त ने बताया कि वसुंधरा जोन के अंतर्गत रामपुरी, विजयनगर जोन के अंतर्गत सेक्टर 9 व सेक्टर 11, मोहन नगर जोन के अंतर्गत राजेंद्र नगर व अर्थला, सिटी जोन के अंतर्गत नंदग्राम तथा पटेल नगर, कवि नगर के अंतर्गत चिरंजीव विहार की प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही की जाएगी। इसी प्रकार अवैध रूप से बढ़े हुए रैम्प, अवैध रूप से लगे हुए सोसाइटियों के गेट, अवैध रूप से सरकारी जमीन पर की हुई बाउंड्री, अन्य प्रकार की पक्के निर्माण अवैध अतिक्रमण को अभियान के रूप में हटाने के निर्देश दिए गए हैं।

उद्यान विभाग को भी नगर आयुक्त द्वारा ग्रीन बेल्ट, पार्क, सेंट्रल वर्ज पर यदि अवैध अतिक्रमण है तो उसको हटाने के लिए भी कहा गया है। विजयनगर के जोनल प्रभारी विवेक त्रिपाठी ने बताया कि विजयनगर जोन के अंतर्गत, वार्ड संख्या 15 चरण सिंह कॉलोनी के ग्रीन बेल्ट व नाले पर हुए अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। जिसमें बुलडोजर से नाले के ऊपर से अवैध अतिक्रमण हटाया गया, साथ ही जिनके द्वारा अवैध अतिक्रमण कर नाले को पाठ दिया गया था उन दुकानदारों को अवैध अतिक्रमण न करने की हिदायत दी गई।

# नगर निगम की होगी स्मार्ट वर्किंग, जोनल प्रभारियो को दिए लैपटॉप

**गाजियाबाद,** 2 फरवरी (देशबन्धु)। गाजियाबाद नगर निगम की वर्किंग को और स्मार्ट करने के लिए निगम प्रशासन ने शुक्रवार को एक और कदम आगे बढ़ा दिया। आज आज नगर निगम के जोनल प्रभारी को नगर निगम की ओर से लैपटॉप दिए गए ताकि वह अपने कार्य को स्मार्ट तरीके से कर सकें। उधर नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने कहा है कि नगर निगम को बहुत जल्द पूरी तरह से हाईटेक बनाया जाएगा जनरल प्रभारी हो को लैपटॉप उपलब्ध कराना एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी संजीव सिन्हा ने समस्त जोन में जोनल प्रभारी को लैपटॉप वितरित किये। उन्होंने कार्यों में स्मार्ट वर्किंग करने के लिए भी कहा गया है।

**■ नगर निगम को पूरी तरह से हाईटेक बनाया जाएगा : नगर आयुक्त**



इंदौर से लौट नगर आयुक्त गाजियाबाद को हाईटेक बनाने के लिए समस्त विभाग के अधिकारियों से बैठक भी की गई। साथ ही प्लानिंग भी कर रहे हैं किस प्रकार उच्च तकनीकी का इस्तेमाल करते हुए गाजियाबाद नगर निगम टीम को प्रशिक्षण देते हुए शहर हित में बेहतर कार्य किया जाए। दैनिक कार्यों में निगम अधिकारियों द्वारा वर्चुअल बैठक, चल रही अभियानों की रिपोर्ट, व कार्य प्रणाली को सरल और तेज बनाने का निर्णय लिया गया है। जिसमें जोन की टीम के कार्यों के लिए लैपटॉप दिये गए, समय रहते, अन्य विभाग की टीम को हाईटेक बनाने के लिए भी प्रशिक्षण देने की प्लानिंग कर रहे हैं।

# प्रकाश विभाग के अधिकारियों के महापौर ने बैठक

**गाजियाबाद,** 2 फरवरी (देशबन्धु)। शहर में प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए महापौर सुनीता दयाल ने शुक्रवार को प्रकाश विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। महापौर ने प्रकाश विभाग अधिकारियों से दो टूक कहा कि शहर की प्रकाश व्यवस्था पूरी तरह से दुरुस्त होनी चाहिए। किसी भी कीमत पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कोताही बरतने वाले अधिकारी के खिलाफ सख्त करवाई की जाएगी। महापौर ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम के प्रकाश विभाग द्वारा बहुत अच्छा कार्य किया गया था लेकिन कुछ सामस्य से शहर के विभिन्न स्थानों से लाईट खराब की बहुत शिकायत प्राप्त हो रही है और शहर मे रात्रि के समय भी अंधेरा दिखाई दे रहा। शहर में लाईट की व्यवस्था सुचारु रूप से नहीं हो रही है जगह जगह से शिकायत प्राप्त हो रही है साथ ही रात्रि में बहुत सामस्य हो रही है।

**■ शहर में जल्द प्रकाश व्यवस्था हो दुरुस्त : महापौर**



उन्होंने कहा कि प्रकाश विभाग में सामग्री की कमी है तो मंगाई जाए और तत्काल शहर में प्रकाश व्यवस्था सुचारू की जाए। साथ ही सभी अधिकारी ओर कर्मचारी क्षेत्र में दिखाई देने चाहिए कोई भी कर्मचारी कार्य पर नही आता है या कार्य करने में लापरवाही करता है या मन मानी करता है तो उसको निकल कर बाहर का रास्ता दिखाया जाए और लोगो को भर्ती कर शहर में रोशनी की व्यवस्था ठीक की जाए। महापौर ने शिकायत मिलते ही तत्काल लाइटे ठीक करने के निर्देश दिए, जिसमें प्रकाश प्रभारी द्वारा अपनी टीम को क्षेत्र में रहने और समस्या के निस्तारण करने के लिए कहा गया और किसी प्रकार की समस्या आने पर स्वम को अवगत कराने के आदेश दिए।बैठक में प्रकाश प्रभारी आश कुमार, अवर अभियंता अजय कुमार, लाइट इंस्पेक्टर विजय नगर तरानुम नकवी, इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार, इंस्पेक्टर देवेन्द्र शर्मा, इंस्पेक्टर जय प्रकाश गिरी एवं स्टोर किपर संजय वर्मा उपस्थित रहे।

# दलित व अल्पसंख्य बस्तियों में चलाया जाएगा अभियान : सलीम

**गाजियाबाद,** 2 फरवरी (देशबन्धु)। अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी अभियान चलाकर दलित व मुसलमानों को पार्टी के साथ जोड़ने के लिए अभियान चलाएगी। यह अभियान उत्तर प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के निर्देश पर टारगेट 41 के अंतर्गत जय जवाहर, जय भीम, भाजपा भगाओ, संविधान बचाओ अभियान कार्यक्रम दलित और अल्पसंख्यक क्षेत्रों में 12 फरवरी तक चलाया जाएगा। अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सलीम अहमद सैफी और महानगर अध्यक्ष वली हसन ने संयुक्त रूप से एक प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी।

इससे पहले उन्होंने जय जवाहर जय भीम अभियान की शुरुआत संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की। उन्होंने बताया कि जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग गाजियाबाद जनपद में दलित बस्तियों में घर घर जाकर दस हजार पंपलेटो का वितरण करेंगे। अभियान प्रतिदिन बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी को नमन करते हुए शुरू किये जाने की जानकारी मीडिया को दी जाएगा।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में मुस्लिम 20 प्रतिशत हैं और दलित 21 प्रतिशत। जो कुल मिलाकर 41 प्रतिशत है। 2014 में भाजपा को 31 प्रतिशत और 2019 में 37 प्रतिशत वोट मिला था। यानी सिर्फ़ मुस्लिम और दलित साथ आ जाएं तो भाजपा बुरी तरह हार जाएगी। इनके कांग्रेस में आते ही अन्य जातियाँ भी साथ आ जाएंगी। 1989 तक मुसलमान और दलित एक साथ कांग्रेस को वोट करते थे तब तक पूरे देश में भाजपा के सिर्फ़ 2 सांसद होते थे।




सरकार बनाने के लिए 272 सीटें चाहिएं। 2019 में भाजपा को 303 सीटें मिली थीं। उसके घटक दलों को 50 सीटें मिली थीं। ये घटक दल बहुमत के क़रीब पहुंचने वाली किसी पार्टी के साथ चले जाते हैं। शिव सेना अब भाजपा को छोड़कर इंडिया गठबंधन में आ गई है। यानी भाजपा अगर 30 सीटें भी हारती है तो उसकी सरकार नहीं बन पाएगी। महाराष्ट्र, केरल, कर्नाटक, तमिल नाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना में कुल 180 सीटें हैं और भाजपा यहां 20 सीट के अंदर निपटने जा रही है।

उवाच "

विभिन्न सेक्टरों में ट्यूबवेल, राइजिंग मेन व क्लोरिनेशन आदि कार्यों का दो साल के लिए मेनटेनेंस और संचालन के लिए टेंडर निकाले गए हैं। साथ ही सेक्टर 16बी, 16सी, टेकजोन फेर में डिस्ट्रीब्यूशन लाइन उपलब्ध कराने और पाइपलाइन बिछाने के कार्य होंगे।

जितेंद्र गौतम, प्राधिकरण जलापूर्ति विभाग महाप्रबंधक

# कैपिटल ज़ोन

## ग्रेनो प्राधिकरण ने 35 कार्यों के लिए 66 करोड़ के टेंडर निकाले

**ग्रेटर नोएडा,** 2 फरवरी (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टरों व गांवों में

- **गर्मी में पानी की बेहतर सप्लाई के लिए 25 करोड़ रुपए होंगे खर्च**
- **धूम मानिकपुर में विकास कार्यों पर खर्च होंगे 7.82 करोड़ रुपए**



मरम्मत व रखरखाव के कार्यों को और तेज कर दिया है। प्राधिकरण ने 35 कार्यों के लिए लगभग 66 करोड़ रुपए के टेंडर निकाले हैं। एक माह में टेंडर प्रक्रिया को पूरा काम शुरू कराने की तैयारी है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने ग्रेटर नोएडा के सेक्टरों व गांवों में विकास व रखरखाव के कार्यों को तेज करने के निर्देश दिए हैं। सीईओ के निर्देशों पर अमल करते हुए परियोजना विभाग 35 कार्यों के लिए करीब 66 करोड़ रुपए के टेंडर निकाल दिए हैं। प्राधिकरण के जलापूर्ति विभाग के महाप्रबंधक जितेंद्र गौतम ने बताया कि विभिन्न सेक्टरों में ट्यूबवेल, राइजिंग मेन व क्लोरिनेशन आदि कार्यों का दो साल के लिए मेनटेनेंस और संचालन के लिए टेंडर निकाले गए हैं। साथ ही सेक्टर 16बी, 16सी, टेकजोन फेर में डिस्ट्रीब्यूशन लाइन उपलब्ध कराने और पाइपलाइन बिछाने के कार्य होंगे। इन सभी कार्यों पर करीब 25.52 करोड़ रुपए खर्च होने का आकलन है। इन कार्यों के लिए एक माह में टेंडर प्रक्रिया पूरी कर समय से ये सभी कार्य करा लिए जाएंगे। परियोजना विभाग के महाप्रबंधक हिमांशु वर्मा ने बताया कि इन 35 कार्यों में सिविल और उद्यान विभाग के कार्य भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जैतपुर-वैशपुर में स्थित बरातघर व श्मशान घाट की मरम्मत, सेक्टर ज्यू टू व म्यू टू में अफोर्डेबल हाउसिंग के मरम्मत के कार्य, गैलेक्सी वेगा सोसाइटी के पास 100 मीटर मास्टर ग्रीन बेल्ट में ओपन जिम स्थापित करने और 5 वर्ष तक का अनुरक्षण के कार्य, नवादा व गुलिस्तानपुर में स्थित बरातघर की मरम्मत का कार्य, मलकपुर में सीसी रोड व नाली की मरम्मत के कार्य आदि शामिल हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने निर्धारित अवधि में टेंडर प्रक्रिया को पूरा कर इन कार्यों को प्राथमिकता पर कराने के निर्देश दिए हैं।

## ग्रेनो प्राधिकरण ने छह प्रतिशत भूखंड के लिए पात्रता तय करने को सिरसा में भी लगाया शिविर

**ग्रेटर नोएडा,** 2 फरवरी (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण जमीन देने वाले किसानों की छह फीसदी भूखंड प्राप्त करने की पात्रता तय करने के लिए शुक्रवार को सिरसा गांव में शिविर का आयोजन किया गया। 70 से अधिक किसानों

- **70 से अधिक किसानों ने दिए कागजात, जल्द ही अन्य गांवों में भी लगेगा शिविर**
- **एसआईटी जांच के बाद स्वीकृति लीजबैक के लिए भी किसानों ने किए आवेदन**

ने शिविर में आकर अपनी पात्रता निर्धारित करने से जुड़े दस्तावेज सौंपे। प्राधिकरण इनकी पात्रता तय करते हुए भूखंड आवंटित करेगा। प्राधिकरण जल्द ही अन्य गांवों में भी शिविर लगाने के लिए शेड्यूल जारी करेगा। इसके साथ ही इस शिविर में एसआईटी जांच के बाद प्राप्त सही प्रकरणों में



लीज बैक करने के लिए किसानों ने आवेदन किए। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण विकास परियोजनाओं के लिए किसानों की जमीन अधिग्रहित करता है और उसके एवज में प्राधिकरण की तरफ से कुल अधिग्रहित जमीन का 06 फीसदी हिस्सा विकसित करके किसानों को देता है। इसकी पात्रता तय करने के लिए किसानों को प्राधिकरण आना पड़ता है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने किसानों को सुविधा प्रदान करते हुए छह फीसदी भूखंड प्राप्त करने की पात्रता तय करने के लिए गांवों में ही शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में प्राधिकरण ने शुक्रवार को सिरसा गांव में शिविर लगाया। प्राधिकरण के ओएसडी हिमांशु वर्मा ने बताया कि भूलेख विभाग और परियोजना विभाग के वर्क सर्किल 8 की टीम सुबह करीब 11 बजे से सिरसा गांव पहुंच गई। टीम ने शिविर में आने वाले 70 से अधिक किसानों के छह फीसदी भूखंड के कागजात प्राप्त किए। शिविर में ही लीज बैक के सही प्रकरणों के आवेदन भी प्राप्त किए गए। किसानों ने गांवों में ही शिविर लगवाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण सीईओ के पहल की सराहना की है। इस शिविर में गांव से जुड़ी अन्य शिकायतों को भी सुना गया। उनको निस्तारित करने का आश्वासन दिया गया है। शिविर में ओएसडी हिमांशु वर्मा के साथ ही ओएसडी रजनीकांत पांडेय, वरिष्ठ प्रबंधक नागेंद्र सिंह, प्रबंधक राकेश आनंद आदि मौजूद रहे।

## किशोर न्याय के तहत विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण होगा स्थापित

**ग्रेटर नोएडा,** 2 फरवरी (देशबन्धु)। किशोर न्याय (बालकों के देख-रेख एवं संरक्षण) के अन्तर्गत जिले में विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण स्थापित किया जाना है, जिससे जिले में नवजात शिशुओं एवं छोटे बच्चों को आपातकाल की स्थिति में तत्काल चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध, क्रिया कलापों की निगरानी, विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरणों को बाल देख-भाल संस्थाओं से जोड़ते हुए शिशुओं को पुनर्वासित तथा संबंधित अभिलेखों का अद्यतीकरण किया जा सके। जिला प्रोबेशन अधिकारी अतुल कुमार सोनी ने बताया कि ऐसे स्वैच्छिक संगठन जो विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण स्थापित करना चाहते हैं, वो समस्त अभिलेखों के साथ आवश्यक कार्रवाई हेतु जिला प्रोबेशन कार्यालय, पुरानी कोर्ट, फेस-2, नोएडा में कार्यालय दिवस पर संपर्क कर सकते हैं।

- **इच्छुक स्वैच्छिक संगठन जिला प्रोबेशन कार्यालय फेस-2 नोएडा में कर सकते हैं संपर्क**

## यमुना प्राधिकरण में 60 हजार करोड़ की परियोजनाएं जल्द आएगी धरातल पर

**ग्रेटर नोएडा,** 2 फरवरी (देशबन्धु)। औद्योगिक निवेश को लेकर यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण प्रदेश का सबसे पहले पायदान पर पहुंचने की ओर अग्रसर है। प्राधिकरण ने 45148 करोड़ रुपए के निवेश वाली 281 परियोजनाओं धरातल में उतारना शुरू कर दिया है। यह आंकड़ा 60 हजार करोड़ रुपए तक बहुत जल्द पहुंच जाएगा। जबकि प्राधिकरण को 43750 करोड़ रुपए के निवेश को धरातल पर उतारने का लक्ष्य मिला है। पिछले साल लखनऊ में हुई ग्लोबल इनवेस्टर समिट में यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने

- **प्राधिकरण ने 45148 करोड़ के निवेश वाली 281 परियोजनाओं को धरातल लाने तैयार कर चुका है खाका**
- **पिछले साल उप्र ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में प्राधिकरण को 43750 करोड़ निवेश को धरातल पर लाना का मिला था लक्ष्य**

कंपनियों के साथ ग्लोबल समिट में 1.82 लाख करोड़ रुपए के एमओयू किए थे। इन एमओयू में कितने धरातल पर उतरे हैं, इसको लेकर प्रदेश सरकार 15 फरवरी के बाद ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी करेगी। जीबीसी को लेकर प्राधिकरण को प्रदेश सरकार ने 43750 करोड़ रुपए के निवेश को धरातल पर उतारने का लक्ष्य दिया है। प्राधिकरण ने अब तक 45148 करोड़ रुपए के निवेश वाली 281 परियोजनाओं धरातल में उतारना शुरू कर दिया है। यह लक्ष्य का 103 प्रतिशत है। जीबीसी में उसी परियोजना को शामिल किया जाता है, जिसका नक्शा पास हो चुका होता है। प्राधिकरण क्षेत्र में एक्सआईएचआई टेक्नोलॉजी प्रालि, यूफ्लेक्स लिमिटेड, धरमपाल सत्यपाल लिमिटेड, पेरोस्फेयर इंडिया, जयश्री कृष्णा इंपैक्स, हल्दीराम स्नैक्स प्रालि, न्यूजेन सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी लिमिटेड, फनजू ट्वाय, वीवो मोबाइल इंडिया लिमिटेड, वल्स डेवलपर्स प्रालि, क्यू लाइन बायोटेक प्रालि, याशिका इनफोट्रॉनिक्स, नोएडा एयरपोर्ट में होटल और कार्गो एंड लॉजिस्टिक हब परियोजना में काम शुरू होगा। इसमें से कई का काम पूरा हो चुका है। इसके अलावा यमुना प्राधिकरण ने टॅवाय पार्क, मेडिकल डिवाइस पार्क, अपैरल पार्क, एमएसएमई पार्क, हैंडीक्राफ्ट पार्क आदि में कंपनियां काम शुरू करेंगी।

## अंसल गोल्फ लिंक में दो और मकान सील

**ग्रेटर नोएडा,** 2 फरवरी (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के परियोजना विभाग ने शुक्रवार को अंसल गोल्फलिंक में दो मकान और सील कर दिए हैं। इन मकानों का निर्माण स्वीकृत मैप के अनुरूप न मिलने और कॉमर्शियल गतिविधि होने के चलते ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने यह कार्रवाई की गई है।



दरअसल, अंसल गोल्फलिंक को 1997-98 में फ्री होल्ड जमीन आवंटित हुई है। इसमें करीब 600 आवंटी हैं। इन भूखंडों पर निर्माण के लिए प्राधिकरण के नियोजन विभाग से मैप स्वीकृत किया गया है, लेकिन

- **स्वीकृत मैप के हिसाब से निर्माण न होने व कॉमर्शियल गतिविधि होने पर प्राधिकरण कर रहा कार्रवाई**

कई निवासियों ने इन भूखंडों पर स्वीकृत मैप के हिसाब से निर्माण नहीं कर रखा है। बिल्डिंग बायलॉज का उल्लंघन कर रखा है। कई ऐसे भी आवंटी हैं, जो होटल-पीजी जैसी कई अन्य व्यवसायिक गतिविधि भी कर रहे हैं, जो कि गलत है। प्राधिकरण को सूचना मिली तो सर्वे कराया गया, जिसमें 82 भूखंडों पर गलत निर्माण या फिर व्यवसायिक गतिविधि पाई गई। प्राधिकरण की तरफ से इन आवंटियों को नोटिस जारी किए गए। पूर्व में प्राधिकरण ने 27 भवनों को सील कर दिया है। शुक्रवार को भी दो और मकानों को सील कर दिया गया। नियोजन और प्रोजेक्ट विभाग की टीम ने मिलकर यह कार्रवाई की है। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि इन मकानों में गलत निर्माण या व्यवसायिक गतिविधि करने वालों के खिलाफ सीलिंग की कार्रवाई जारी रहेगी। शुक्रवार को सीलिंग की कार्रवाई में परियोजना विभाग से प्रबंधक संध्या सिंह, सहायक प्रबंधक हरिन्द्र सिंह, नियोजन विभाग से प्रबंधक गरिमा सिंह, सुनील त्यागी, संघमित्र आर्या, होशियार सिंह आदि शामिल रहे।

## एकीकृत चिकित्सा पद्धति से कैंसर के मरीजों का होगा इलाज

**ग्रेटर नोएडा,** 2 फरवरी (देशबन्धु)। कैंसर बीमारी शरीर में किस समय अपने आगोस में ले लेता है लोगों को पता ही नहीं चल पाता, पता तब चलता है जब वह चतुर्थ स्टेज में



- **देश व विदेश के कैंसर चिकित्सा विशेषज्ञ चिकित्सकों को करेंगे जागरुक**

पहुंच जाता है। कैंसर कई प्रकार के होते हैं, कैंसर का प्रभावकारी इलाज कैसे किया जाय, उसी को लेकर बैक्सन होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज एकीकृत उपाचार (इंटीग्रेटेड) पर काम शुरु करने जा रहा है। इस इलाज में एलोपैथी, होम्योपैथी, आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा, एक्यूप्रेशर सहित सभी चिकत्सा पद्धति का इस्तेमाल किया जाएगा। बैक्सन कॉलेज के प्राचार्य सी.पी. शर्मा ने प्रेस वार्ता में बताया कि इस तरह की चिकित्सा पद्धति से मरीज के जीवन को दो से दस गुना अधिक बढ़ाया जा सकता है। बैक्सन ग्रुप इसक्षेत्र में काम शुरु करने से पहले एक सेमिनार आयोजित कर रहा है, जिसमें देश ही नहीं विदेश के भी चिकित्सक शामिल हो रहे हैं। शनिवार को होन वाले सेमिनार में डॉ. संदीप नासिक से, डॉ. जगदीश चेन्नई, डॉ. पूनम शुक्ला, दिल्ली, डॉ. सराह मोन्ज, स्विटजरलैंड, डॉ. जुबिन मुम्बई से शामिल हो रहे हैं। ये सभी अपने अपने क्षेत्र में विशेषज्ञ हैं। इस सेमिनार में चिकित्सा शिक्षक, होम्योपैथी चिकित्सक, मेडिकल के विद्यार्थी शामिल होंगे। इस दौरान डॉ. विशाल सिंह, चिकित्सा अधिकारी व डॉ. प्रशांत राय गुप्ता ने विस्तार से बताया कि बैक्सन में स्थापित होने वाले कैंसर एकीकृत चिकित्सा केन्द्र कैसे काम करेगा। किसी भी मरीज कैंसर के मरीज के पहुंचने पर सभी चिकित्सा पद्धति के विशेषज्ञ बैठक करके चिकित्सीय रणनीति बनाकर काम करेंगे, ताकि कैंसर मरीज पर उसका प्रभाव कम हो सके।

## सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन व ब्रेस्ट कैंसर के प्रति किया गया जागरुक

**ग्रेटर नोएडा,** 2 फरवरी (देशबन्धु)। राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग एवं कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की तरफ से सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन एवं ब्रेस्ट अवेयर होने की ओर महिला सशक्तिकरण विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जिम्स के छात्रों द्वारा लघु नाटिका की



प्रस्तुति से की गई। जन साधारण को सर्वाइकल कैंसर के रोग एवं उससे बचाव के बारे में बताया गया। इसका संयोजन श्वेता, सहायक आचार्या, कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने कराया। इसके बाद जिले में कार्यरत 30 एएनएम के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जो कि डॉ. अर्चना गुप्ता के सानिध्य में संपन्न हुई। कार्यशाला में डॉ. अर्चना गुप्ता, डॉ. रुचि वर्मा एवं डॉ. श्रुति सिंह ने महिलाओं को स्र्वाइकल एवं स्तन कैंसर के प्रति आगाह करते हुए इनके लक्षणों के बारे में बताया एवं बच्चियों को समय से वैक्सीन लगवाये जाने का आग्रह किया। डॉ. अनुराग श्रीवास्तव एवं डॉ. कौसर नियाज ने देश से सर्वाइकल एवं स्तन कैंसर के उन्मूलन में एएनएम एवं अन्य जमीनी स्तर पर काम कर रहे स्वास्थ्यकर्मियों की भूमिका पर प्रकाश डाला और उनको समुदाय में इस विषय पर जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित करके किया गया।

## ग्राहकों की सुविधा के लिए केनरा बैंक ने गौर सिटी शाखा का किया शुभारंभ



**ग्रेटर नोएडा,** 2 फरवरी (देशबन्धु)। केनरा बैंक ने ग्राहकों को अपनी सेवाएं देने के लिए लिए यमुना गौर मिटी में यमुना गौर सिटी-यमुना एक्सप्रेस वे शाखा का शुभारंभ किया। केनरा बैंक की इस शाखा द्वारा अपनी सभी बैंकिंग सुविधाएं यथा जमा, निकासी, आवास ऋण, स्वर्ण ऋण, वाहन ऋण, एमएसएमई ऋण व लॉकर सुविधा आदि प्रदान की जाएगी। उपर्युक्त शाखा का उद्घाटन मुख्य अतिथि, महाप्रबंधक, राजेश कुमार सिंह, केनरा बैंक, अंचल कार्यालय, दिल्ली द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय, नोएडा के क्षेत्रीय प्रमुख, अतुल राजन ने ग्राहको को बैंक की विविध उत्पादों के बारे में जानकारी प्रदान की तथा यह आश्वासन दिया कि केनरा बैंक द्वारा अपनी हर सेवाएं तत्परता के साथ प्रदान की जाएगी। ग्रेटर नोएडा, यमुना गौर सिटी में केनरा बैंक की शाखा खुलने से स्थानीय लोगों में भी काफी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर यमुना गौर सिटी-यमुना एक्सप्रेसवे शाखा के शाखा प्रमुख, मोहित शर्मा, अग्रणी जिला प्रबंधक, विदुर भल्ला, मंडल प्रबंधक, नीरज सिंह रोहेला, मंडल प्रबंधक, श्रवण कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक, अरुण शर्मा, नित्यानंद, संजय वर्मा व अन्य कार्मिकगण उपस्थित रहे।


**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्लॉट नं0-01, सैक्टर-के0पी0-4, ग्रेटर नौएडा सिटी

जिला- गौतमबुद्ध नगर।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि AWHO, Gurjinder Vihar, के माध्यम से आवंटित भवन/भूखण्ड संख्या-2-L-303, सैक्टर-Chi-I, Builder's Area, Pocket-P5, Greater Noida, क्षेत्रफल 129.46 वर्गमी0 Col. Alok Chaturvedi S/o Mr. Triloki Nath Chaturvedi के पक्ष में आंवटित/पंजीकृत है। मूल आंवटी Col. Alok Chaturvedi S/o Mr. Triloki Nath Chaturvedi की मृत्यु दिनांक 06-12-2022 को हो जाने के उपरान्त पूर्ण रूप से उनकी पत्नी (Mrs. Sangeeta Chaturvedi W/o Late Alok Chaturvedi) ने उक्त भवन को अपने पक्ष में नामांतरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मूल आंवटी Col. Alok Chaturvedi S/o Mr. Triloki Nath Chaturvedi के स्थान पर उक्त भवन उनकी पत्नी Mrs. Sangeeta Chaturvedi W/o Late Alok Chaturvedi के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रभारी (ग्रुप हाउसिंग)
ग्रेटर नौएडा प्राधिकरण



**देशबन्धु** पत्र नहीं मित्र

पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा

समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें


खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता

फोनः- 0120-4270009


## घर में घुस कर महिला के साथ मारपीट

रबूपुरा, 2 फरवरी (देशबन्धु)। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत घर में घुसकर महिला के साथ गाली गलौज व विरोध करने पर मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। शोर सुन लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने शिकायत पर पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अनुसार गांव भाईपुर ब्राह्मन निवासी मीना शुक्रवार को अपने घर में अकेली थी। परिवार के अन्य लोग काम के चलते बाहर गए हुए थे। आरोप है इसी दौरान गांव निवासी महिला भूरिया, आरती, नीतू तथा पप्पू व भोलू घर में घुस आए और गाली गलौज करने लगे। पीड़िता के विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी देकर चले गए। महिला के पति नरेश की शिकायत पर पुलिस ने 5 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## गणित व सांख्यिकी कार्यशाला में दुनिया के महान वैज्ञानियों के जिज्ञासा व प्रयास पर हुई चर्चा



**ग्रेटर नोएडा,** 2 फरवरी (देशबन्धु)। गलगोटियास विश्वविद्यालय में गणित और सांख्यिकी विषयों पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें पद्मश्री डा. दिनेश सिंह जम्मू एंड काश्मीर हायर एजुकेशन कॉउंसिल के वॉइस चॉसलर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। मुख्य अतिथि डा. दिनेश सिंह ने अपने अभिभाषण में कहा कि जीवन में ज्ञान अर्जित करने की कोई समय सीमा नहीं है। आपके अन्दर यदि लगन है तो आप पूरे जीवन-भर हर-पल कुछ न कुछ नया सीख सकते हैं, नई खोज कर सकते हैं। आपको ये बीत सदैव ध्यान रखनी होगी कि आप पूरे जीवन पर्यन्त एक विद्यार्थी ही हैं। बसरते आपके अन्दर कुछ नया करने की प्रबल जिज्ञासा होनी चाहिए। उन्होंने महान वैज्ञानिक का उदाहरण देते हुए कहा कि महान वैज्ञानिक न्यूटन बहुत ही गरीब परिवार से थे, परन्तु उनके अन्दर कुछ नया करने की जिज्ञासा बहुत ही प्रबल थी। इसलिए उन्होंने बहुत से नए से नए अविष्कार किये। वैज्ञानिक डॉ. सी.वी. रमण और वैज्ञानिक अल्बर्ट आंईस्टीन का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि उनके अन्दर किसी भी बात को जानने की प्रबल जिज्ञासा होने के साथ-साथ अपने हाथों से स्वयं काम करने की जो चाहत थी।


**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर-के0पी0-4, ग्रेटर नौएडा सिटी
जि0-गौतम बुद्ध नगर

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बी0111140 योजना में भूखण्ड संख्या-381, Block-A, Sector-Beta-01, Area-60 Sqm, Allotment No-B0111140, Smt. Amiya Kumari Sinha W/o Sh. Prabhu Dayal Singh के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत है। Smt. Amiya Kumari Sinha W/o Sh. Prabhu Dayal Singh की मृत्यु दिनांक 17.03.2023 को हो गयी है। उक्त भूखण्ड को मृतक आवंटी Smt. Amiya Kumari Sinha W/o Sh. Prabhu Dayal Singh के स्थान पर उनके पुत्र Sh. Pranav Ranjan Sinha S/o Sh. Prabhu Dayal Singh R/o-Flat No-S-2, Plot No-4/172, Sector-04, Vaishali, Ghaziabad, U.P- 201010 ने वारिसान के आधार पर अपने पक्ष में म्युटेशन/नामान्तरण करने हेतु प्राधिकरण में आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के सम्बन्ध यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में स्वर्गीय Smt. Amiya Kumari Sinha W/o Sh. Prabhu Dayal Singh के स्थान पर उनके पुत्र Sh. Pranav Ranjan Sinha S/o Sh. Prabhu Dayal Singh का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

विशेष कार्याधिकारी सम्पत्ति
ग्रेटर नोएडा औ0वि0 प्राधिकरण



**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर के0पी0-4, ग्रेटर नोएडा सिटी
जि0-गौतमबुद्ध नगर, उ0प्र0।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि BHS16 आवासीय योजना के अन्तर्गत भवन संख्या, 1टी.एफ. क्षेत्रफल 29.76 वर्गमीटर, सैक्टर-10, अलॉटमेन्ट न0 BHS165157 ग्रेटर नौएडा PAJNESH KUMAR के पक्ष में पंजीकृत है। PAJNESH KUMAR की मृत्यु दिनांक 18.03.2023 को हो गई है। मृतक आवंटी PAJNESH KUMAR के पुत्र SAURABH KUMAR ने उपरोक्त भूखण्ड अपने पक्ष में म्यूटेशन/नामान्तरण करने हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन किया गया है। इस म्यूटेशन/नामान्तरण के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में PAJNESH KUMAR के स्थान पर उनके पुत्र SAURABH KUMAR S/O LATE SH. PAJNESH KUMAR के नाम पूर्ण रूप से दर्ज कर दिया जायेगा।

विशेष कार्याधिकारी (सम्पत्ति )
ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण



**देशबन्धु** पत्र नहीं मित्र

समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें

क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा

Mob: 9411492655



**Shiv Mahima Enterprises**

सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें

नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता

Mob.: 9910280173

Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida



**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्लॉट न0-01, सेक्टर-के0पी0-04, ग्रेटर नौएडा सिटी
जिला-गौतमबुद्धनगर

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Armed Forces Officers Sahkari Awas Samiti Ltd. के माध्यम से आवंटित भूखण्ड संख्या-17, Sector Omega-I, Greater Noida क्षेत्रफल-230 वर्ग मीटर, Mr. Manas Kumar Chowdhury S/o Late Shri F.D. Cowdhury के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत है। आवंटी Mr. Manas Kumar Chowdhury की मृत्यु दिनांक-21.03.2020 को हो जाने के उपरान्त उनकी पत्नी Mrs. Deepa Chowdhury W/o Late Shri Manash Kumar Chowdhury ने उक्त भवन को अपने पक्ष में नामांतरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में आवंटी Mr. Manas Kumar Chowdhury के स्थान पर उनकी पत्नी Mrs. Deepa Chowdhury W/o Late Shri Manash Kumar Chowdhury के नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रभारी (ग्रुप हाउसिंग )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण



**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310
जिला-गौतमबुद्ध नगर।


सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है ग्राम/सैक्टर-घरबरा की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-सी.एच.यू.012420, भूखण्ड संख्या-10, पाकेट-सी, क्षेत्रफल-580 वर्ग मीटर श्री भुल्लू पुत्र श्री अमीराम, निवासी-ग्राम-चूहडपुर खादर, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी श्री भुल्लू पुत्र श्री अमीराम की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान सर्वश्री किशन, वीरेन्द्र, सूबे सिंह, जिले, चवन पुत्रगण स्व0 श्री भुल्लू श्रीमती रामकली पत्नी स्व0 श्री भूल्लू, श्रीमती वीरवाती (विवाहित), श्रीमती कृष्णा (विवाहित) पुत्रीगण स्व0 श्री भुल्लू, निवासी-ग्राम-चूहडपुर खादर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 में से सर्वश्री किशन, वीरेन्द्र, सूबे सिंह, जिले, चवन पुत्रगण स्व0 श्री भुल्लू, निवासी-ग्राम-चूहडपुर खादर, ग्रेटर नोएडा जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकारण की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में इनके सर्वश्री किशन, वीरेन्द्र, सूबे सिंह, जिले, चवन पुत्रगण स्व0 भुल्लू, निवासी-ग्राम-चूहडपुर खादर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर ,उ0प्र0 के पक्ष में सहः आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

# अभिमत

*उद्घाटन की तारीख, अभिषेक समारोह के केन्द्र में प्रधानमंत्री का होना, शंकराचार्यों के साथ अशोभनीय व्यवहार और बाद में कार्यक्रम में शामिल होने से उनका इंकार, भाजपा समर्थक उद्योगपतियों की उपस्थिति और निमंत्रितों के चयन में धन और शोबिज का प्रदर्शन, भौतिक आडंबर पर ध्यान केंद्रित करना, राजनीतिक उद्देश्य से किए गए उद्घाटन में सुरक्षा बलों के अपरिहार्य अत्यधिक उपयोग को लेकर मंदिर के मुद्दे पर भाजपा के साथ माने जाने वाले लोगों ने भी सवाल उठाए हैं। यह पहली बार नहीं है जब भाजपा का साथ देने वाले दलों ने खुद को अलग-थलग महसूस किया है या भाजपा को भीतरी दुश्मन के रूप में देखा है।*

## अनदेखा नहीं कर सकते शंकराचार्यों की नाराजगी को



जगदीश रत्तनानी

22 जनवरी को राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर भारत के बड़े हिस्से में उत्साहपूर्ण अभूतपूर्व प्रतिक्रियाएं देखने को मिली हैं, तो वहीं दूसरी तरफ आंतरिक विसंगतियों के साथ बड़े धर्माचार्यों- शंकराचार्यों के कड़े विरोध के बीच सदियों पुराने शास्त्रों और हिंदू परंपराओं के उल्लंघन का हवाला दिया गया है। यह समारोह हमारे लिए भगवा झंडों का एक सागर लेकर आया, विशेष रूप से उत्तर भारत में जहां इसने एक राजनीतिक लामबंदी को उजागर किया। जिसने भाजपा और कई अन्य को आश्वासन दिया कि इससे 2024 के राष्ट्रीय चुनावों में पार्टी को अभूतपूर्व लाभ मिलेगा। पहले मंदिर के उद्घाटन का विरोध, शास्त्रों की तकनीकी बातों पर जिक्र, फिर निमंत्रण पर और बाद में समग्र औचित्य और राजनीतिक कब्जे के बड़े मुद्दों पर मतभेद सामने आए जो मंदिर समर्थक व्यापक समूह के भीतर एक साझा समझ और विश्वास के आंतरिक विरोध की ओर इशारा करते हैं। हर कोई उस कमांड-एंड-कंट्रोल ऑपरेशन को पचाने के लिए तैयार नहीं है जिसे भाजपा के रणनीतिकारों ने मंदिर आंदोलन में बदल दिया है। निश्चित रूप से शंकराचार्य भी नहीं जिन्होंने एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर विरोध जताया है। ऐसा महसूस होता है कि भाजपा अपने मतदाताओं से कह रही है- 'हमने आपको मंदिर दिया। हम रास्ता जानते हैं। हमारे पीछे चलें और कोई प्रश्न न पूछें।' राजनीतिक भक्तों की फौज के कई लोग इससे सहमत प्रतीत होते हैं। लेकिन अब जो असहज हैं, वे मानों कहते हैं- 'हमने इसके लिए लड़ाई लड़ी और यह वह नहीं है जिस बारे में हमने बातचीत की थी।'

उद्घाटन की तारीख, अभिषेक समारोह के केन्द्र में प्रधानमंत्री का होना, शंकराचार्यों के साथ अशोभनीय व्यवहार और बाद में कार्यक्रम में शामिल होने से उनका इंकार, भाजपा समर्थक उद्योगपतियों की उपस्थिति और निमंत्रितों के चयन में धन और शोबिज का प्रदर्शन, भौतिक आडंबर पर ध्यान केंद्रित करना, राजनीतिक उद्देश्य से किए गए उद्घाटन में सुरक्षा बलों के अपरिहार्य अत्यधिक उपयोग को लेकर मंदिर के मुद्दे पर भाजपा के साथ माने जाने वाले लोगों ने भी सवाल उठाए हैं। यह पहली बार नहीं है जब भाजपा का साथ देने वाले दलों ने खुद को अलग-थलग महसूस किया है या भाजपा को भीतरी दुश्मन के रूप में देखा है। भाजपा एक ऐसी ताकत है जो हर कीमत पर अपना विस्तार चाहती है। अगर आपको कोई शक है तो महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे और उनकी शिवसेना से पूछिए!

22 जनवरी को राजनीतिक लामबंदी के साथ घुल-मिल चुकी भक्ति के प्रदर्शन में शंकराचार्यों का असंतोष एक महत्वपूर्ण आवाज का प्रतिनिधित्व करता है जो भाजपा और उसके सहयोगियों द्वारा पेश की गई राजनीतिक कहानी के विपरीत है। असहमति की आवाज स्पष्ट, असंदिग्ध और निष्पक्ष है और जो भविष्य के अयोध्या-धाम के लिए अतिशयोक्तिपूर्ण विशेषणों से सज्जित, अतिरंजित दावों के इर्द-गिर्द घूमने वाली बयानबाजी के विपरीत है। शंकराचार्य की दलीलें हालांकि इन अर्थों में भाजपा द्वारा मंदिर आंदोलन पर राजनीतिक कब्जा, संकीर्ण राजनीतिक लाभ के लिए आंदोलन को हथियार बनाने और उनके गुस्से के तात्कालिक कारण की ओर इशारा नहीं करती हैं। शंकराचार्यों को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की तारीख, किसी शुभ मुहूर्त, मूर्ति से कुछ लेना-देना नहीं है। आने वाले चुनावों को निगाह में रखकर भाजपा यह सब कुछ कर रही है। शंकराचार्यों ने जोर देकर और दृढ़ विश्वास के साथ बताया है कि चूंकि मंदिर का निर्माण कार्य अभी जारी है और पूरा नहीं हुआ है इसलिए इसका उद्घाटन अभी नहीं किया जा सकता है।

संक्षेप में, शंकराचार्यों की ओर से जो बयान आ रहे हैं उन्होंने भाजपा के उस सपने को तहस-नहस कर दिया है जिस पर भाजपा अपना चुनाव अभियान तैयार करती दिख रही है। इन आलोचकों में ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और पुरी पीठ के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती प्रमुख हैं।

आज की स्थिति के अनुसार इन दृष्टिकोणों का धर्म, परंपरा और नैतिकता में एक मजबूत आधार है लेकिन जरूरी नहीं कि यह एक राजनीतिक बढ़त हो जिससे भाजपा चिंतित हो सकती है। उन वोटों में शंकराचार्य सेंध नहीं लगा सकते हैं जिन्हें भाजपा मंदिर के बदले में भुनाने की उम्मीद करती है। फिर भी शंकराचार्य, उनकी संस्था में सन्निहित वेद और शास्त्रों तथा समझ के प्रारंभ के एक महत्वपूर्ण बिंदु को चिह्नित करते हैं। वे उन लोगों को चुनौती देते हैं जो राजनीतिक पुरस्कारों के लिए वेद और उन की तरह के शास्त्रों और परंपराओं का उपयोग कर रहे हैं।

यह उल्लेखनीय है कि अयोध्या के घटनाक्रम के खिलाफ एक स्पष्ट और मुखर नजरिया भाजपा के राजनीतिक विरोधियों की ओर से नहीं बल्कि धार्मिक नेताओं की ओर से आया है जो स्पष्ट तरीके से अपने तर्क रखते हुए संघर्ष कर रहे हैं। पूरे घटनाक्रम में आया यह अप्रत्याशित मोड़ वर्तमान संवाद की जटिल प्रकृति और अतीत में आत्म-पराजय की कहानियों की ओर इशारा करता है जिन्होंने हमें सांप्रदायिकता के 'हार्ड' या 'सॉफ्ट' संस्करणों के रूप में चिह्नित सरलीकृत समझ और रंग दिये हैं या दूसरे चरम बिंदु पर धर्म और राजनीति के बीच एक मजबूत और सुस्पष्ट विभाजन रेखा की मांग खड़ी कर दी है।

इनमें से प्रत्येक भावना अपने तरीके से शोषणकारी है और उन मूल्यों व सिद्धांतों की सराहना नहीं करती है जिनका उल्लेख किया जाता है। उदाहरण के लिए महात्मा गांधी ने बिना किसी हिचकिचाहट के धर्म के साथ राजनीति पर अपने विचारों को अपने प्रवचनों में बताया है। गांधी ने खुले तौर पर राम को अपने भगवान और उद्धारकर्ता के रूप में देखा और राम को एक समावेशी राजनीतिक संभाषण में ले कर आए। उन्होंने कहा- 'राम ने... मेरे सबसे अंधेरे समय को रोशन कर दिया है। एक ईसाई को यीशु का नाम जपने से वैसी ही सांत्वना मिल सकती है और अल्लाह का नाम जपने से एक मुस्लिम को वैसी ही तसल्ली मिल सकती है। इन सभी चीजों के समान निहितार्थ हैं और वे समान परिस्थितियों में समान परिणाम उत्पन्न करते हैं, लेकिन (नाम जप की) यह पुनरावृत्ति सिर्फ होंठो की अभिव्यक्ति नहीं होनी चाहिए बल्कि आपके अस्तित्व का हिस्सा होना चाहिए।'

दिलचस्प बात यह है कि शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ही वे व्यक्ति हैं जिन्होंने हाल ही में गांधी का जिक्र करते हुए अपने श्रोताओं को गांधी के बलिदान, देश के लिए उनके कार्य, कैसे देश अब अपना रास्ता भटक चुका है तथा गांधी को महात्मा की उपाधि कैसे और क्यों मिली, के बारे में समझाया। शंकराचार्य खुले तौर पर और पूरी तरह से अपनी भूमिकाओं तथा स्थिति की परिभाषा से निश्चित रूप से धार्मिक हैं।

मंदिर के उद्घाटन के स्वरूप और वास्तविकता पर उनके बयान राजनीतिक ताकतों के सामने एक ताज़ा असंतोष लाते हैं जिन ताकतों ने असंतोष को मिटाने के लिए सब कुछ किया है। हमारे यहां राजनीति और धर्म का घालमेल है लेकिन जहां तक वे देश की अच्छी तरह से सेवा करते हैं। ऐतिहासिक रूप से शंकराचार्यों के विचार हमेशा प्रगतिशील नहीं रहे हैं और उन्होंने सामाजिक-धार्मिक सुधारों और सभी जातियों और वर्गों के लिए मंदिर-प्रवेश के मुद्दों पर गांधी की लड़ाई का स्वागत नहीं किया है।

अयोध्या मंदिर में श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा पर शंकराचार्य की असहमति पर भाजपा ने आक्रामक प्रतिक्रिया दी है। महाराष्ट्र से निर्वाचित केंद्रीय मंत्री नारायण राणे ने पूछा कि 'शंकराचार्यों ने हिंदू धर्म के लिए क्या किया है' जबकि यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 'कोई भी भगवान राम से बड़ा नहीं हो सकता है।'

जल्द ही ये हमले बंद हो गए हैं और ऐसा लगता है कि भाजपा नेतृत्व ने महसूस किया कि जगद्गुरुओं को खुले तौर पर निशाना बनाना उल्टा असर डालने वाला हो सकता है।

इस बीच अयोध्या को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर लाने की मांग की जा रही है। यह सामान्य रूप से व्यापारिक बात हो सकती है क्योंकि सत्ता से अच्छी तरह से जुड़े बिल्डर जमीन खरीदते हैं ताकि इस जमीन को धन निवेश की तलाश करने वाले निवेशकों के सामने अत्यधिक ऊंची कीमत पर बिक्री के लिए रखी जा सके। ऐसे ही एक प्रस्ताव में कहा गया है- 'पवित्र सरयू नदी के तट पर एक एकीकृत पांच सितारा होटल के साथ अयोध्या का पहला सात सितारा मिश्रित उपयोग विकास शुरू करना। जो श्री राम जन्मभूमि मंदिर से 15 मिनट और श्री राम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से 30 मिनट की दूरी पर स्थित है।' 1250 वर्ग फुट क्षेत्रफल वाले प्लॉट की कीमत रुपए 1.70 करोड़ से शुरू होती है। बुकिंग खुली है। बताया जाता है कि अमिताभ बच्चन ने उनका प्लॉट बुक कराया है। अयोध्या में 'विकास' आ रहा है!

***( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। सिंडिकेट : द बिलियन प्रेस )***

**मंदिर के उद्घाटन के स्वरूप और वास्तविकता पर उनके बयान राजनीतिक ताकतों के सामने एक ताज़ा असंतोष लाते हैं जिन ताकतों ने असंतोष को मिटाने के लिए सब कुछ किया है। हमारे यहां राजनीति और धर्म का घालमेल है लेकिन जहां तक वे देश की अच्छी तरह से सेवा करते हैं। ऐतिहासिक रूप से शंकराचार्यों के विचार हमेशा प्रगतिशील नहीं रहे हैं और उन्होंने सामाजिक-धार्मिक सुधारों और सभी जातियों और वर्गों के लिए मंदिर-प्रवेश के मुद्दों पर गांधी की लड़ाई का स्वागत नहीं किया है।**

## बीता सप्ताह

**28 जनवरी**

- छत्तीसगढ़-ओडिशा के सीमा बोरीगुमा पर सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई।
- राजपथ पर गणतंत्र दिवस की निकली झांकी छत्तीसगढ़ के 'मुरिया दरबार' के कलाकारों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।
- पाकिस्तान के पीएमएल पार्टी के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी किया।
- अफगानिस्तान के खोस्त अतंरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से संयुक्त अरब अमीरात (वीएई) के लिए पहली उड़ान शुरू की।

**29 जनवरी**

- बिहार के नीतीश कुमार ने 9वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।
- झारखंड के नवरत्नगढ़ में चल रही खुदाई में 16-17 वीं सदी का इतिहास सामने आया।
- प्रख्यात साहित्यकार और सागर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. धनंजय वर्मा का निदन हो गया।
- ईरान अंतरिक्ष में तीन सैटेलाइट महड्डा, कीहान-2 और हतेफ-1 प्रक्षेपित किए।

**30 जनवरी**

- गृहमंत्री अमित शाह ने ट्वीट करके जानकारी दी कि सिमी पर लगे प्रतिबंध को और 5 साल के लिए बढ़ा दिया गया।
- समुद्री लुटेरों द्वारा बंधक बनाए गए ईरान की एक नौका में सवार 17 नाविकों को भारतीय युद्धपोत ने छुड़ाया।
- भारत-सऊदी अरब का संयुक्त सैन्य अभ्यास 'सदा तनसीक' राजस्थान की महाजन रेंज में शुरु हुआ।

**31 जनवरी**

- छत्तीसगढ़ के बीजापुर के सीमावर्ती क्षेत्र टेकलगुड़ेम में नक्सलियों के साथ हुए मुठभेड़ में 3 जवान शहीद हो गए।
- झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास से ईडी ने 26 लाख रुपए जब्त किए।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश के चर्चित शिक्षाविद सतनाम सिंह संधू को संसद के उच्च सदन राज्यसभा के लिए नामित किया।
- पाकिस्तान के इमरान खान महमूद को सिफर मामले में न्यायालय ने 10 साल की सजा सुनाई।

**1 फरवरी**

- झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंत्री पद से इस्तीफा दिया। इस्तीफा के बाद ईडी ने गिरफ्तार कर लिया।
- छत्तीसगढ़ के पूर्व खाद्य मंत्री अमरजीत भगत के आवास पर आयकर का छापा पड़ा।
- भिलाईनगर छत्तीसगढ़ में एक कार की डिक्की में दो करोड़ नगद रुपए जब्त किए गए।
- वाराणसी की एक अदालत ने ज्ञानवापी मस्जिद के सीलबंद तहखाने के अंदर पूजा करने की अनुमति दी।

**2 फरवरी**

- भारत के वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन ने वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट पेश किया।
- झारखंड में हेमंत सोरेन के इस्तीफे के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चे के नेता चंपई सोरेन को सरकार बनाने का न्यौता मिला। चंपई सोरेन ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।
- महासमुंद छत्तीसगढ़ में पिकअप में भरकर ले जा रहे 3 करोड़ 80 लाख का नकली नोट पकड़ाया।
- लक्षद्वीप को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का फैसला बजट में लिया गया।

## कर्पूरी ठाकुर का सम्मान या राजनीतिक एजेंडा

■ प्रो रविकान्त

22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। इसके 11 दिन पहले से मोदी दक्षिण भारत के तमाम मन्दिरों में घूम-घूमकर अनुष्ठान करने में लगे थे। मीडिया के जरिये इस अनुष्ठान को चुनावी माहौल में तब्दील कर दिया गया। भाजपा, संघ, विश्व हिन्दू परिषद और अनेक हिंदूवादी संगठनों ने इस आयोजन को देशव्यापी बना दिया। मीडिया ही नहीं तमाम राजनीतिक विश्लेषक भी ये कहने लगे थे कि राम मंदिर की लहर में मोदी को 2024 में रोकना नामुमकिन है। यानी हिंदुत्व के मुद्दे पर बीजेपी की जीत तय है। लेकिन 24 घंटे के भीतर नरेंद्र मोदी के एक ऐलान ने सबको चौंका दिया।

नरेंद्र मोदी ने जननायक कहे जाने वाले बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने का ऐलान किया। मंडल कमीशन से पहले, कर्पूरी ठाकुर ने बिहार में ओबीसी आरक्षण लागू किया। उन्होंने ओबीसी को 30 फ़ीसदी आरक्षण दिया और इसे पिछड़ा, अति पिछड़ा में विभाजित किया। अति पिछड़ा (लोवर ओबीसी) को 12 फीसदी और पिछड़ों (अपर ओबीसी) को 8 फ़ीसदी आरक्षण का प्रावधान किया गया। इसे सामाजिक न्याय के कुशल फॉर्मूले के तौर पर याद किया जाता है। अति पिछड़ा; जिसमें कारीगर, हुनरमंद और दस्तकार तथा सेवादार जातियां आती हैं। ब्रिटिश राज में औद्योगिकीकरण के चलते इनकी आर्थिक स्थिति बहुत बदहाल हुई। इनके लिए अलग से आरक्षण का प्रावधान करके कर्पूरी ठाकुर ने बड़ा काम किया था। इसलिए आज अतिपिछड़ा तबका उन्हें मसीहा के तौर पर देखता है।

कर्पूरी ठाकुर को भारतरत्न दिया जाना सराहनीय है। लेकिन यहां कई सवाल उठते हैं। क्या यह वास्तव में कर्पूरी ठाकुर का सम्मान है या छिपा हुआ राजनीतिक एजेंडा? क्या नागरिक सम्मानों के पीछे भी राजनीति होगी? जो काम बिहार में कर्पूरी ठाकुर ने किया, वही काम तमिलनाडु में करुणानिधि ने किया। ऐसे में यह सवाल उठता है कि करुणानिधि को भारत रत्न क्यों नहीं? हालांकि कई और ऐसे नाम हैं, जिनके बारे में चर्चा हो सकती है। लेकिन यहां मसला सामाजिक न्याय और आरक्षण के जरिए पिछड़ों के सशक्तिकरण का है। इसीलिए कर्पूरी ठाकुर की तरह करुणानिधि की चर्चा जरूरी है। करुणानिधि की चर्चा इसलिए भी की जा रही है क्योंकि तमिलनाडु पहला राज्य है, जिसने सामाजिक न्याय के लिए पिछड़ों को सबसे पहले आरक्षण दिया।

ब्रिटिश हुकूमत की मद्रास प्रेसीडेंसी में सबसे पहले 1921 में पिछड़ों के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया। लेकिन तात्कालिक विरोध के चलते यह 1927 में लागू हुआ। दरअसल, मद्रास प्रेसीडेंसी में आरक्षण लागू करने का ठोस और बुनियादी कारण मौजूद था। इस प्रेसीडेंसी में ब्राह्मणों का वर्चस्व और पिछड़े-दलितों की बड़ी दयनीय स्थिति थी। आंकड़ों के अनुसार मद्रास प्रेसीडेंसी में ब्राह्मण आबादी केवल 3.2 फीसदी थी, लेकिन (1912 में) 55फीसदी डिप्टी कलेक्टर, 72.6फीसदी जिला मुंसिफ और 83फीसदी उप न्यायाधीश पदों पर ब्राह्मण काबिज थे। 1921 की जनगणना के अनुसार तीन चौथाई ब्राह्मण शिक्षित थे। जबकि यहां पर देवदासी जैसी अमानवीय प्रथा मौजूद थी। जमीनों पर एक खास तबके का कब्जा था। दलितों-पिछड़ों का शोषण और उत्पीड़न होता था। इसके खिलाफ मद्रास प्रेसीडेंसी में 1915-16 में पिछड़ी जातियों के नेतृत्व में जस्टिस आंदोलन शुरू हुआ। इसे द्रविड़ आंदोलन भी कहा गया। सी. एन. मुलियार, टी. एन. नायर, त्यागराज चेट्टी जस्टिस आंदोलन के मजबूत स्तंभ बने। आगे चलकर जस्टिस आंदोलन एक राजनीतिक दल में तब्दील हो गया। 1920 में जस्टिस पार्टी ने पहला चुनाव जीता। देवदासी प्रथा को समाप्त किया गया। भूमि सुधार लागू किए गए। दलितों की वंचना को गैर कानूनी घोषित किया गया। स्वतंत्रता के बाद बने मद्रास प्रान्त में 1954 में दलितों-पिछड़ों के लिए 41 फीसदी आरक्षण था। 1968 में मद्रास का नाम बदलकर तमिलनाडु हो गया। 1957 में पहली बार विधानसभा पहुंचने वाले करुणानिधि ने 13 बार जीत हासिल की। हमेशा अपराजेय रहने वाले करुणानिधि 1969 में पहली बार तमिलनाडु के मुख्यमंत्री बने। 1990 में करुणानिधि ने 41 फीसदी आरक्षण को बढ़ाकर 69फीसदी कर दिया।

डीएमके नेता करुणानिधि ने तमिलनाडु में बहुत वैज्ञानिक ढंग से आरक्षण का निर्धारण किया। ओबीसी को 50 फ़ीसदी आरक्षण दिया गया। इसको पिछड़ा और अति पिछड़ा में विभाजित किया गया। इनकी भी दो-दो अलग कैटेगरी बनाई गई। पिछड़ा को दो कैटेगरी में विभाजित किया गया। बीसी जनरल को 26.5 फ़ीसदी और बीसी मुस्लिम को 3.5 फीसदी आरक्षण दिया गया। दूसरी कैटेगरी, मोस्ट बैकवर्ड क्लास के 20 फीसदी आरक्षण को दो भागों में विभाजित किया गया। मोस्ट बैकवर्ड कम्युनिटीज को 13 फीसदी और डी नोटिफाईड कम्युनिटी को 7 फीसदी। इसी तरह अनुसूचित जाति के लिए 18 फ़ीसदी आरक्षण को 15 और 3 फीसदी की दो कैटेगरी में बांटा गया। अनुसूचित जनजाति के लिए 01 फीसदी आरक्षण का प्रावधान किया गया। यानी कुल मिलाकर 69 फीसदी आरक्षण तमिलनाडु में किया गया। ये आंकड़े गवाह हैं कि तमिलनाडु में सामाजिक न्याय के लिए बहुत स्पष्ट नियम और नीतियां बनाई गईं। इसीलिए यह सवाल पूछा जा रहा है कि-

पिछड़ा समाज से आने वाले और पिछड़ों के लिए सामाजिक न्याय को बड़ी मजबूती से लागू करने वाले करुणानिधि को भारत रत्न क्यों नहीं? क्या नागरिक सम्मान भी राजनीतिक जरूरत के हिसाब से दिए जाएंगे? क्या लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर कर्पूरी ठाकुर को सम्मान दिया गया? बिहार में बीजेपी की खिसकती जमीन को बचाने के लिए और खासकर अति पिछड़ों के बीच पैठ बरकरार रखने के लिए कर्पूरी जी को भारत रत्न दिया गया है। यह महज छलावा है। इसका प्रमाण यह है कि 1978 में जब कर्पूरी ठाकुर ने आरक्षण लागू किया था तो भाजपा की पूर्व पार्टी जनसंघ ने उनकी सरकार को दिया गया समर्थन वापस ले लिया था और तमाम जनसंघियों ने खुलकर नारे लगाए थे-

'ई आरक्षण कहां से आई, करपुरिया की माई बियाई!'

**ब्रिटिश हुकूमत की मद्रास प्रेसीडेंसी में सबसे पहले 1921 में पिछड़ों के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया। लेकिन तात्कालिक विरोध के चलते यह 1927 में लागू हुआ। दरअसल, मद्रास प्रेसीडेंसी में आरक्षण लागू करने का ठोस और बुनियादी कारण मौजूद था। इस प्रेसीडेंसी में ब्राह्मणों का वर्चस्व और पिछड़े-दलितों की बड़ी दयनीय स्थिति थी।**

## 'एड-टेक' की उठा-पटक!

■ प्रेरणा

शिक्षा जगत में कोहराम मचा है। कोहराम इसलिए नहीं मचा है कि सरकारी विद्यालय बंद हो रहे हैं, कि योग्य शिक्षक नहीं मिल रहे हैं। कोहराम इस पर भी नहीं मचा है कि स्कूल हों या कॉलेज या कोचिंग संस्थान, सब मिलकर समाज में शिक्षा नहीं, नफरत के बीज बो रहे हैं। प्रतिभावान विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं में नाकाम होकर आत्महत्या कर रहे हैं, यह भी कोहराम का विषय नहीं है। शिक्षा जगत में शिक्षा के किसी पहलू को लेकर कोई कोहराम नहीं है। कोहराम मचा है, 'एड-टेक' यानि ऑनलाइन शिक्षा की दुनिया में! एजुकेशन का 'एड' और टेक्नॉलॉजी का 'टेक।' वहां भूचाल आया हुआ है- क्या विद्यार्थी, क्या शिक्षक और क्या अभिभावक सभी ऊब-डूब हो रहे हैं।

ऑनलाइन शिक्षा में क्रांति लाने वाली कंपनी 'बायजूस' दिवालिया हो गई है। ऑनलाइन जगत के दो 'बड़े लोग'- संदीप महेश्वरी और विवेक बिंद्रा के बीच तलवार खिंची हुई है। विवेक बिंद्रा हजारों रुपये की फीस लेकर उद्योगपति बनने का गुर सिखाता ऑनलाइन कोर्स चलाते हैं। दूसरी तरफ संदीप महेश्वरी हैं जो यू ट्यूब पर ज्ञान बांटते हैं। इन दोनों के मिलाकर साढ़े चार करोड़ सब्सक्राइबर हैं। आपको याद ही होगा कि संदीप महेश्वरी कभी विवेक बिंद्रा को अपने चैनल पर बुला-बुलाकर हमारे बीच प्रतिष्ठित कर रहे थे; अब वे ही संदीप हमें बता रहे हैं कि विवेक बिंद्रा कितने बड़े धोखेबाज हैं! मेरे लिए बायजूस, संदीप और विवेक तीनों एक ही समस्या के कई चेहरे हैं।

समस्या क्या है? एक अध्ययन के मुताबिक़ भारत में शिक्षा की उम्र के लगभग 24 करोड़ बच्चे हैं। 12वीं तक आते-आते इनकी संख्या 16 लाख रह जाती है और स्नातक तक यह संख्या घटकर 10 लाख तक पहुंचती है। उत्तरोत्तर घटती विद्यार्थियों की संख्या एक समस्या है तो दूसरी समस्या यह है कि भारत की शिक्षा-व्यवस्था कमोबेश खत्म हो चुकी है। सरकारी स्कूल बंद किये जा रहे हैं, योग्य शिक्षक नहीं हैं। कोचिंग का बिजनेस जितना भी फल-फूल रहा हो, परिक्षाएं हो नहीं रहीं, पर्चे लीक हो रहे हैं। प्रतिभावान और आर्थिक रूप से सक्षम नौजवान शिक्षा और रोजगार के लिए विदेश जा रहे हैं। जिनके लिए विदेश संभव नहीं है, वे सब प्रतियोगी परीक्षाओं और कोचिंग के चक्रव्यूह में फंसे हैं। बाकी रह गए 23,90,00000 नौजवान! वे कहां हैं, क्या करते हैं, कैसे जीते-मरते हैं, इसकी चर्चा कभी-कहीं नहीं होती।

ऐसे समय में सामने आए रवींद्रन बायजू! बायजू इंजीनियरिंग के प्रतिभावान छात्र थे। 2006 में अपने ही आसपास के कुछ युवाओं को उन्होंने पढ़ाना शुरू किया और फिर 2011 में 'बायजूस' नामक कंपनी शुरू की जिसका काम ही ऑनलाइन शिक्षा देना था। वे निवेशकों को यह समझाने में कामयाब हुए कि शिक्षा का उनका मॉडल देश की टूटी-बिखरी शिक्षा-व्यवस्था में जरूरी क्रांति लाएगा। उनका दावा था कि देश के दूर-दराज इलाकों में, जहां न स्कूल हैं, न योग्य शिक्षक, शिक्षा पहुंचाने का काम उनका मॉडल ही कर सकता है। वे कहते थे ='सोचिए न, दुनिया का सबसे नौजवान देश भारत यदि अपने युवाओं को योग्य शिक्षा देने लगे तो विकास की दुनिया में कहां पहुंच जाएगा!' रवींद्रन साहब का यह सपना खूब बिका- देश- दुनिया के कई बड़े निवेशकों ने 'बायजूस' की झोली में पैसा उड़ेल दिया।

'बायजूस' क्लासेज तेजी से खुलने लगीं; बात फैलने लगी! कोविड के दौरान जब सब कुछ बंद था, 'बायजूस' खुला रहा, खुलता रहा। उसका दानवाकार तैयार हो गया, लेकिन गुलजार साहब ने लिखा है न ='वक्त रहता नहीं कहीं टिककर;' तो 'बायजूस' का वक्त भी कैसे टिका रहता! बताया गया कि जिस समय 'बायजूस' की कमाई 3,500 करोड़ थी, उसका घाटा 2,250 करोड़ था। पिछले दिनों यह सच्चाई चर्चा में आई कि 'बायजूस' का बिजनेस मॉडल इस कदर नुकसान कर रहा है कि रवींद्रन को अपना घर गिरवी रखना पड़ा है, लेकिन हमारी क्रांतिकारी सरकार लुटे-पिटे रवींद्रन-मॉडल की तरफ दौड़ रही है। उसका शिक्षा-मॉडल यह है कि छोटे-छोटे स्कूलों को बंद करो, ऑनलाइन क्लास को खूब बढ़ावा दो!

दूसरी तरफ हैं विवेक बिंद्रा, जो ऑनलाइन गुरु हैं। नौजवानों को 10 दिन में 'एमबीए' कराने का दावा करते हैं; प्रति माह लाखों कमाने की तरकीब सिखाते हैं। उनके ऑनलाइन कोर्स की फी हजारों में है तो लाखों में उनके सब्सक्राइबर हैं। ये आंकड़े बताते हैं कि विवेक बिंद्रा करोड़ों की कमाई करते हैं। संदीप महेश्वरी को इससे गहरा एतराज है। वे बिंद्रा को एक्सपोज करने में जुटे हैं। वे कहते हैं कि बिंद्रा के कोर्स से कोई कमाई नहीं हो रही है; कमाई कराने के लिए बिंद्रा सबको उनका कोर्स ही दूसरों को बेचने के लिए कह रहे हैं।

शिक्षा की ऑनलाइन दुनिया में जो हो रहा है, दरअसल वही हमारी असल जिंदगी में भी हो रहा है। शिक्षा का मतलब क्या है; शिक्षा कैसी हो और कैसे दी जाए आदि सवाल अब कोई पूछता नहीं है। सब पूछते हैं कि शिक्षा से कमाई कैसे होगी व कितनी? यही तो बिंद्रा, संदीप और रवींद्रन भी बता रहे थे; और यही हमारी पुराणपंथी सरकार की नई शिक्षा-नीति भी बता रही है। बगैर कोई सवाल पूछे अंग्रेजी राज चलाने वाले नौकरों की खोज में से निकली थी, यह शिक्षा-नीति! उसे ही बिंद्रा-संदीप-रवींद्रन-मोदी सब जारी रखना चाहते हैं।

'मेक इन इंडिया' जैसे फैंसी नारों के भीतर का सच यह है कि दुनिया भर की फैक्टरियां चलाने के लिए थोड़े-बहुत पढ़े-लिखे, पर सस्ते मजदूर मिलते रहें। ये फैक्ट्रियां भी ऐसी हों कि जिनमें मजदूरों की जरूरत कम-से-कम होती जाए। आदमी की जगह कम्प्यूटर और रोबोट की अधिकाधिक मदद कैसे मिलती रहे, इसकी खोज में हमारे समाज के बेहतरीन दिमाग जुटे रहें तथा कृत्रिम मेधा- आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस- का काम आगे-से-आगे बढ़ाया जाता रहे।

बिंद्रा-संदीप-रवींद्रन-मोदी लगाएं-न-लगाएं, हम सब तो जरा दिमाग लगाएं। खुद लखपति-करोड़पति बनने के लिए हजारों बिंद्रा-संदीप-रवींद्रन-मोदी अपनी-अपनी कोचिंग चला रहे हैं। कोचिंग का मतलब शिक्षा नहीं है। हम शिक्षा और शिक्षण का महत्व आज भी समझ नहीं पा रहे हैं। गुलाम भारत में ही गांधीजी ने आजाद भारत की शिक्षा का खाका बनाना शुरू कर दिया था। उनसे प्रेरणा पाकर चीन में माओ ने 'हाफ-हाफ स्कूल' बनाए जिनमें शिक्षा और उत्पादन को बराबर का महत्व दिया। चीन को गुलामी की मानसिकता से बाहर लाने में शिक्षा की इस नई संकल्पना का बड़ा हाथ था।

नई तालीम की शिक्षा-पद्धति में गांधीजी तीन 'द' के विकास की बात कहते हैं- देह, दिमाग और दिल। देह का विकास मतलब श्रम के प्रति सम्मान का भाव रखने वाला स्वस्थ और मजबूत शरीर! हाथ हिलाने का श्रम भी हम न करें तो चेहरे पर बैठी मक्खी भी भगा नहीं सकते। श्रम इतना जरूरी और स्वाभाविक है कि इसका फल तुरंत मिलता है। जो सभ्यता, शैली, आविष्कार या यंत्र हमें इस श्रम से दूर ले जाता है, वह अहितकारी है, त्याज्य है, मानव विरोधी है, लेकिन श्रम विवेकशून्य नहीं होना चाहिए। जहां जब, जितना और ज़रूरी हो, वहां तब, उतना श्रम करना चाहिए। श्रम बड़ा या छोटा नहीं होता, वह ज़रूरी होता है।

इस समझ को बनाने के लिए दिमाग का तार्किक विकास जरूरी है। इतना ही जरूरी है, मानवीय संवेदनाओं का विकास। इस मामले में हम जिस तरह चूके हैं, उसका ही नतीजा भुगत रहे हैं। ऐसी शिक्षा हो तो हम कह सकेंगे कि बायजू, बिंद्रा, संदीप, मोदी करोड़ों लेकर अपने घर जाइए, हमारे पास पर्याप्त संतोष-धन है जिसके लिए रहीम कह गए हैं - 'जब आवे संतोष-धन, सब धन धूरि समान !' कोई बताए, इससे बड़ी शिक्षा-नीति क्या हो सकती है?

**( लेखिका सामाजिक कार्यकर्ता और गांधीवादी-अर्थशास्त्र की अध्येता हैं। )**

**ऐसे समय में सामने आए रवींद्रन बायजू! बायजू इंजीनियरिंग के प्रतिभावान छात्र थे। 2006 में अपने ही आसपास के कुछ युवाओं को उन्होंने पढ़ाना शुरू किया और फिर 2011 में 'बायजूस' नामक कंपनी शुरू की जिसका काम ही ऑनलाइन शिक्षा देना था। वे निवेशकों को यह समझाने में कामयाब हुए कि शिक्षा का उनका मॉडल देश की टूटी-बिखरी शिक्षा-व्यवस्था में जरूरी क्रांति लाएगा। उनका दावा था कि देश के दूर-दराज इलाकों में, जहां न स्कूल हैं, न योग्य शिक्षक, शिक्षा पहुंचाने का काम उनका मॉडल ही कर सकता है।**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*


# देश विदेश

## रूस का दूसरे देशों में परमाणु हथियार तैनात करने का इरादा नहीं : उप विदेश मंत्री

**मॉस्को।** उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने कहा कि रूस अन्य देशों में परमाणु हथियार तैनात करने की योजना नहीं बना रहा है। रयाबकोव ने बेलारूस में मौजूदा स्टेशनों के अलावा अन्य किसी देश में परमाणु हथियार तैनात करने से परहेज करने की मास्को की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। यह बयान गुरुवार को ब्रिक्स शेरपाओं और सूस-शेरपाओं की उद्घाटन बैठक के बाद आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान आया। मॉस्को ने इस मामले में एक जिम्मेदार दृष्टिकोण के रूप में उत्तरी अटलांटिक गठबंधन की बढ़ती आक्रामक और धमकी भरी गतिविधियों का मुकाबला करने के लिए बेलारूस में सामरिक परमाणु हथियार तैनात किए हैं।

# इजरायल-हमास युद्ध : हमास नेता शांति वार्ता के लिए काहिरा में

**तेल अवीव, 2 फरवरी (एजेंसियां)।** हमास के राजनीतिक प्रमुख इस्माइल हानियेह के नेतृत्व में वरिष्ठ नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल गाजा पट्टी में इजरायल के साथ चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए शांति वार्ता के लिए मिस्र की राजधानी काहिरा पहुंच गया है। प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ नेता मूसा अबू मरजूक और खलील अल हया भी शामिल हैं। गुरुवार को काहिरा पहुंचे और अपने खुफिया प्रमुख मेजर जनरल अब्बास कामेल के नेतृत्व में मिस्र के अधिकारियों के साथ बैठकें कीं। मिस्र के सूत्रों के अनुसार, चर्चा पिछले सप्ताह पेरिस में चल रही शांति वार्ता पर केंद्रित है, इसमें कतर, मिस्र, अमेरिका और इजरायली



अधिकारियों ने भाग लिया था। पेरिस चर्चा के अनुसार, हमास की हिरासत में बंधकों की रिहाई के लिए एक व्यापक रूपरेखा पर सहमति बनी है, इसके तहत पहले चरण में 35 बंधकों को रिहा किया जाएगा, जिसमें बूढ़े, बीमार और महिला कैदी शामिल हैं। जहां हमास युद्ध को स्थायी रूप से रोकना चाहता था, वहीं इजरायल ने इस प्रस्ताव को सिरे से खारिज कर दिया था।

इज़रायली प्रधान मंत्री कार्यालय (पीएमओ) के सूत्रों के अनुसार, इज़राइल पक्ष पहले चरण में छह सप्ताह के संघर्ष विराम के लिए सहमत हो गया है, जिसमें 35 बंधकों को रिहा किया जाएगा। जबकि हमास चाहता है कि इज़रायली जेलों में बड़ी संख्या में फ़िलिस्तीनियों को इज़रायली बंधकों के बदले दिया जाए, लेकिन इज़रायल इस पर सहमत नहीं है।

## गाजा में फिलीस्तीनियों की मौत का आंकड़ा 27 हजार से अधिक : मंत्रालय


**गाजा, 2 फरवरी (आईएएनएस)।** गाजा पट्टी पर चल रहे इजरायली हमलों में फिलीस्तीनियों की मौत का आंकड़ा 27,000 से अधिक हो गया है। गाजा स्थित स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, मंत्रालय ने गुरुवार को एक प्रेस बयान में कहा कि इजरायली सेना ने पिछले 24 घंटों के दौरान पट्टी में 118 फिलिस्तीनियों को मार डाला और 190 अन्य को घायल कर दिया।

## इजरायली सेना ने गाजा गिरफ्तार 114 फिलिस्तीनियों को किया रिहा

इजरायली सेना ने दक्षिणी गाजा पट्टी में केरेम शालोम क्रॉसिंग के माध्यम से 114 फिलिस्तीनियों को रिहा कर दिया है, जिन्हें जमीनी ऑपरेशन के दौरान गिरफ्तार किया गया था। मीडिया ने यह जानकारी दी। गाजा में सीमा प्राधिकरण के एक फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्र ने गुरुवार को समाचार एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि रिहा किए गए कुछ फिलिस्तीनियों को उनकी स्वास्थ्य स्थिति में गिरावट के कारण राफा शहर के नज्जर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यूरो-मेड ह्यूमन राइट्स मॉनिटर के हवाले से एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, गाजा पट्टी में अपने जमीनी अभियान के दौरान, इजरायली सेना ने सैकड़ों फिलिस्तीनियों को गिरफ्तार किया और उन्हें अज्ञात स्थानों पर रखा।

# बाइडेन प्रशासन ईरान समर्थित आतंकवादियों पर हमला करने के करीब : ऑस्टिन

**वाशिंगटन, 2 फरवरी (एजेंसियां)।** अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने अपनी हालिया स्वास्थ्य स्थिति और सर्जरी से जुड़ी खबरों और अनिश्चितताओं को खारिज कर दिया है। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने जार्डन में तीन अमेरिकी सैनिकों के ड्रोन हमले में मारे जाने के खिलाफ जल्द सख्त कार्रवाई की बात भी कही।



प्रोस्टेट कैंसर के इलाज लिए एक जनवरी को अस्पताल में भर्ती होने के बाद पहली बार पत्रकारों से बात करते हुए ऑस्टिन ने अपनी स्थिति के बारे में राष्ट्रपति को ने सूचित करने के बारे में पत्रकारों के सवालों के जवाब दिए।

ऑस्टिन ने कहा कि मुझे अपने कैंसर निदान के बारे में राष्ट्रपति को बताना चाहिए था। मुझे अपनी टीम और अमेरिकी जनता को भी बताना चाहिए था और मैं इसकी पूरी जिम्मेदारी लेता हूं। उन्होंने कहा कि मैं अपने साथियों और अमेरिकी लोगों से माफी मांगता हूं। ऑस्टिन ने कहा कि वह अभी भी पैर के दर्द से जूझ रहे हैं और उनकी फिजिकल थेरेपी चल रही है। वह अपनी रिकवरी की समय-सीमा को दिनों या हफ्तों के रूप में नहीं बता सके। यूएस न्यूज एंड वर्ल्ड रिपोर्ट में ऑस्टिन के हवाले से कहा गया है, मैं ओलंपिक के लिए तैयार नहीं होऊंगा, लेकिन मैं सुधार करूंगा।

सीबीएस न्यूज़ ने गुरुवार को बताया कि अमेरिकी अधिकारियों ने इराक और सीरिया के अंदर ईरान के केंद्रों पर हमलों की एक योजना को मंजूरी दे दी है। सीबीएस न्यूज़ की रिपोर्ट के अनुसार, हमले कब होंगे यह निर्धारित करने में मौसम एक बड़ा कारक होगा। इस सप्ताह की शुरुआत में, बाइडेन ने कहा था कि वह जानते हैं कि उनका प्रशासन हमले का जवाब कैसे दे और ऑस्टिन ने गुरुवार को कहा कि अब ईरान समर्थित मिलिशिया को और अधिक कमजोर करने का समय आ गया है।

## हम अपनी सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं पर भारत के साथ मिलकर करते हैं काम : अमेरिका

वाशिंगटन। यह दोहराते हुए कि भारत के साथ उसकी साझेदारी सबसे महत्वपूर्ण रिश्तों में से एक है, अमेरिका ने कहा है कि वह सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं पर भारत के साथ मिलकर काम कर रहा है। विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर की टिप्पणी बाइडेन प्रशासन द्वारा गुरुवार को अमेरिकी कांग्रेस को भारत को 31 सशस्त्र ड्रोन बेचने के अपने फैसले के बारे में सूचित करने के कुछ घंटों बाद आई।

## सुडोकू 6455

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 7 | 6 | | |
| | | 6 | 5 | | | | | |
| | 8 | | 1 | | | 9 | 2 | |
| 3 | | 7 | 2 | 1 | | | | |
| 4 | | | | 9 | | | | 1 |
| | | | | 4 | 5 | 8 | | 3 |
| | 3 | 5 | | | 1 | | 8 | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | | 2 | 6 | | | | 9 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शनिवार 3 फरवरी, 2024 माघ कृष्ण पक्ष 9

### राशिफल

मेष -आज भाग्य आपके साथ है, इसलिए आज आप समाज और लोगों से सम्मान प्राप्त कर सकेंगे। आपका वैवाहिक और पारिवारिक जीवन संतुष्ट और सुखी रहेगा। आप मित्रों के साथ मौज-मस्ती और रोमांस का आनंद ले सकेंगे।

वृषभ -आज आपको वाणी और व्यवहार पर अंकुश रखना पड़ेगा। किसी की हंसी उड़ाने से आप परेशान होंगे। गलतफहमी पैदा हो सकती है। मनोरंजन और मौज-शौक के पीछे खर्च हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखना पड़ेगा।

मिथुन -नए काम शुरू करने के लिए समय अच्छा नहीं है। आपको जीवनसाथी और संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। किसी के साथ चर्चा में स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है, सावधान रहना जरूरी है।

कर्क -आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ अनुभव नहीं करेंगे। सीने में दर्द या जलन जैसी तकलीफ से परेशान रहेंगे। परिवार के सदस्यों के साथ संघर्ष हो सकता है।

सिंह -आज आप शारीरिक मानसिक रूप से अस्वस्थ रह सकते हैं। भाइयों के साथ सम्बंध मजबूत बनेंगे। अपने मन के अनुसार काम कर सकेंगे। कोई छोटी यात्रा हो सकती है। आज आपको कोई बड़ा अवसर मिल सकता है।

कन्या -आपको उलझन का अनुभव होगा। मन में नकारात्मक भाव बने रहने से डर बना रहेगा। परिजनों के साथ मतभेद या विवाद हो सकता है। गलत खर्च होने की आशंका है। विद्यार्थी पढ़ाई में ध्यान केंद्रित नहीं कर सकेंगे।

तुला -यह समय आर्थिक योजनाएं बनाने के लिए बहुत अच्छा है। आपकी कलात्मकता और सृजनात्मकता बहुत अच्छी रहेगी। शारीरिक तथा मानसिक रूप से स्वस्थ अनुभव करेंगे। सभी कार्य आत्मविश्वास और दृढ़ मनोबल से आगे बढ़ेंगे।

वृश्चिक -आज आप मौज-मस्ती और मनोरंजन के पीछे धन खर्च करेंगे। शारीरिक और मानसिक समस्याएं दूर हो सकेंगी। व्यावहारिक उग्रता के कारण बड़ा विवाद हो सकता है। परिजनों के साथ मतभेद होने की आशंका भी है।

धनु -आज का दिन आपके लिए लाभदायक हो सकेगा। पारिवारिक जीवन में सुख-शांति बनी रहेगी। प्रिय व्यक्ति की मुलाकात बहुत यादगार साबित होगी। मित्रों के साथ घूमने जा सकेंगे। स्वादिष्ट भोजन मिलने से मन खुश रहेगा।

मकर -आज आपके व्यापार में आय तथा प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नौकरी में परिश्रम का अच्छा फल प्राप्त होगा। पारिवारिक और संतान सम्बंधी चिंता दूर होगी। संतोष और खुशी मिलेगी। व्यापार में थोड़ा व्यस्त रहेंगे।


कुंभ -आज आप शारीरिक अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। शरीर में ताजगी का अभाव होने से काम करने में उत्साह नहीं रहेगा। अधिकारियों से मनमुटाव होने की संभावना है। मौज-मस्ती या घूमने के पीछे खर्च हो सकता है।

मीन -स्वास्थ्य के विषय में आपको सजग रहना पड़ेगा। बीमारी के कारण खर्च में वृद्धि होगी। काम में थोड़ी कठिनाई आ सकती है। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद और मनमुटाव हो सकता है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# अमेरिका में चार भारतीय छात्रों की मौत, यात्रा सलाह जारी करने की मांग

**नई दिल्ली, 2 फरवरी (एजेंसियां)।** अमेरिका में एक के बाद एक चार भारतीय छात्रों की मौत हो गई है, इससे विदेश में पढ़ने वाले छात्रों की सुरक्षा को




लेकर डर पैदा हो गया है और नाराज नेटिज़न्स ने यात्रा सलाह की मांग की है। पर्ड्यू विश्वविद्यालय के नील आचार्य, जॉर्जिया में एमबीए के छात्र विवेक सैनी और इलिनोइस विश्वविद्यालय के अकुल बी धवन की मौत के बाद गुरुवार को सबसे ताजा मामला सिनसिनाटी में लिंडनर स्कूल ऑफ बिजनेस के छात्र श्रेयस रेड्डी बेनिगेरी का है। बेनिगेरी की मौत की घोषणा करते हुए, न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने कहा कि पुलिस जांच चल रही है, जबकि नेटिज़न्स के बीच भारतीय छात्रों के लिए एक सलाह की मांग तेज़ हो गई है। वाणिज्य दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ओहियो में भारतीय मूल के छात्र श्रेयस रेड्डी बेनिगेरी के दुर्भाग्यपूर्ण निधन से गहरा दुख हुआ। पुलिस जांच चल रही है। इस स्तर पर, बेईमानी का संदेह नहीं है। वाणिज्य दूतावास ने कहा कि वह बेनिगेरी परिवार के संपर्क में है और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है। एक्स पर एक यूजर देबाशीष सरकार ने वाणिज्य दूतावास की पोस्ट के जवाब में लिखा, विदेश मंत्रालय (विदेश मंत्रालय) को भारतीय छात्रों को अमेरिका में सुरक्षित रखने के लिए एक सलाह जारी करने की जरूरत है। सिर्फ उनके शवों को भारत भेजना ही उनका एकमात्र काम नहीं है। अमेरिका को भारतीयों के लिए तेजी से असुरक्षित स्थान बनता जा रहा बताते हुए, एक्स यूजर सोनम महाजन ने लिखा, अब समय आ गया है।

# इराक व सऊदी अरब ने जॉर्डन में अमेरिकी बेस पर ड्रोन हमले के नतीजों पर की चर्चा

**बगदाद, 2 फरवरी (एजेंसियां)।** इराकी विदेश मंत्री फुआद हुसैन ने जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर घातक ड्रोन हमले के क्षेत्रीय नतीजों पर चर्चा करने के लिए अपने सऊदी समकक्ष फैसल बिन फरहान अल सऊद के साथ फोन पर बातचीत की।

इराकी विदेश मंत्रालय द्वारा गुरुवार को जारी एक बयान के अनुसार, दोनों मंत्रियों ने क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति के संबंध में हमले के बाद के संभावित परिदृश्यों पर चर्चा की। हुसैन ने 'क्षेत्र में संपूर्ण युद्ध के खतरे को दूर करने और दोनों देशों की सुरक्षा की रक्षा के लिए बगदाद और रियाद के बीच संचार और समन्वय जारी रखने' की आवश्यकता पर बल दिया।

समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, व्हाइट हाउस ने बुधवार को कहा कि इस्लामिक रेजिस्टेंस इन इराक के नाम से जाना जाने वाला एक समूह हाल ही में जॉर्डन में हुए ड्रोन हमले के लिए जिम्मेदार था, इसमें तीन अमेरिकी सैनिक



मारे गए थे।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने पहले ही निर्णय ले लिया है कि उस हमले का जवाब कैसे दिया जाए, जो 7 अक्टूबर, 2023 को इजरायल-हमास संघर्ष के बाद पहली अमेरिकी मौत का कारण बना। उन्होंने विस्तार से नहीं बताया, लेकिन दोहराया कि उनका प्रशासन मध्य पूर्व में व्यापक युद्ध की तलाश में नहीं है।

## वर्ग पहेली 6455



**बायें से दायें:-**

१. स्वर के बाद बोले जाने वाला अनुनासिक वर्ण, अनुनासिक बिंदी
३. तकलीफदेह
५. गगन, आकाश
६. कहानी, कथा, वृत्तांत (उर्दू)
७. ढूंढना, खोजना (उर्दू)
८. आगरा में स्थित एक विश्वप्रसिद्ध स्मारक
१३. घोड़ों की दौड़
१५. माल की बिक्री, खपने का भाव
१६. अनुचित, अवैध (उर्दू)
१७. सेनापति, कार्तिकेय, धृतराष्ट्र का एक पुत्र
१८. दक्ष, निपुण, कुशल
२०. स्वर्गगत, स्वर्गीय, मृत
२२. परिवर्तित (उर्दू)
२३. बड़प्पन

**ऊपर से नीचे:-**

१. न देने वाला, कंजूस
२. स्वतंत्रता
३. हथेली
४. सौ में से, फीसदी
५. नतीजा, परिणाम (उर्दू)
९. कसकर बांधना, बंधन कड़ा करना
१०. उत्तेजित होना, क्रुद्ध होना, जोर से जल उठना
११. नेत्र, नयन
१२. परिवर्तित करना, बदलना, अंतरित करना
१४. तपेदिक
१७. स्वास्थ (उर्दू)
१९. उजाड़, निर्जन (उर्दू)
२०. हृदय, मन (उर्दू)
२१. अंधकार


## वर्ग पहेली-6454



यूसुफ कुरैशी, मो. 8109948408

# कनाडा में निज्जर के दोस्त के घर पर कई गोलियां चलाई गईं

**टोरंटो, 2 फरवरी (एजेंसियां)।** भारत में नामित आतंकवादी खालिस्तान समर्थक नेता हरदीप सिंह निज्जर, जिसकी पिछले साल कनाडाई प्रांत ब्रिटिश कोलंबिया में एक गुरुद्वारे के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, से संबंधित एक सिख कार्यकर्ता के घर पर गोलियां चलाई जाने की खबर है। सरे रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) ने कहा कि घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। बुधवार-गुरुवार की रात 1.20 बजे के बाद 154 स्ट्रीट के 2800 ब्लॉक के पास स्थित साउथ सरे के एक घर पर गोलियां चलाई गईं। सीबीसी समाचार चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, बी.सी. गुरुद्वारा काउंसिल के प्रवक्ता मोनिंदर सिंह ने घर के मालिक की पहचान निज्जर के दोस्त सिमरनजीत सिंह के रूप में की है।



उन्होंने कहा कि रात भर हुए हमले में सिमरनजीत का छह साल का बच्चा बाल-बाल बच गया। सीबीसी के अनुसार, गोलीबारी में एक कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और घर में गोलियों के कई छेद हो गए।

सरे आरसीएमपी के बड़े अपराध अनुभाग के जांचकर्ताओं का मानना है कि यह एक अलग घटना थी लेकिन उन्होंने इसकी पुष्टि नहीं की कि घर पर कितनी गोलियां चलाई गईं। कॉर्पोरल सर्बजीत संघा ने कहा कि अधिकारियों ने पड़ोसियों और गवाहों से बात की है, और वर्तमान में शूटिंग के बारे में अधिक जानने के लिए सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा कर रहे हैं।

संघा ने सीबीसी न्यूज को बताया, जांच अभी भी शुरुआती चरण में है, इसलिए इस गोलीबारी का मकसद अभी तक निर्धारित नहीं किया गया है।

मोनिंदर ने समाचार चैनल को बताया कि समुदाय के सदस्यों का मानना है कि निज्जर के साथ सिमरनजीत के संबंधों ने गोलीबारी में भूमिका निभाई होगी।

# भारत ने संयुक्त राष्ट्र का सालाना 32 मिलियन डॉलर का बकाया चुकाया

**संयुक्त राष्ट्र, 2 फरवरी (एजेंसियां)।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक के अनुसार, भारत ने संयुक्त राष्ट्र के आम बजट का 32.895 मिलियन डॉलर का वार्षिक बकाया चुका दिया है। गुरुवार को अपनी दैनिक ब्रीफिंग में, उन्होंने इस योगदान के लिए नई दिल्ली को धन्यवाद दिया, जिसने इसे संयुक्त राष्ट्र की 'सम्मान सूची' में जगह दिलाई।

संयुक्त राष्ट्र महासभा की योगदान समिति के अनुसार, भारत संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्यों में से केवल 36 देशों में से एक है, जिसने संयुक्त राष्ट्र के आम बजट के लिए अपने वार्षिक मूल्यांकन का भुगतान बुधवार की समय सीमा तक कर दिया है।

आम बजट के लिए नई दिल्ली का कुल मूल्यांकन 36.18 मिलियन डॉलर है, लेकिन इसे 3.85 मिलियन डॉलर का क्रेडिट दिया गया है। जो कर्मचारियों के आकलन से प्राप्त क्रेडिट है।

भारत का योगदान संयुक्त राष्ट्र के कुल बजट 3.59 बिलियन डॉलर का 1.044 प्रतिशत है। संयुक्त राष्ट्र के नियमित बजट में अमेरिका सबसे बड़ा योगदानकर्ता है, जो 762.43 मिलियन डॉलर, कुल बजट का 22 प्रतिशत भुगतान करता है। इसके बाद चीन है, जो बजट का 15.25 प्रतिशत या 528.64 मिलियन डॉलर का भुगतान करता है।

## आज का इतिहास

1760-सदाशिव राव भाऊ के नेतृत्व में मराठा सेना ने उदगीर के युद्ध में निजाम को बुरी तरह हराया।
1815-विश्व में पनीर उत्पादन का पहला कारखाना स्विटजरलैंड में खोला गया।
1909-भारतीय स्वतंत्रता सेनानी सुहासिनी गांगुली का जन्म।
1916-बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की शुरुआत।
1925-भारत की पहली बिजली संचालित ट्रेन सेवा मुम्बई से कुर्ला के बीच शुरू।
1934-पहली बार हवाई जहाजों से पार्सल भेजने का सिलसिला शुरू हुआ। इसे शुरू करने वाले कंपनी को आज लुफ्थांसा के नाम से जाना जाता है।
1938-प्रसिद्ध भारतीय फ़िल्म अभिनेत्री वहीदा रहमान का जन्म।
1942-जावा पर पहला जापानी हवाई हमला हुआ।
1945-रूस द्वितीय विश्व युद्ध में जापान के खिलाफ युद्ध में शामिल होने पर सहमत हुआ।
1954-इलाहाबाद कुम्भ मेले में हुए हादसे में 500 से अधिक की मौत।
1969-तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री सी.एन. अन्नादुरई का निधन।
1970-भारत के पहले और दुनिया के सबसे बड़े कोयला आधारित उर्वरक संयंत्र की तलचर में आधारशिला रखी गई।
1972-जापान के सप्पारो में एशिया में पहली बार शीतकालीन ओलंपिक का आयोजन किया गया।
1988-पहली परमाणु पनडुब्बी (आईएनएस चक्र) भारतीय सेना में शामिल।
1999-भारतीय राज्य जम्मू और कश्मीर में डेमोक्रेटिक जनता दल का पुनरुद्धार हुआ।

## प्रदर्शन — ठंडे रेगिस्तान लद्दाख में आग भड़की

# राज्य का दर्जा व छठी अनुसूची में स्थान पाने को अब 'लेह चलो' के साथ ही लद्दाख बंद

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 2 फरवरी (देशबन्धु)।** ठंडे रेगिस्तान लद्दाख में माहौल गर्म हो गया है। लद्दाख की जनता ने राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची में स्थान पाने को अब जिस 'लेह चलो' का आह्वान किया था उसमें अब कल लद्दाख बंद को भी शामिल कर लिया गया है। इसमें भाजपा की ओर से कोई समर्थन नहीं दिया जा रहा है। जिन मुद्दों को लेकर लद्दाख में आंदोलन तेज हुआ है, उनमें लद्दाख को राज्य बनाना, इसे संविधान के छठे शेडयूल के दायरे में लाना, सिक्किम की तर्ज पर लद्दाख में विधानसभा का गठन, क्षेत्र में सरकारी नौकरियों पर सिर्फ लद्दाख के युवाओं को नियुक्त करना व लद्दाख के लिए एक की जगह दो संसदीय सीटें बनाकर लेह व करगिल के लोगों की उम्मीदों को पूरा करना मुख्य है।

दरअसल, जो यूटी का दर्जा बिना विधानसभा के मिला वह अब लद्दाखवासियों को रास नहीं आ रहा है। यूटी मिलने के कुछ ही महीनों के बाद उन्होंने आंदोलन छेड़ दिया था। इस आंदोलन ने अब हवा पकड़नी आरंभ की है और यह अब उतनी ही तेज हो गई है जो कभी यूटी पाने की मांग ने पकड़ी थी। जानकारी के लिए लेह के बौद्धों ने 30 सालों तक यूटी का दर्जा पाने आंदोलन किया था पर राज्य का दर्जा पाने को करगिल भी उसके साथ है। बस भारतीय जनता पार्टी का साथ इस मांग में उन्हें नहीं मिल पा रहा है।

कई सालों की जंग के बाद लद्दाखियों को जो यूटी का दर्जा मिला वे उससे नाखुश हैं। यही कारण है कि अब उन्होंने अपनी मांगों को लेकर हुंकार भरते हुए आंदोलन की शुरूआत करते हुए 3 फरवरी को लेह चलो व लद्दाख बंद का आह्वान किया हे। दरअसल उनका कहना है कि केंद्र सरकार ने उनकी मांगों का मसौदा स्वीकृत करने के बावजूद कोई कदम नहीं उठाया है।

### ■ लद्दाख राज्य का दर्जा पाने का हकदार

और अब लद्दाख की जनता अब अपनी मांगों के प्रति खुल कर मैदान में आ गई है। केंद्र सरकार से मुलाकातों के बाद केंद्र के आग्रह पर लद्दाख के नेताओं ने केंद्र को मसौदा तो सौंपा पर उस पर कोई सकारात्मक रूख नहीं अपनाया गया है जिसमें लद्दाख को राज्य का दर्जा देने की मांग के साथ ही 6वीं अनुसूची को भी लागू करने की मांग की गई थी जबकि ऐसा न होने पर आंदोलन तेज करने की धमकी व चेतावनी दी गई थी।

जानकारी के लिए लद्दाख के लिए राज्य का दर्जा और 6वीं अनुसूची की मांग करते हुए लेह और करगिल डेमोक्रेटिक एलायंस की सर्वोच्च संस्था ने कुछ दिन पहले गृह मंत्रालय को एक विस्तृत मसौदा सौंपा था। शीर्ष संस्था के सह-अध्यक्ष चेरिंग दोरजे ने पत्रकारों को यह जानकारी दी थी। मसौदे में बताया गया था कि इतिहास, सामरिक महत्व, पर्यावरणीय महत्व को ध्यान में रखते हुए; उत्तर पूर्व के अन्य राज्यों के साथ समानता और विभिन्न अन्य मापदंडों के आधार पर, लद्दाख राज्य का दर्जा पाने का हकदार है। और अब विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधियों और लेह एपेक्स बाडी (एलएबी) ने लोगों से 3 फरवरी, 2024 को निर्धारित 'लेह चलो' आंदोलन में बड़ी संख्या में भाग लेने की अपील की है।

## दुनिया को जानें

# रॉयल फिलहारमोनिक सोसाइटी अवार्ड्स के लिए दो ब्रिटिश-भारतीय संगीतकारों का चयन

**लंदन, 2 फरवरी (एजेंसियां)।** इस साल के प्रतिष्ठित रॉयल फिलहारमोनिक सोसाइटी (आरपीएस) पुरस्कारों के लिए चुने गए 19 कलाकारों और संगीतकारों में दो ब्रिटिश भारतीय संगीतकार भी शामिल हैं। द संडे टाइम्स के मुताबिक बर्मिंघम ओपेरा कंपनी के संगीत निर्देशक अल्पेश चौहान ओबीई को कंडक्टर श्रेणी में



नामांकित किया गया है, और सितारवादक व संगीतकार जसदीप सिंह देगुन को वाद्ययंत्र वादक पुरस्कार और लार्ज-स्केल कंपोज़िशन पुरस्कार श्रेणियों में नामांकित किया गया है। आरपीएस के एक प्रेस नोट में कहा गया है, 'शॉर्टलिस्ट किए गए 19 कलाकारों और संगीतकारों में से 42 प्रतिशत वैश्विक बहुमत का प्रतिनिधित्व करते हैं, इनमें सेलिस्ट अयाना विटर-जॉनसन, बर्मिंघम ओपेरा कंपनी के संगीत निर्देशक अल्पेश चौहान और सितार वादक जसदीप सिंह डेगुन शामिल हैं।

# प्रादेशिकी

## खाली कराई गई भूमि पर अस्थाई गौशाला बनाने का किया विरोध

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी में नगर निगम और जिला प्रशासन ने नजूल भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाकर उसमें कब्जा लिए जाने का अभियान जारी है इसी बीच नजाकत के बगीचे में 2 एकड़ भूमि पर अतिक्रमण हटाकर खाली किए गए। इस स्थान पर अस्थाई गौशाला बनाने की बात पर जमकर विरोध हो गया। इस दौरान मौके पर पहुंची सिटी मजिस्ट्रेट रिचा सिंह और नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय के सामने स्थानीय महिलाओं ने जमकर हंगामा किया। इस दौरान तीखी बहस भी हुई महिलाएं वहां पर गौशाला नहीं बनाने की मांग कर रही थी जबकि प्रशासन का कहना था की बाजारों से आवारा जानवरों को हटाकर यहां गौशाला में रखा जाएगा जिसके लिए फिलहाल यहां अस्थाई रूप से गौशाला बनाई जा रही है

# पूरे देश के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा यूसीसीः धामी




- समान नागरिक संहिता के लिए गठित समिति ने सीएम को सौंपा ड्राफ्ट
- यूसीसी कमेटी ने किए 43 जनसंवाद कार्यक्रम
- 2 लाख 33 हजार सुझावों का अध्ययन करने के लिए समिति की 72 बैठकें आहूत की गई

**देहरादून,** 2 फरवरी (देशबन्धु)। उत्तराखण्ड में समान नागरिक संहिता के लिये सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई के नेतृत्व में बनी समिति ने शुक्रवार को ड्राफ्ट मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सौंपा। मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि विधान सभा चुनाव 2022 से पूर्व हमने उत्तराखण्ड राज्य की जनता से भारतीय जनता पार्टी के संकल्प के अनुरूप उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लाने का वादा किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने वादे के मुताबिक हमने सरकार गठन के तुरंत बाद ही पहली कैबिनेट की बैठक में ही समान नागरिक संहिता बनाने के लिए एक विशेषज्ञ समिति के गठन का निर्णय लिया था और 27 मई 2022 को उच्चतम न्यायालय की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई के नेतृत्व में पांच सदस्यीय समिति गठित की गई।

समिति में सिक्किम उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश प्रमोद कोहली, उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्य सचिव शत्रुघ्न सिंह, दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल एवं समाजसेवी मनु गौड़ को सम्मिलित किया गया। समिति ने दो उप समितियों का गठन भी किया गया। जिसमें से एक उपसमिति का कार्य संहिता का प्रारूप तैयार करने का था। दूसरी उपसमिति का कार्य प्रदेश के निवासियों से सुझाव आमंत्रित करने के साथ ही संवाद स्थापित करना था। समिति द्वारा देश के प्रथम गांव माणा से जनसंवाद कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए प्रदेश के सभी जनपदों में सभी वर्ग के लोगों से सुझाव प्राप्त किये गये। इस दौरान कुल 43 जनसंवाद कार्यक्रम किये गये और प्रवासी उत्तराखंडी भाई-बहनों के साथ 14 जून 2023 को नई दिल्ली में चर्चा के साथ ही संवाद कार्यक्रम पूर्ण किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समिति ने अपनी रिपोर्ट तैयार करने के लिये समाज के हर वर्ग से सुझाव आमंत्रित करने के लिये 8 सितम्बर 2022 को एक वेब पोर्टल लॉन्च करने के साथ ही राज्य के सभी नागरिकों से एसएमएस और वाट्सअप मैसेज द्वारा सुझाव आमंत्रित किये गये। समिति को विभिन्न माध्यमों से दो लाख बत्तीस हजार नौ सौ इक्सठ (2,32,961) सुझाव प्राप्त हुए। जो कि प्रदेश के लगभग 10 प्रतिशत परिवारों के बराबर है। लगभग 10 हजार लोगों से संवाद एवं प्राप्त लगभग 2 लाख 33 हजार सुझावों का अध्ययन करने हेतु समिति की 72 बैठकें आहूत की गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समिति से रिपोर्ट प्राप्त कर राज्य की जनता एवं राज्य सरकार की ओर से समिति के सभी विद्वान सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया और आशा की गई कि समिति के सदस्यों का यह योगदान राज्य ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिये एक मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार इस रिपोर्ट का अध्ययन और परीक्षण कर यथाशीघ्र उत्तराखंड राज्य के लिये समान नागरिक संहिता कानून का प्रारूप तैयार कर संबंधित विधेयक को आगामी विधान सभा के विशेष सत्र में रखेगी। इस कानून को लागू करने की दिशा में सरकार तेजी से आगे बढ़ेगी। इस अवसर पर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, सचिव आर. मीनाक्षी सुदंरम, विनय शंकर पाण्डेय, विशेष सचिव पराग मधुकर धकाते, समान नागरिक संहिता के सदस्य सचिव श्री अजय मिश्रा एवं महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी उपस्थित थे।

### यूसीसी ड्राफ्ट पर हरिद्वार ने साधु-संतों ने जताई खुशी

समान नागरिक संहिता का फाइनल ड्राफ्ट तैयार हो चुका है। गठित कमेटी ने ड्राफ्ट मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सौंप दिया है। कल तीन फरवरी को होने वाली कैबिनेट बैठक में समान नागरिक संहिता के प्रस्ताव पर मोहर लगेगी, जिसके बाद 6 फरवरी को सरकार इस विधेयक को सदन के पटल पर रखेगी। धामी सरकार के इस कदम की हरिद्वार से साधु-संतों ने तारीफ की है। आखिल भारतीय अखाड़ा परिषक्ष के अध्यक्ष श्रीमहंत रवींद्र पुरी महाराज ने यूसीसी को लेकर उत्तराखंड की धामी सरकार को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ साधु-संतों का आशीर्वाद है। श्रीमहंत रवींद्र पुरी ने बताया कि यूसीसी का ड्राफ्ट तैयार करने के लिए धामी सरकार ने जो कमेठी गठित की थी, उस कमेठी ने हरिद्वार में कुछ साधु-संतों से भी परामर्श लिया था।

# देव भूमि से समान कानून की शुरुआत सुखदः भट्ट

## सभी दलों को सकारात्मक चर्चा कर इसे सर्वसम्मति से पास करने की जरूरत

**देहरादून,** 2 फरवरी (देशबन्धु)। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने यूसीसी कमेटी द्वारा सीएम को ड्राफ्ट सौंपे जाने पर प्रसन्नता जताते हुए, प्रदेशवासियों की तरफ से समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनता से किया अपना एक और वादा पूरा करने जा रही है और हमे उम्मीद है कि सदन से यह कानून सर्वसमित्ति से पास हो और एक समान नागरिक कानून की देवभूमि से शुरुआत हो। चुनावी लाभ के आरोप का जवाब देते हुए उन्होंने अपील कि कांग्रेस भी सदन में इसे पास करने में सहयोग कर इसका चुनावी लाभ ले सकती है।



भट्ट ने कहा कि देश में समान नागरिक संहिता पार्टी की वैचारिक एवं सैद्धांतिक प्रतिबद्धता है। यही वजह है कि अपनी स्थापना से ही राजनैतिक नफा नुकसान को दरकिनार कर पार्टी लगातार इसको लागू करने को लेकर जनजागरण और अन्य प्रयास करती आई है। यही वजह है कि मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में विगत विधानसभा चुनाव में भाजपा ने सरकार आने पर यूसीसी लागू करने का वादा किया था। जिसके बाद कैबिनेट की पहली बैठक में ड्राफ्ट कमेटी का गठन किया था। 43 से अधिक जनसंवाद कार्यक्रमो, 72 समिति सदस्यों की अध्यन बैठकों, वेब पोर्टल समेत सभी माध्यमों से कुल 2.33 लाख से अधिक सुझावों के आधार पर आखिरकार प्रदेश को अपना सामान नागरिक कानून का ड्राफ्ट मिल गया है। मुख्यमंत्री धामी ने भरोसा दिलाया है कि आगामी सत्र में इसे पेश किया जाएगा। अब चंद दिनों का इंतजार है जब देवभूमि के सभी नागरिकों के लिए एक समान कानून होगा।

उन्होंने सभी राजनैतिक दलों से अपील की है कि दलगत भावनाओं से ऊपर उठकर उत्तराखंडवासियों की भावना को ध्यान रखकर बने इस कानून पर सकारात्मक चर्चा करें। क्योंकि हमारा मानना है कि भारतीय संस्कृति के अनुरूप समान नागरिक संहिता व्यवस्था की शुरुआत के लिए देवभूमि से बेहतर कोई अन्य राज्य नहीं हो सकता है। उन्होंने विपक्ष के कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि जो किसी कारणवश सुझाव नहीं दे पाए थे या जिनके लिए राजनीति से अधिक जनता की भावनाएं महत्व रखती हैं वे अभी भी अपनी पार्टी के विधायकों पर सदन में अपने सकारात्मक सुझाव रखने का दबाव बना सकते हैं। उन्होंने विपक्ष के तमाम आरोपों को दरकिनार कर कहा कि भाजपा जनता के लिए, जनता के मुद्दों पर राजनीति करती है, इसीलिए एक देश एक कानून के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आजादी के शुरुआती दिनों में तो कांग्रेस और अन्य पार्टी के नेताओं ने भी इस मुद्दे का समर्थन किया था, लेकिन एक वर्ग को खुश करने के लिए तुष्टिकरण नीति अपनाई लेकिन यूसीसी नही अपनाया।

**सार संक्षेप**

### जेपी नड्डा आज से दो दिवसीय हिमाचल प्रवास पर होंगे

**शिमला।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज से दो दिवसीय हिमाचल प्रवास पर होंगे। नड्डा शनिवार को धर्मशाला में पार्टी कार्यकर्ताओं की रैली कर चुनावी शंखनाद करेंगे। रैली के साथ साथ जेपी नड्डा भाजपा पदाधिकारियों की बैठक को भी संबोधित करेंगे। बैठक में लोक सभा चुनाव की रणनीति पर मंथन होगा। नड्डा के हिमाचल प्रवास से पहले पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर व पार्टी के अन्य पदाधिकारी एवं वरिष्ठ नेता धर्मशाला पहुंचे हैं। भाजपा कांगड़ा संसदीय क्षेत्र की इस रैली को कामयाब बनाने में पूरी ताकत झोंक रही है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा की भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का कांगड़ा संसदीय क्षेत्र का दौरा ऐतिहासिक रहने वाला है। नड्डा 3 और 4 फरवरी को कांगड़ा के धर्मशाला में रहने वाले हैं, वह संसदीय क्षेत्र की रैलीए पदाधिकारी एवं विभिन्न बैठको में भाग लेने जा रहे है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नेता ने हमीरपुर, मंडी एवं शिमला संसदीय क्षेत्र का दौरा किया और वहां पर रोड शो एवं जनसभाओं को संबोधित किया उससे भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं का मनोबल एवं ऊर्जा बड़ी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के दौरे के बाद कांगड़ा संसदीय क्षेत्र में भी भाजपा का बल तेजी से बढ़ता दिखाई देगा। धर्मशाला में भी जगत प्रकाश नड्डा एक विशाल रैली को संबोधित करेंगे जिसकी तैयारी के लिए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल एवं समस्त पदाधिकारीगण धर्मशाला में जुटे है। उन्होंने कहा की आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रदेश चारों लोकसभा सीटों में दलबल एवं बड़े मार्जिन के साथ जीत हासिल करेगी। चारों संसदीय क्षेत्र में पार्टी के कार्यकर्ताओं में बड़ा जोश है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के दौरे के बाद यह जोश दोगुना होना निश्चित है। ऐसा प्रतीत होता है कि भाजपा इस बार के लोकसभा चुनाव में प्रदेश में बीते लोक सभा चुनाव से भी ज्यादा बड़े मत प्रतिशत जीत हासिल करेगी।

### दस हजार की रिश्वत लेते हुए लक्सर तहसील का अमीन व अनुसेवक गिरफ्तार

**देहरादून।** लक्सर तहसील में तैनात सग्रह अमीन व उसके अनुसेवक को 10 हजार की रिश्वत लेते हुए विजिलेंस टीम ने रंगे हाथो गिरफ्तार किया। विजिलेंस उनसे पुछताछ कर रही है। शिकायतकर्ता ने सतर्कता अधिष्ठान के ट्रोल फ्री नम्बर 1064 पर शिकायत अंकित करायी कि उसने अपने नाम के टेम्पो ट्रेवलर व अपनी पत्नी नाम से मिनी बस ली थी जिसको करीब 3-4 साल पहले बेच दिया था तथा बेचने सम्बन्धी कागजात गलती से आग में जल जाने के कारण नष्ट हो गये थे, जिस कारण इन वाहनों किसको बेचा जिसकी जानकारी उसे नहीं थी इन दोनो वाहनो की वसूली के सम्बन्ध में जारी आरसी को परिवहन विभाग को वापस करने व जेल भेजने से बचाने के एवज में संग्रह अमीन रवि पाल ने रिश्वत की माँग थी।

### सुडोकू 6455 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 4 | 2 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 5 | 8 | 4 | 1 | 6 | 3 | 9 | 2 | 7 |
| 3 | 6 | 7 | 2 | 1 | 8 | 5 | 4 | 9 |
| 4 | 5 | 8 | 3 | 9 | 6 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 5 | 8 | 6 | 3 |
| 6 | 3 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 8 | 5 | 2 | 7 | 3 | 6 |
| 8 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 1 | 9 | 5 |

# सीएम ग्राम सम्पर्क योजना से हुई 9914 किमी ग्रामीण सड़कों की कायाकल्प

- 3177 बसावटों की सडकों के किया गया शामिल

**देहरादून,** 2 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा निर्देशों के क्रम में ग्रामीण निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड ने प्रस्तावित मुख्य मंत्री ग्राम सम्पर्क योजना' के अन्तर्गत उत्तराखण्ड राज्य के ऐसे गांव, तोक जिनकी आबादी 250 तक है, को संयोजित किया जायेगा।

प्रदेश के लोकनिर्माण, ग्रामीण निर्माण, पर्यटन, सिंचाई, पंचायतीराज, जलागम, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने शुक्रवार को जारी अपने एक बयान में कहा कि वर्तमान में प्रदेश की लगभग 2035 बसावटें (6276 किमी) मुख्य मोटर मार्ग से संयोजित नहीं है तथा कच्चे मार्गों से संयोजित 1142 बसावटें (3638 किमी0) ऐसी है जो ग्रामीण सड़कों के मानकों के अनुसार नहीं बने हैं। इस प्रकार कुल 3177 बसावटों (9914 किमी) को मुख्य मार्ग से संयोजित करने हेतु कार्ययोजना में सम्मिलित किया गया है।

ग्रामीण निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि योजना का प्रमुख उद्देश्य प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली ऐसी आबादी जो पीएमजीएसवाई या अन्य योजनाओं से वंचित रह गई है, को इस योजना से संयोजन का लाभ प्रदान करना है। असंयोजित बसावटों का चयन जिला स्तर पर जिले के प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जायेगा। जनपद में संयोजन से वंचित पात्र ग्रामों, बसावटों की पहचान के लिए जनपद के प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में एक जिला स्तरीय समिति का गठन किया जायेगा। समिति द्वारा जनपद में प्राथमिकता या अवरोही क्रम में ग्रामों की जनसंख्या के अनुसार परियोजनाओं के चयन की संस्तुति की जायेगी। विभाग द्वारा जनपदों से प्राप्त प्रस्तावों को संकलित कर बजट की उपलब्धता के अनुरूप शासन को अनुमोदन हेतु प्रेषित किया जायेगा। महाराज ने कहा कि परियोजनाओं के प्रथम चरण हेतु राज्य योजना के अन्तर्गत स्वीकृति प्रदान की जायेगी एवं द्वितीय चरण के कार्यों का वित्त पोषण नाबार्ड के माध्यम से किया जायेगा।

# भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम के बयान पर कांग्रेसियों में उबाल

## प्रदेश भर में किया प्रदर्शन व पुतला दहन

**देहरादून,** 2 फरवरी (देशबन्धु)। बीजेपी राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत कुमार गौतम के 'स्ट्रीट डॉग' बयान को लेकर सियासत गरमा गई है। इस बयान को लेकर कांग्रेस हमलावर है। इसी कड़ी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जताते हुए दुष्यंत गौतम का पुतला दहन किया। साथ ही बीजेपी को घेरा। उनका कहना था कि बीजेपी के हर नेता में यही गुण भरे हुए हैं।

बागेश्वर में कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगवत सिंह डसीला के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उत्तराखंड बीजेपी प्रदेश प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम का पुतला दहन किया। साथ ही दुष्यंत गौतम के बयान की कड़ी निंदा की। भगवत सिंह डसीला ने कहा कि ये बीजेपी का अहंकार है। ऐसे में उनकी जुबान से वही निकलता है, जो उनकी पाठशाला में पढ़ाया और सिखाया जाता है। वो जो कुछ अपनी पाठशाला में सीखते हैं, वही कहते हैं। उनके हर नेता में यही गुण भरे हुए हैं।



भगवत सिंह डसीला ने कहा कि नफरत की राजनीति करने वाले प्यार और सम्मान देना सीख भी नहीं सकते हैं। देश को बचाने के लिए कांग्रेस हमेशा आगे आई है और आगे भी आती रहेगी। बीजेपी एक ओर देश को गरीबी में धकेल रही है तो दूसरी ओर से लोकतंत्र को खत्म कर फौज को भी कमजोर कर रही है। देश की इकोनॉमी को लगातार डुबोने का काम किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि ये लोग महात्मा गांधी के हत्यारे गोडसे को अपना मसीहा मानते हैं, उनसे उम्मीद भी यही की जा सकती है। भगवत डसीला ने आरोप लगाया कि जिनके खून में मुखबिरी की आदत होती है, वही लोग ऐसे शब्दों का चयन करते हैं। इनके बयान बताते हैं कि इनकी सोच और बुद्धि किस तरह से निचले स्तर पर आ गई है।

जिलाध्यक्ष डसीला ने कहा कि बीजेपी चंडीगढ़ में चुनी हुई सरकार को गिराने का काम कर रही है। वहां गठबंधन के वोटों को जबरन अमान्य घोषित कर अपने पार्टी के प्रत्याशी को मेयर बना रही है। लोकतंत्र को खत्म कर केवल खुद को राजा घोषित करने पर तुली हुई है। जिसे किसी भी रूप में कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी।

### बयान से स्पष्ट हो गया बीजेपी का चाल, चरित्रः सुमित हृदयेश

**देहरादून।** हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि स्पष्ट हो गया बीजेपी का चाल, चरित्र और चेहरारू हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम के इस बयान से स्पष्ट हो गया है कि बीजेपी का चाल, चरित्र और चेहरा किस तरह का है। इतने बड़े नेता को इस तरह की भाषा शोभा नहीं देती है। सुमित हृदयेश ने कहा कि बीजेपी प्रभारी की जुबान गलत लोगों के लिए फिसली, ये उनकी पार्टी पर ही सही बैठता है।

# साल 2025 तक पूरा होगा सिलक्यारा टनल का काम

**उत्तरकाशी,** 2 फरवरी (देशबन्धु)। यमुनोत्री हाईवे पर निर्माणाधीन सिलक्यारा टनल अब साल 2025 तक ही बनकर तैयार होगी। हादसे के बाद सुरंग के निर्माण के लिए एक सप्ताह पूर्व केंद्र की अनुमति मिल चुकी है, लेकिन सुरंग के निर्माण की ओर कदम बेहद सावधानी से बढ़ाए जा रहे हैं। ताकि निर्माण के दौरान कोई खतरा न रहे।



कार्यदायी संस्था एनएचआईडीसीएल के अधिकारियों का कहना है कि अब सुरंग निर्माण को लेकर पूरी सावधानी बरती जा रही है, जिसके चलते सुरंग निर्माण में डेढ़ साल का समय लगना तय है। दरअसल, चारधाम सड़क परियोजना के तहत करीब 853।79 करोड़ लागत से निर्माणाधीन 4।5 किमी लंबी सिलक्यारा-पोलगांव सुरंग का निर्माण इस साल मार्च तक पूरा होना था, लेकिन बीते साल 12 नवंबर को सुरंग के सिलक्यारा मुहाने के पास हुए भूस्खलन हादसे के बाद इसका निर्माण दो माह तक बंद रहा। इस दौरान 41 मजदूर भी अंदर फंसे गए थे, जिन्हें 17 दिन के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद निकाला गया।

इस हादसे के बाद सिलक्यारा टनल का काम बंद हो गया था, लेकिन एक हफ्ते पहले यानी बीती 23 जनवरी को ही केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने कार्यदायी संस्था राष्ट्रीय राजमार्ग और अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल) को सुरंग निर्माण शुरू करने की अनुमति दी, जिसके बाद कार्यदायी संस्था ने बड़कोट छोर से सुरंग निर्माण संबंधी कार्य शुरू कर दिए हैं, लेकिन सुरंग के सिलक्यारा वाले मुहाने के करीब भूस्खलन के मलबे के कारण ये काम नहीं हो पा रहे हैं। जिनमें सुरंग के सुदृढ़ीकरण के साथ पानी निकालने और मलबा हटाने का काम शामिल है।

अधिकारियों का कहना है कि पूर्व में कार्यदायी संस्था के साथ निर्माण कंपनी के लोग जोखिम के बीच भी सुरंग निर्माण कार्य को रात-दिन पूरा करने में लगे हुए थे। यही वजह है कि दीपावली के त्यौहार से एक दिन पहले भी यहां निर्माण कार्य जोरों पर था, लेकिन अब हादसे के बाद कार्यदायी संस्था और निर्माण कंपनी के लोग किसी भी तरह का जोखिम लेने से पहले सुरक्षा पुख्ता करना चाहते हैं। ऐसे में सुरंग निर्माण पूरा होने में यहां अभी एक से डेढ़ साल का समय लग सकता है। बता दें कि अभी करीब 480 मीटर सुरंग की खुदाई शेष है। दरअसल, सिलक्यारा छोर से टनल की स्ट्रेंग्थनिंग, पानी निकालने और फिर मलबा हटाने के बाद ही निर्माण शुरू होगा। ऐसे में सुरंग के ब्रेक थ्रू यानी आर-पार होने में एक साल का समय लगेगा। ब्रेक थ्रू मिलने के बाद शेष काम पूरा करने में छह माह का समय और लगेगा। ऐसे में सुरंग निर्माण वर्ष 2025 तक ही पूरा होगा।

# डबल इंजन सरकार की माला जपने वाली भाजपा ने हिमाचल की वित्तीय स्थिति को तबाह किया

**शिमला,** 2 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान ने कहा कि प्रदेश हित एवं यहां के लोगों के प्रति भाजपा के भेदभावपूर्ण एवं दोहरे रवैये को लोगों के समक्ष उजागर करने के लिए राज्य सरकार और पार्टी संगठन एकजुट कार्य कर रहा है। विशेषतौर पर प्राकृतिक आपदा के दौरान भाजपा व केंद्र सरकार के उदासीन रवैये से प्रदेश को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

आज यहां मीडिया कर्मियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आगामी आम चुनावों में कांग्रेस पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए कांग्रेस संगठन और सरकार एकजुटता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को देश में सबसे बड़ी राष्ट्रीय पार्टी के रूप में मान्यता दी गई है और एक बड़े परिवार के बीच छिट-पुट बातें होती रहती हैं। हिमाचल में मौजूदा कांग्रेस सरकार पार्टी कार्यकर्ताओं की क्षमता से भली-भांति परिचित है और उन्हें उचित सम्मान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के किसी भी व्यक्ति को पार्टी के मामलों में अफवाहें फैलाने का अधिकार नहीं है।



एक सवाल के जवाब में श्री चौहान ने कहा कि प्रत्येक विधायक के पास अपने सुझाव मुख्यमंत्री को लिखित रूप में देने का विकल्प है। इसमें गलत क्या है? प्राप्त सुझावों का हमेशा स्वागत है और उन पर चरणबद्ध तरीके से काम किया जाएगा। यहां तक कि कुछ विधायकों ने अपनी प्राथमिकताएं लिखकर मुख्यमंत्री को भेज दी हैं, तो फिर कुछ लोगों द्वारा इस पर हंगामा क्यों मचाया जा रहा है। विपक्ष बात का बतंगड़ बना रहा है। चौहान ने कहा कि शायद नेता प्रतिपक्ष श्री जय राम ठाकुर पर इस तरह के बयान जारी करने के लिए दबाव डाला जाता है और वह विपक्ष के नेता के रूप में केवल अपनी भूमिका का निर्वहन मात्र कर रहे हैं, जो उनका दायित्व भी है। उन्होंने कहा कि केवल आलोचना के लिए आलोचना करने से राज्य व यहां की जनता का भला नहीं होने वाला और आपदा के दौरान भाजपा नेताओं की निष्क्रिय व उदासीन भूमिका को जनता अच्छी तरह से समझ रही है।

# कांग्रेस के सांसद डीके सुरेश ने की देश को तोड़कर अलग देश बनाने की मांग : राकेश

## अब पता चला कि राहुल गाँधी वास्तव में कौन सी यात्रा निकाल रहे हैं

**शिमला,** 2 फरवरी (देशबन्धु)। भाजपा मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने कहा की कर्नाटक में कांग्रेस सरकार में उप-मुख्यमंत्री के भाई और कांग्रेस से बेंगलुरु (ग्रामीण) से लोक सभा सांसद ने कल बजट पेश होने के बाद बयान दिया कि हमारी मांग है कि हमें अपने राज्य से जीएसटी, सीमा शुल्क और प्रत्यक्ष करों में अपना हिस्सा मिलना चाहिए। हम दक्षिण भारत के साथ बहुत अन्याय देख रहे हैं। हम अपने हिस्से का पैसा उत्तर भारत में बंटते हुए देख रहे हैं। अगर आज हम इसकी निंदा नहीं करेंगे तो आने वाले दिनों में हमें दक्षिण भारत के लिए एक अलग देश बनाने का प्रस्ताव रखना पड़ेगा।

राकेश ने कहा अब पता चला कि राहुल गाँधी वास्तव में कौन सी यात्रा निकाल रहे हैं। ये उनकी तथाकथित भारत तोड़ो यात्रा का ही असर है कि कांग्रेस के सांसद दक्षिण भारत को देश से तोड़कर एक अलग राष्ट्र बनाने की बात कर रहे हैं। आज सिद्ध हो गया कि राहुल गाँधी भारत तोड़ो यात्रा निकाल रहे हैं। भाजपा, कांग्रेस सांसद के इस दुर्भाग्यपूर्ण बयान की कड़ी निंदा करती है और तुरंत ऐसी मानसिकता वाले लोगों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।



क्या सोनिया गाँधी, राहुल गाँधी, प्रियंका वाड्रा डीके सुरेश के देश को तोड़ने वाले बयान की निंदा करेंगे? क्या कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे अपने सांसद डीके सुरेश को इस अक्षम्य अपराध के लिए पार्टी से निष्कासित करने का साहस दिखायेगी? देश को तोड़ने की मांग कांग्रेस के सांसद ने ऐसे ही नहीं की है। अभी तक न तो सोनिया गाँधी, न राहुल गाँधी, न प्रियंका वाड्रा और न ही कांग्रेस के महासचिव का इस पर बयान आया है। लगता है कि वे डीके सुरेश के इस बयान से सहमत हैं। कांग्रेस हमेशा से देश को जाति, धर्म और क्षेत्र को आपस में लड़ाकर सत्ता की राजनीति करती आई है। कांग्रेस हमेशा से उत्तर भारत और दक्षिण भारत के बीच जनता को भड़का कर अपनी राजनीति करती आई है।

हाल ही में तेलंगाना के कांग्रेस के मुख्यमंत्री ने तेलंगाना के डीएनए को बिहार-यूपी यानी उत्तर भारत के डीएनए से बेहतर बताया था। तमिलनाडु में मुख्यमंत्री स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के बेटे प्रियांक खड़गे ने सनातन का अपमान किया। आंकड़े गवाह हैं कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने केंद्र की सोनिया-मनमोहन की कांग्रेस सरकार की तुलना में सभी राज्यों के शेयर में भारी वृद्धि की है। कर्नाटक में तो हाल और बोईंग की फैसिलिटी भी लगाई गई है। हमारे लिए राष्ट्र पहले है, पार्टी और सत्ता बाद में लेकिन कांग्रेस के लिए सत्ता पहले है चाहे देश को भी क्यों न तोडना पड़े।

# दस लाख की स्मैक के साथ आईटीआई का छात्र गिरफ्तार

**हल्द्वानी,** 2 फरवरी (देशबन्धु)। नशे के खिलाफ बड़ी चोट करते हुए जिले की एसओजी ने आईटीआई के एक छात्र को दस लाख रुपए कीमत की स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक हल्द्वानी एसपी सिटी हरबन्स सिंह के मार्गदर्शन व लालकुआं सीओ संगीता तथा सीओ ऑपरेशंस नितिन लोहनी के पर्यवेक्षण में चोरगलिया थानाध्यक्ष भगवान महर तथा एसओजी प्रभारी अनीस अहमद की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा चोरगलिया क्षेत्र में बीती रात में मुखबिर की सूचना पर चौकिंग के दौरान पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को चोरगलिया क्षेत्र में स्मैक की तस्करी करते हुए 19 वर्षीय अभय पुत्र सत्य प्रकाश निवासी ग्राम अमाऊ थाना खटीमा को गिरफ्तार किया। पकड़ा गया युवक आईटीआई का छात्र है। जिसके कब्जे से पुलिस ने 105 ग्राम स्मैक बरामद की गयी। पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना चोरगलिया' में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।



छताछ में आरोपी ने बताया कि वह इस स्मैक को खटीमा निवासी अपने दोस्त तुषार शर्मा से खरीदकर अधिक पैसे कमाने के लालच में हल्द्वानी शहर में बेचने के लिये ला रहा था। आरोपी को पकड़ने वाली पुलिस टीम में प्रभारी एसओजी अनीस अहमद, दीपक बिष्ट, एसओजी हेड कानि. हेमंत सिंह, ललित श्रीवास्तव, चंदन सिह, नवीन भट्ट आदि शामिल रहे।

# प्रादेशिकी

## फर्रुखाबाद में सड़क हादसे में हलवाई की मौत से मचा कोहराम

**फर्रुखाबाद,** 2 फरवरी (देशबन्धु)। हादसे में हलवाई दीपू कश्यप की मौत हो जाने पर कोहराम मच गया। थाना शमशाबाद के ग्राम कुइयां निवासी 35 वर्षीय दीपू मंझना बाजार से सब्जी खरीद कर बाइक द्वारा घर जा रहा था। दीपू शाम करीब पांच बजे मंझना में चतुर्वेदी प्रतिष्ठान के सामने से गुजर रहा था। उसी समय सामने तेजी से आए ट्रैक्टर चालक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी और ट्रैक्टर को बघार की ओर भाग ले गया। हादसे में दीपू की तुरंत ही मौत हो गई सड़क पर पड़े दीपू के शव को देखकर उसके परिवार की महिलाएं बिलखती रही। सूचना मिलने पर थाना नवाबगंज पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई की। बताया गया कि पुलिस ने चालक को पकडकर ट्रैक्टर कब्जे में ले लिया।

# प्रदेश में विधानसभा व संसद पहुंचने से अब आधी आबादी को कोई नहीं रोक सकता : योगी

## भाजपा के नारी शक्ति वंदन अभियान समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री

**लखनऊ,** 2 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की ओर से प्रदेशभर में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर आयोजित विभिन्न सम्मेलनों में एक उत्साह देखने को मिला था। इस अधिनियम के बाद अब कोई भी राजनीतिक दल महिलाओं को विधानसभा और देश की संसद में पहुंचने से नहीं रोक सकता है। उन्होंने कहा कि पांच सौ वर्षों की लंबी लड़ाई, संघर्ष, तपस्या और साधना के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह की सिद्धि प्राप्त हुई है। यह केवल प्राण प्रतिष्ठा समारोह नहीं है बल्कि भारत की लोक आस्था, जन विश्वास और भारत के पुराने गौरव की पुर्नप्रतिष्ठा का एक अभियान है। आज जब पूरी दुनिया उत्तर प्रदेश में अयोध्या धाम की ओर आकर्षित हो रही है तो आप सभी भी अयोध्या धाम का दर्शन करेंगे। इसके लिए टीम पूरी व्यवस्था सुनिश्चित करेगी। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को आईजीपी स्थित ज्यूपिटर हॉल



**उत्तर प्रदेश में अयोध्या धाम की ओर आकर्षित हो रही दुनिया : योगी आदित्यनाथ**

में आयोजित भारतीय जनता पार्टी के शक्ति वंदन अभियान के उद्घाटन समारोह पर कही।

इससे पहले सीएम योगी, कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा की राष्ट्रीय सचिव विजया रहाटकर ने महापुरुषों के चित्र पर पुष्पाजंलि और दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या धाम में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले साढ़े नौ वर्षों में देश में चलाए गए कार्यक्रम के अभियान की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साढ़े नौ वर्षों में राम राज्य की परिकल्पना के अनुसार बिना किसी भेदभाव के किसानों, महिलाओं, नौजवानों और समाज के हर तबके के लोगों को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाईं और इसका लाभ देने के लिए अभियान चलाया। इसी का नतीजा है कि पूरे देश में चार करोड़ गरीब परिवारों को बिना भेदभाव के आवास दिए गए। इसमें भी ज्यादातर मालिकाना हक महिलाओं को दिया गया।

### स्वच्छ भारत मिशन के तहत 12 करोड़ शौचालय बनाए गए

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत 12 करोड़ शौचालय बनाए गए। यही नहीं हर घर नल योजना से शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जा रही है। इतना ही नहीं पूरे देश में पहली बार गांव में गरीबों को उनके आवास का मालिकाना हक देने के लिए पीएम स्वामित्व योजना चलायी गयी। यह इसलिए जरूरी था क्योंकि पहले गांव के दबंग इनका घर जर्जर होने पर बनाने नहीं देते थे और उस पर कब्जा कर लेते थे। स्ट्रीट वेंडर के बारे में कोई सोचता ही नहीं था, लेकिन आज उन्हे ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराकर आर्थिक स्वावलंबन के मार्ग पर प्रशस्त किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के तहत देश के 10 करोड़ परिवार यानि 50 करोड़ से अधिक लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री जन धन अकाउंट योजना से लेकर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि समेत तमाम योजनाओं में देश की आधी आबादी को केंद्र बिंदु रखा गया क्योंकि सबसे ज्यादा उनका शोषण होता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इन योजनाओं में आधी आबादी को जोड़कर देश ने दुनिया के सामने नए भारत को प्रस्तुत किया है।

## दलित को न्याय न देने वाले एसओ लाइन हाजिर

**फर्रुखाबाद,** 2 फरवरी (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बीती रात लापरवाही बरतने वाले जहानगंज थाना अध्यक्ष योगेंद्र सिंह सोलंकी को लाइन हाजिर कर दिया। थाना क्षेत्र में चर्चा है कि थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह को ग्राम विजय नगला मुबारकपुर निवासी अर्जुन पुत्र गंगा प्रसाद की रिपोर्ट सही ना लिखे जाने के कारण उनका उनका चार्ज छिन गया है। अर्जुन जाटव 24 जनवरी की शाम 4.30 बजे दोस्त किशन आदि के साथ कोचिंग पढ़ने जा रहा था। रास्ते में खरौआ नाला के पास मुबारकपुर निवासी धर्मवीर दीवान विमलेश पुत्रगण शिवराम यादव ने सभी लोगों को घेर लिया और उनकी लत घूसो व डंडों से पिटाई कर जाति सूचक गालियां देकर अपमानित किया। पीड़ित युवकों को जब अन्य लोगों ने बचाने का प्रयास किया तो उनको भी गाली गलौज कर धमकाया गया। थाना पुलिस ने मामले की एनसीआर दर्ज का घायल अर्जुन का डाक्टरी परीक्षण कराया। अर्जुन ने थाना अध्यक्ष की शिकायत की थी।

## राम मन्दिर की स्थापना सांस्कृतिक गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा : आनंदी बेन

- राज्यपाल के अभिभाषण के साथ ही उत्तर प्रदेश के बजट सत्र का आगाज
- विधानमंडल के दोनों सदनों को किया संबोधित

**लखनऊ,** 2 फरवरी (देशबन्धु)। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश विधान मंडल के दोनों सदनों को संबोधित किया। राज्यपाल के अभिभाषण के साथ ही बजट सत्र आरंभ हो गया। राज्यपाल ने अपने अभिभाषण की शुरुआत में विधानमंडल के सभी सदस्यों और प्रदेश वासियों के लिए सुख, शांति, समृद्धि और सम्पन्नता की कामना की। उन्होंने हाल ही में संपन्न हुए राममंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की विशेष तौर पर चर्चा करते हुए कहा कि भारत के इतिहास में वर्ष 2024 अविस्मरणीय स्मृति के रूप में दर्ज हो गया है। श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर के रूप में राष्ट्र मन्दिर की स्थापना भारत के सांस्कृतिक गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा है। राज्यपाल ने प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2018 से उत्तर प्रदेश दिवस के विशिष्ट आयोजन की परम्परा की भी चर्चा की। उन्होंने किसान हितों के प्रति सरकार की संकल्पबद्धता व्यक्त करते हुए हाल ही में गन्ना मूल्यों में की गई वृद्धि पर भी चर्चा की। राज्यपाल ने फरवरी 2023 में आयोजित यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की चर्चा करते हुए बताया कि अबतक देश-विदेश के निवेशकों द्वारा 40 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इन निवेश प्रस्तावों से लगभग 1 करोड़ 10 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारकर रोजगार के व्यापक अवसर सृजित किए जाएंगे। राज्यपाल ने अयोध्या में रामभक्तों की सुविधा और सुगम दर्शन के लिए प्रदेश सरकार की ओर से किये जा रहे प्रयासों की चर्चा करते हुए कहा कि अयोध्या में अवस्थापना विकास के अनेक उपयोगी कार्य सम्पन्न कराए गये हैं। आज अयोध्या जल-थल-नभ की बेहतरीन कनेक्टिविटी से सम्पन्न हो रही है। लगभग 31,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं यहां गतिमान हैं।

## सार संक्षेप

### त्यागी समाज की अनदेखी से फैला आक्रोश

**मेरठ।** त्यागी भूमिहार संयुक्त महासभा ने अपनी मांगों को लेकर एक पत्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजा है। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील त्यागी किसौला और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेश त्यागी खंदरावली तथा राष्ट्रीय संगठन मंत्री और सहारनपुर मंडल प्रभारी प्रदीप त्यागी ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है। त्यागी समाज की मांगों पूरा करने की मांग की है। संगठन पदाधिकारियों का कहना कि 2017 में प्रदेश में योगी सरकार के मंत्रीमंडल में त्यागी समाज को प्रतिनिधित्व नही दिया गया था। 2022 पुनः योगी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनने पर भी त्यागी समाज को योगी मंत्रिमंडल कोई स्थान नहीं मिला है। जिससे त्यागी समाज अपने आप को उपेक्षित महसूस कर रहा है। समाज की मुख्य मांगें जिनमें उत्तर प्रदेश के मंत्रिमंडल में त्यागी समाज को प्रतिनिधित्व दिया जाए। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग में त्यागी समाज को प्रतिनिधित्व दिया जाए। उत्तर प्रदेश की नगर पंचायत, नगर पालिका परिषद व नगर निगम में सभासदों की मनोनयन में त्यागी समाज को उसकी आबादी के अनुरूप हिस्सेदारी दी जाए। मेरठ स्थित हापुड़ अड्डा चौक का नाम स्वतंत्रता सेनानी चौधरी रघुवीर नारायण सिंह त्यागी चौक किया जाए। त्यागी भूमिहार संयुक्त महासभा ने अपनी उपरोक्त मांगों को अतिशीघ्र पूरा किए जाने की मांग मुख्यमंत्री से की है।

### ईओ का हुआ तबादला

**फर्रुखाबाद।** नगर पालिका फर्रुखाबाद के अधिशासी अधिकारी रावेद्र कुमार का नगर पालिका सिकंदराबाद, बुलंदशहर के लिए तबादला हो गया। उनके स्थान पर सिकंदराबाद नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार की तैनाती की गई है। ईओ का तबादला हो जाने पर पीड़ित सभासदों ने राहत महसूस की है।

### बालिका के दुष्कर्मियों को आजीवन कारावास

**फर्रुखाबाद।** न्यायालय स्पेशल पाक्सो एक्ट कोर्ट ने दुष्कर्म के आरोपी प्रभात उर्फ प्रभाकर राजपूत एवं हरबिंद को आजीवन कारावास की सजा दी है। अदालत ने दोनों अभियुक्तों पर 60-60 हजार रूपयों का जुर्माना भी किया है। अभियुक्तों ने बालिका के साथ दुष्कर्म किया था इसी मामले में आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जिनको सजा दिलाने के लिए एडीजीसी विकास कटियार, प्रदीप सिंह कोर्ट मोहर्रिर महिला सिपाही स्वाती, पैरोकार दीवान देवेन्द्र कुमार मुकदमे में आरोपियों के विरुद्ध जमकर पैरवी की।

### दलित के हमलावरों को सजा

**फर्रुखाबाद।** न्यायालय एससी/एसटी एक्ट कोर्ट दलित के हमलावर आरोपी राजा एवं विकास यादव को 02-02 वर्ष का कारावास व 16-16 हजार रूपये के जुर्माने से दण्डित किया है। आरोपियों ने वर्ष 2020 में दलित पर जानलेवा हमला किया था। थाना मऊदरवाजा के मोहल्ला भीकमपुरा निवासी राजा उर्फ मोहम्मद रेहान पुत्र कमर अली एवं मोहल्ला खदिया निवासी विकास यादव पुत्र राजेन्द्र के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

## दिल्ली व मेरठ में आप कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

### चंडीगढ़ निगम चुनाव में वोट की लूट का लगाया आरोप

**मेरठ,** 2 फरवरी (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी मेरठ के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में विरोध प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष अंकुश चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने दिल्ली विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। जिलाध्यक्ष अंकुश चौधरी ने बताया कि जिस




तरह भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चंडीगढ़ निगम चुनाव में वोट की लूट हुई है वो बर्दाश्त नहीं हैं। उसी के खिलाफ आज आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व लोकप्रिय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एवं पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में हमारा यह विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष अंकुश चौधरी, जिला मीडिया प्रभारी हर्ष वशिष्ठ, एससी -एसटी जिलाध्यक्ष भूप सिंह, कैंट विधानसभा अध्यक्ष भरत लाल यादव, आमिर, किसान प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष फुरकान त्यागी, जिला सचिव नीलम शर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी हेम कुमार, गजेन्द्र, रमाकांत, कृष्णा आदि शामिल रहे।

## सुभारती युवा उत्सव में दिखी लोक संस्कृति की झलक

### युवा कलाकारों ने श्रेष्ठ मूकाभिनय क्षमता का किया प्रदर्शन



**मेरठ,** 2 फरवरी (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय में चल रहे सेन्ट्रल जोन के 37 वें अन्तर्विश्वविद्यालय युवा उत्सव के चौथे दिन सुभारती विश्वविद्यालय परिसर में लोक संगीत तथा लोक नृत्य की धूम रही।

युवा कलाकारों ने श्रेष्ठ मूकाभिनय क्षमता व मिमिक्री करने की कला प्रदर्शित की। समूह गान, ललित कला प्रतिस्पर्धाएं, और क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। लोक संगीत तथा लोक जनजातीय नृत्य की प्रतियोगिताओं का आयोजन विश्वविद्यालय के मांगल्य प्रेक्षागृह में हुआ। जिसमें रबीन्द्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी, भोपाल, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, राजा मान सिंह तोमर संगीत और कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, और सुभारती विश्वविद्यालय के युवा कलाकारों ने इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

### मिमिक्री कलाकारों ने दर्शकों की वाहवाही लूटी

समूह गान प्रतियोगिता में प्रतिभागी टीमों के प्रदर्शन में श्रेष्ठ समन्वय दिखाई दिया। मिमिक्री कलाकारों ने दर्शकों की काफी वाहवाही लूटीं। इसके अतिरिक्त मेहंदी, रंगोली, व कोलाज बनाने की प्रतिस्पर्धाएँ तथा क्विज प्रतियोगिता विश्वविद्यालय के विभिन्न स्थानों पर आयोजित की गयीं। युवा महोत्सव की संयोजक डॉ.भावना ग्रोवर ने बताया कि शानिवार दिनांक 03.02.2024 को प्रात 10 बजे मांगल्य प्रेक्षागृह में भारतीय विश्वविद्यालय संघ की ओर से आयोजित सेन्ट्रल जोन के 37 वें अन्तर्विश्वविद्यालय युवा उत्सव का समापन किया जाएगा। समापन कार्यक्रम में सेन्ट्रल जोन के 37 वें अन्तर्विश्वविद्यालय युवा उत्सव के विजेता विश्वविद्यालय की घोषणा की जाएगी। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी सम्मानित किया जाएगा।

## शिकायत मिलने पर करेंगे कार्रवाई : बीके सिंह

**फर्रुखाबाद,** 2 फरवरी (देशबन्धु)। नवागंतुक जिलाधिकारी डॉ. बीके सिंह ने कहा है कि शिकायत मिलने पर कार्रवाई करेंगे। कोषागार में चार्ज ग्रहण करने के बाद डीएम डॉ बीके सिंह ने जिलाधिकारी न्यायालय, अपर जिला अधिकारी न्यायालय एवं एसडीएम सदर न्यायालय का निरीक्षण कर मुकदमों के संबंध में जानकारी की। इसी दौरान डीएम ने एक ग्रामीण से समस्या के बारे में पूछा तो ग्रामीण जसवंत सिंह डीएम को बताया कि मेरी जमीन पर कब्जा करने का मुकदमा एसडीएम कार्यालय में विचाराधीन है। डीएम ने एसडीएम को वरीयता के आधार पर पीड़ित को न्याय दिलाने का निर्देश देकर पीड़ित की पीठ थपथपाकर संतुष्ट किया। डीएम ने मीडिया कर्मियों को बताया कि प्रदेश सरकार एवं मुख्यमंत्री की मंशा के अनुसार कानून व्यवस्था को ठीक करेंगे।

## पत्नी की हत्या कर कंबल में लपेटी लाश

**मेरठ,** 2 फरवरी (देशबन्धु)। मेरठ में शुक्रवार को एक युवक ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। उसने लाश को कंबल में लपेटा। इसके बाद दोनों बच्चों को बुआ के घर छोड़कर भाग गया। पुलिस को महिला की



खून से सनी बॉडी मिली। चेहरा खून से लथपथ था। हाथों का मांस भी नुचा हुआ था। बच्चों ने बताया, श्शम्मी से लड़ाई के बाद पापा ने कमरे की लाइट बंद कर दी। फिर थोड़ी देर बाद आए और हमें बुआ के पास छोड़ दिया। पापा का फोन बंद होने पर बुआ घर पहुंची, तो मम्मी की मौत का पता चला।श्श् माना जा रहा है कि महिला को किसी पैनी चीज से हमला कर मारा गया है। पति अब तक फरार है, इसलिए पहला शक पति पर जा रहा है। मामला नौचंदी थाना क्षेत्र का है। शास्त्रीनगर के एल- ब्लॉक के मकान नंबर-1470 में कमल अरोड़ा उर्फ जॉन पत्नी डिंपल और 2 बेटों के साथ रहता है। शुक्रवार को दोपहर 12 बजे डिंपल की डेडबॉडी बेडरूम में बेड के साइड में कंबल में लिपटी मिली। कमल अरोड़ा मौके से फरार है। बच्चों ने बताया कि पापा उन्हें गुरुवार को बुआ के घर छोड़ आए थे। इसके अलावा वो कुछ भी बता नहीं पाए। मोदीनगर में कमल के बच्चों की बुआ रहती हैं। शुक्रवार को बुआ कमल के दोनों बेटों यश (14) और हैप्पी (10) को साथ लेकर मेरठ पहुंची। जब बुआ कमल के घर पहुंची, तो देखा गेट पर ताला लगा था। बुआ ने कमल और उसकी पत्नी डिंपल को कई बार फोन मिलाया। मगर, उनके फोन रिसीव नहीं हुए। तब बुआ ने किसी तरह पड़ोसियों की मदद से गेट का ताला तोड़ा और अंदर गई। दरवाजा खोलते ही उन्होंने देखा कि बेड के साइड पर पत्नी डिंपल की कंबल में लिपटी लाश पड़ी है। लाश का चेहरा बुरी तरह लहूलुहान था। हाथों का मांस नुचा हुआ था।



■ शुक्रवार को संयुक्त चिकित्सालय किठौर में कैटरैक्ट यानी मोतियाबिंद सर्जरी की शुरूआत की गई। इसी के साथ-साथ मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा.विश्वास चौधरी का जन्मदिन भी मनाया गया। डाक्टरों व शुभचिंतकों ने उन्हें जन्मदिन की ढेरों शुभकामनाएं पेषित की। कार्यक्रम के दौरान डा. मनीषा बंसल, डा. सारिका, डा. सुनील कुमार, डा. शैलेन्द्र, डा. विकास चौधरी समेत सभी स्टाफमैंमबर्स उपस्थित रहे। फोटो देशबन्धु

## शादी समारोह में पार्किंग कर्मियों को पीटा

**मेरठ,** 2 फरवरी (देशबन्धु)। परतापुर क्षेत्र स्थित सुभद्रा फार्म हाउस की पार्किंग में करीब एक दर्जन दबंगों ने मामूली बात को लेकर हुई कहासुनी के दौरान पार्किंग में मौजूद दो युवकों की लाठी डंडों से जमकर पिटाई कर दी। और दोनो को पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। गुरूवार रात दिल्ली रोड स्थित सुभद्रा फार्म हाउस में एक शादी समारोह था। इसी दौरान घोपाला गांव के कुछ युवक भी शादी समारोह में शामिल होने के लिए पहुंचे थे।

**आयोजन** *शोभित यूनिवर्सिटी में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन*

# डिजाइन, क्रिटिकल थिंकिंग व इनोवेशन डिजाइन पर की गई चर्चा

**मेरठ, 2 फरवरी (देशबन्धु)। शोभित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी में कंप्यूटर साइंस विभाग एवं आई आई सी ने यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में डिजाइन थिंकिंग, क्रिटिकल थिंकिंग और इनोवेशन डिजाइन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य डिजाइन थिंकिंग क्रिटिकल थिंकिंग और इनोवेशन डिजाइन पर पर एक विस्तृत कार्यशाला का आयोजन करके विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीकी डिवेलपमेंट्स के साथ मिलाने का था।**

कार्यशाला की शुरुआत मां सरस्वती के समस्त दीप प्रज्वलित कर की गई। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता डॉ. गौरव कुमार रहे, जो शोभित विश्वविद्यालय के एलुमनाई एवं गलगोटिया विश्विद्यालय में आई आई सी के हेड हैं। डॉ. गौरव कुमार ने इस कार्यशाला में अपने विशेषज्ञता और अनुभव को साझा करके विद्यार्थियों को डिजाइन सोच पद्धति के विषय में बताया। उन्होंने बताया की कैसे एक समस्या का समाधान नवाचार मेथडोलॉजी है जो सहानुभूति, विचारना और पुनरावलोकन पर जोर देती है ताकि उपयोगकर्ताओं की आवश्यकताओं और पसंदों को पूरा करने के लिए समाधान बनाया जा सके। इस कार्यशाला में 120 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया और इसमें



- 120 से अधिक विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा
- नए तकनीकी गुनाओं को सीखने का मिला अवसर

भाग लेकर वे नए तकनीकी गुनाओं को सीखने का अद्वितीय अवसर प्राप्त किया। यह कार्यशाला विद्यार्थियों को नए तकनीकी उत्पादों और विकासों के साथ जोड़ने का एक शानदार अवसर है। यह एक विचारशीलता का दृष्टिकोण है जो सूचना की विवेचना, उसका मूल्यांकन करना, और यह सुनिश्चित करना शामिल करता है कि हम सार्थक और यथासंभाव निर्णय लेते हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. जयानंद ने विद्यार्थियों को नई टेक्नोलॉजी एवं इनोवेशन डिजाइन को सीखने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यशाला में शोभित विश्वविद्यालय मेरठ के कंप्यूटर साइंस विभाग की निदेशिका एवं आई आई सी हेड प्रोफेसर डॉ. निधि त्यागी द्वारा छात्रों को डिजाइन थिंकिंग एवं क्रिटिकल थिंकिंग को बारीकी से सीखने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर अविनव पाठक ने विद्यार्थियों के उत्साह को बढ़ाते हुए कहा की इस तरह की गतिविधियों से विद्यार्थियों को नए तकनीकी ज्ञान का अद्वितीय अनुभव होता है। इस अवसर पर कंप्यूटर साइंस विभाग के शिक्षक डॉ. ममता बंसल, विजय माहेश्वरी, विनीत विश्नोई, राजेश पांडेय, राजीव कुमार, सुरभि सरोहा, निम्रा, शिखा आदि उपस्थित रहे।

### वेटलैंड की महत्तवता पर शोभित विवि में संगोष्ठी आयोजित

**मेरठ।** शोभित विवि के जैवप्रौद्योगिकी विभाग में वर्ल्ड वेटलैंड डे के दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विभाग की डायरेक्टर डॉ. दिव्या प्रकाश ने वेटलैंड के महत्व को समझाते हुए कहा कि वेटलैंड एक प्राकृतिक क्षेत्र होता है जो जल और भूमि के संरचना, प्रक्रिया, और जीवन के लिए महत्वपूर्ण होता है। ये क्षेत्र जल संचयन, जल पथन, और जल स्तर के नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके अलावा, वेटलैंड जैवविविधता के लिए भी महत्वपूर्ण होते हैं, जिसमें विभिन्न प्रकार के जीवों के लिए आवास और आहार की सुविधा उपलब्ध होती है। ये क्षेत्र पक्षियों, जलचर प्राणियों, और वनस्पतियों के लिए अभिनव अध्ययन का केंद्र होते हैं। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से वेटलैंड के महत्व को समझाया। इस मौके पर डॉ. नेहा बिष्ट, रूपेश कुमार, मोनिका चौधरी, मानसी सैनी आदि मौजूद रहे ।



देशबन्धु नई दिल्ली, शनिवार, 3 फरवरी, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

### श्रीमद रामायण में 'कैकयी' की भूमिका निभाकर रोमांचित हैं शिल्पा सकलानी

**मुंबई।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित हो रहे शो श्रीमद रामायाण में रानी कैकयी का किरदार निभाकर शिल्पा सकलानी बेहद रोमांचित है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित महाकाव्य गाथा, श्रीमद रामायण, भगवान राम के जीवन और शिक्षाओं का वर्णन करती है। श्रीमद रामायण में शिल्पा सकलानी ने रानी कैकेयी की भूमिका निभायी है, जो अपनी सुंदरता, बुद्धिमत्ता और राजनीतिक कौशल के लिए जानी जाती हैं। शिल्पा सकलानी ने कहा कि रानी कैकेयी एक दुर्जेय किरदार है। वह एक ऐसी रानी हैं जो अपने पति से प्रेम करती हैं, लेकिन वह मंथरा द्वारा पैदा की जा रही असुरक्षाओं से नहीं लड़ पाती और ऐसा विकल्प चुनती हैं जो अंतत: उनके परिवार को तोड़ देता है।

# बर्फ की मोटी चादर से ढका मनाली

शिमला, 2 फरवरी (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश स्थित दुनिया का प्रसिद्ध पर्यटन केंद्र मनाली में सर्दियों के मौसम की पहली बर्फबारी के बाद इन दिनों बर्फ की मोटी चादर से ढक गया है। भारतीय मौसम विभाग की ओर से शुक्रवार को जारी बयान में बताया गया कि मनाली में कल शाम से 30 सेमी बर्फबारी हो चुकी है और यह सर्दियों के मौसम में हुई अच्छी बर्फबारी है। इस मौसम में कोठी जिले में सर्वाधिक 35 सेमी बर्फ गिरी है और इस कारण वहां की ऊंची-ऊंची पहाड़ियां बर्फ की मोठी सफेद चादर से ढकी नजर आ रहीं हैं।

लाहौल स्फीति के मुख्यालयं केलांग में आधा फुट बर्फबारी हुई; लाहौल स्पीति जिले का प्रवेश द्वार, 13050 फुट ऊंचा रोहतांग दर्रा; स्पीति घाटी का प्रवेश द्वार, 14500 फुट कुंजुम दर्रा और सेवन सिस्टर्स हिल्स, लेडी ऑफ केलोंग और गोशाल हिल और अन्य ऊंचे इलाकों में तीन से चार फुट बर्फ थी। गोंदला और कुकुमेसरी में 17.50 सेमी और 14 सेमी बर्फबारी हुई।

भारतीय खेल प्राधिकरण के ऊंचाई वाले खेल केंद्र शिलारू में 42 सेमी, खदराला में 35 सेमी, चौपाल में 20 सेमी, सहारन में 10 सेमी और शिमला में पांच सेमी बर्फबारी हुई। पर्यटन स्थल कुफरी में भी 15 सेमी और नारकंडा में एक फीट बर्फबारी हुई।



■ अधिकांश स्थानों पर बारिश और बर्फबारी का येलो अलर्ट जारी

पिछले दो दिनों में चंबा जिले में बहुत भारी बर्फबारी दर्ज की गई। भरमौर में 25 सेमी, सलोनी में 15 सेमी और छतराड़ी में 10 सेमी बर्फबारी हुई। कल्पा और रिकांगपिओ में प्रत्येक में आठ सेमी बर्फ थी, और पूह में दो सेमी बर्फ गिरी। कांगड़ा जिले के नगरोटा सूरियां में 57.3 मिमी बारिश हुई। मंडी के स्लैपर में 45.1 मिमी, हमीरपुर के काहू में 38.2 मिमी, बिलासपुर के घाघस में 38 मिमी, जोगिंदरनगर में 35 मिमी, मंडी करसोग में 35.2 मिमी, बरथिन और बिलासपुर में 35 मिमी, हमीरपुर के नादौन में 31 मिमी, और एयरपोर्ट जुब्बरहाटी 35.8 मिमी बारिश दर्ज की गई।

न्यूनतम तापमान सामान्य से करीब तीन से चार डिग्री नीचे गिर गया। गुरुवार को मौसम की सबसे ठंडी रात रही, क्योंकि केलांग में तापमान शून्य से पंद्रह डिग्री, काजा में 18 डिग्री, मनाली में छह डिग्री, किन्नौर के कल्प में सात डिग्री, नारकंडा और कुफरी में छह डिग्री, डलहौजी में तीन डिग्री, शिमला में 0.6 डिग्री, भुंतर और जुब्बरहट्टी एयरपोर्ट पर 0.5 डिग्री नीचे दर्ज किया गया। सोलन में तापमान क्रमश- 1.5, हमीरपुर, धर्मशाला और मंडी दो-दो, कांगड़ा और ऊना 3.5, बिलासपुर चार और नाहन 4.7 डिग्री रहा। मौसम कार्यालय का पूर्वानुमान है कि अगले 24 घंटों तक मौसम मुख्यत: शुष्क रहेगा कल से हालांकि, राज्य में बारिश और बर्फबारी जारी रहेगी और चार फरवरी को राज्य के सभी हिस्सों में अधिकांश स्थानों पर बारिश और बर्फबारी का येलो अलर्ट जारी रहेगा इतना ही नहीं 03 और 05 फरवरी के लिए कई और कुछ स्थानों पर मध्य और ऊंचाई पर बारिश या बर्फबारी की चेतावनी जारी की गई है।मुख्य रूप से धूप और शुष्क मौसम की स्थिति के बाद, राज्य प्रशासन ने युद्ध स्तर पर बर्फ हटाने और बिजली आपूर्ति की बहाली का काम शुरू कर दिया है, हालांकिशिमला, चंबा, लाहौल स्पीति और कुल्लू जिलों में कई जगहें अब भी बर्फ से ढकी हुई हैं।

# बार्ड में गूगल का जेमिनी प्रो अब नौ भारतीय भाषाओं में उपलब्ध

### हिंदी, तमिल, तेलुगु, बंगाली, कन्नड़, मलयालम, मराठी, गुजराती और उर्दू शामिल

**नई दिल्ली,** 2 फरवरी (एजेंसियां)। गूगल ने पिछले दिसम्बर जेमिनी प्रो लॉन्च किया था, जिसे अब नौ भारतीय भाषाओं सहित 40 से ज्यादा भाषाओं में 230 से अधिक देशों और क्षेत्रों में जारी किया गया है। नौ भारतीय भाषाओं में हिंदी, तमिल, तेलुगु, बंगाली, कन्नड़, मलयालम, मराठी, गुजराती और उर्दू शामिल हैं। गूगल ने गुरुवार को एक ब्लॉगपोस्ट में कहा कि सभी भाषाओं में भाषा मॉडल और चैटबॉट्स के मूल्यांकनकर्ता, लार्ज मॉडल सिस्टम्स ऑर्गनाइजेशन ने हाल ही में यह साझा किया है कि जेमिनी प्रो के साथ बार्ड सबसे पसंदीदा चैटबॉट्स में से एक है। कंपनी ने बार्ड में अपने 'डबल-चेक फीचर' का भी विस्तार किया है, जिसका इस्तेमाल पहले से ही अंग्रेजी में लाखों लोगों द्वारा 40 से ज्यादा भाषाओं में किया जाता है। गूगल ने कहा कि जब आप 'जी' आइकन पर क्लिक करते हैं, तो बार्ड अपनी प्रतिक्रिया को प्रमाणित करने के लिए मूल्यांकन करेगा कि वेब पर कंटेंट मौजूद है या नहीं। मूल्यांकन के बाद आप हाइलाइट किए गए फ्रेज पर क्लिक कर सकते हैं और सर्च द्वारा पाई गई जानकारी को इकट्ठा कर सकते हैं। इसके अलावा, टेक जायंट अब यूजर्स को दुनिया भर के अधिकतर देशों में बिना किसी कीमत के बार्ड में अंग्रेजी में इमेज जनरेट की अनुमति देता है।





यह कंपनी के अपडेटेड 'इमेजन 2 मॉडल' द्वारा संचालित है, जिसे क्वालिटी और स्पीड के साथ, फोटोरियलिस्टिक आउटपुट देने के लिए डिजाइन किया गया है। यूजर्स को बस डिस्क्रिप्शन टाइप करना होगा, जैसे 'सर्फबोर्ड पर राइडिंग डॉग की इमेज क्रिएट करें', और बार्ड उनके आइडिया को पूरी करने में मदद करने के लिए कस्टम, वाइड-रेंज विजुअल्स तैयार करेगा। गूगल ने अपने मॉडल्स की सेफ्टी और प्राइवेसी में सुधार के लिए नई टेक्निक में निवेश जारी रखने का भी उल्लेख किया।

# एक्ट्रेस मॉडली पूनम पांडे का निधन

**लखनऊ,** 2 फरवरी (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश की औद्योगिक नगरी कानपुर में जन्मी एक्ट्रेस और मॉडल पूनम पांडे के निधन की खबर है। बताया जा रहा है कि उन्हें सर्वाइकल कैंसर था। एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए बताया गया है कि पूनम पांडे सर्वाइकल कैंसर से जूझ रही थीं। 32 साल की उम्र में पूनम इस दुनिया को अलविदा कह गई हैं। पूनम के निधन की खबर से इंडस्ट्री शॉक में हैं। फैंस भी हैरान हैं। पूनम के ऑफिशिअल इंस्टाग्राम अकाउंट पर इसकी जानकारी दी गई है।

पूनम पांडे के मैनेजर ने भी मौत की पुष्टी की है। मैनेजर ने बताया कि 1 फरवरी की रात को सर्वाइकल कैंसर से जंग के बाद उन्होंने दम तोड़ा है। एक्ट्रेस और मॉडल पूनम पांडे के निधन की खबर है। बताया जा रहा है कि उन्हें सर्वाइकल कैंसर था। पूनम के ऑफिशिअल इंस्टाग्राम अकाउंट पर इसकी जानकारी दी गई है। जानकारी के मुतार्ब्?क पूनम पांडे के मैनेजर ने भी मौत की पुष्टि की है। मैनेजर ने बताया कि 1 फरवरी की रात को सर्वाइकल कैंसर से जंग के बाद उन्होंने दम तोड़ा है।

तीन दिन पहले ही पूनम पांडे ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह गोवा में क्रूज पार्टी में नजर आई थीं। ब्लैक और व्हाइट आउटफिट में पूनम एकदम फिट एंड फाइन दिखाई दे रही थीं। ऐसे में उनके अचानक निधन की खबर से लोग हैरान हैं।



### कंगना रनौत ने पूनम पांडे के निधन पर दुख जताया, कैंसर से थी पीड़ित

बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत ने एक्ट्रेस-मॉडल पूनम पांडे के असामयिक निधन पर दुख जताया है। पूनम की शुक्रवार को 32 साल की उम्र में सर्वाइकल कैंसर से मौत हो गई। पूनम के आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट किया गया। जिसमें लिखा था कि यह सुबह हमारे लिए कठिन है। आपको यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि हमने सर्वाइकल कैंसर के कारण अपनी प्यारी पूनम को खो दिया है।

दुख की इस घड़ी में हम निजता का अनुरोध करेंगे और हम उन्हें उनके द्वारा साझा की गई हर बात के लिए प्यार से याद करेंगे। कंगना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर पूनम की मौत के बारे में एक समाचार पोस्ट साझा किया। एक्ट्रेस ने लिखा कि यह बहुत दुखद है। एक युवा महिला की कैंसर की वजह से जान चली गई। यह एक आपदा है। ओम शांति। साल 2013 में 'नशा' से बॉलीवुड में डेब्यू करने के बाद, एक्ट्रेस पूनम पांडे को कंगना द्वारा होस्ट किए गए रियलिटी शो 'लॉक अप' में देखा गया था।

# 'शार्क टैंक इंडिया' सीजन 3 में हर्षल महादेव नक्शने ने 'एआई कार्स' की पिच बिछाई

मुंबई, 2 फरवरी (एजेंसियां)। बिजनेस रियलिटी शो 'शार्क टैंक इंडिया' सीजन 3 में हर्षल महादेव नक्शने ने 'एआई कार्स' की पिच बिछाई। उनकी यह पहल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से ऑटोमोबाइल उद्योग में क्रांति लाने के लिए समर्पित हैं।

बचपन में कार खरीदने का सपना देखने वाले महाराष्ट्र के छोटे से गांव यवतमाल के निवासी 27 वर्षीय हर्षल, ने 'शार्क टैंक इंडिया 3' में अपने उद्यमशीलता के सपने 'एआई कार्स' को प्रस्तुत किया।

हर्षल की यात्रा 19 साल की उम्र में शुरू हुई, जिसने एक वैश्विक ऑटोमोबाइल कंपनी बनाने के उनके जुनून को बढ़ाया। 2014 से 2019 तक ईंधन सेल पर काम करने के बाद, उन्होंने प्रोटोटाइप बनाने के लिए 60 लाख रुपए और व्यक्तिगत बचत का निवेश किया।

ऑटोमोटिव क्षेत्र में बदलाव लाने का लक्ष्य रखते हुए, हर्षल ने 4 प्रतिशत इक्विटी के बदले 2 करोड़ रुपये का निवेश मांगा। जबकि पिच ने शार्क्स के साथ तालमेल बिठाया, संस्थापक बिना किसी सौदे के टैंक से बाहर चले गए। अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए हर्षल ने कहा कि हमारे ब्रांड एआई कार्स के साथ 'शार्क टैंक' में भाग लेना युवा उद्यमियों के लिए एक जबरदस्त अवसर है। जबकि शार्क केवल राजस्व उत्पन्न करने वाली कंपनियों में निवेश करते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय टेलीविजन पर दिखाए जाने से प्रथम चरण उद्यमों को समर्थन मिलने से हमारी दृश्यता बढ़ती है। मैं ऐसे प्रतिष्ठित मंच पर अपनी तकनीक प्रदर्शित करने के अवसर के लिए आभारी हूं। शार्क टैंक इंडिया 3 सोनी लिव पर प्रसारित होता है।

# मुझे 'मीम-जनरेटर' बनने से कोई परेशानी नहीं : जया बच्चन



**मुंबई,** 2 फरवरी (एजेंसियां)। दिग्गज एक्ट्रेस और राजनेता जया बच्चन ने कहा है कि उन्हें एंटरटेनमेंट का सोर्स और 'मीम-जनरेटर' बनने में कोई आपत्ति नहीं है। जया बच्चन, अपनी बेटी श्वेता बच्चन के साथ, अपनी पोती नव्या नवेली के पॉडकास्ट 'व्हाट द हेल, नव्या' के दूसरे सीजन में दिखाई दीं। तीनों ने 'जया-इंग' शब्द पर चर्चा की। श्वेता और नव्या ने जया को इस शब्द का मतलब समझाया। श्वेता ने कहा कि जब कोई 'नमकीन' होता है, तो कहा जाता है कि वह व्यक्ति 'जया-इंग' है।

श्वेता ने अपनी मां से कहा कि आप इंटरनेट सेंसेशन हैं, एक मीम-जनरेटर हैं। पॉडकास्ट के दौरान, हंसते हुए जया बच्चन ने कहा कि मैं कुछ लोगों को खाना देती हूं जो लोग मुझ पर तरह-तरह के मीम्स बनाते हैं। मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है, लेकिन, जो लोग मुझ पर मीम बना रहे हैं, वो बहुत ही बुरा बना रहे हैं, उन्हें ये काम अच्छी तरह से करना चाहिए। श्वेता ने बताया कि एक मां या हाउसवाइफ का होना थैंकलेस जॉब है और इसे बस मान लिया जाता है, लेकिन घर चलाना मिनी बिजनेस की तरह है और कोई भी इसका सम्मान नहीं करता है। उन्होंने कहा कि इसको कोई सम्मान नहीं दिया गया। यह कुछ ऐसा है जो आपको करना चाहिए। अगर आप हाउसवाइफ बनना बंद कर देंगे तो सब कुछ अस्त-व्यस्त हो जाएगा। यह कुछ ऐसा है, जिसे बस मान लिया गया है। प्रोफेशन के रूप में यह भी नहीं लिखा जाता कि आप हाउसवाइफ हैं। आप एचआर, फाइनेंस, डे-टू-डे मैनेजमेंट कर रहे हैं। आप असल से मिनी बिजनेस चला रहे हैं और दिमाग को शेप दे रहे हैं।

# ब्यूटी पार्लर के प्रेमी संग भागी दुल्हन, दूल्हा वापस घर लौटा

**कानपुर,** 2 फरवरी (एजेंसियां)। कानपुर से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां पर दुल्हन उस ब्यूटी पार्लर के अपने प्रेमी के साथ भाग गई, जहां वह शादी के लिए तैयार होने गई थी।

दुल्हन के पिता ने मामले में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस लड़की को तलाश कर रही है, जबकि दूल्हा और उसके रिश्तेदार घर लौट आए हैं। घटना मंगलवार को चौबेपुर गांव में हुई। दुल्हन अपनी सहेली के साथ तैयार होने के लिए ब्यूटी पार्लर गई थी। लाल जोड़े में सजी दुल्हन बाद में तैयार होकर विवाह स्थल के लिए रवाना हो गई।

हालांकि, वह घर नहीं लौटी। जब उन्होंने उसके बारे में पूछताछ की तो



पता चला कि दुल्हन अपने प्रेमी के साथ भाग गई है। फिर उन्होंने दूल्हे को घटना की जानकारी दी, जो बारात समेत घर चला गया।

जानकारी के मुताबिक, दुल्हन का परिवार 25 साल से लखनऊ में रह रहा है। लड़की का वहीं एक शख्स से अफेयर था। हालांकि, उसका परिवार इस रिश्ते के पक्ष में नहीं था। परिवार के लोग चाहते थे कि उसकी शादी उनके समुदाय के किसी व्यक्ति से हो। इसलिए, वे कानपुर में अपने पैतृक गांव चौबेपुर वापस चले गए। एसीपी विजय ढुल ने कहा कि लड़की पहले से ही फोन पर लड़के के संपर्क में थी। अपने परिवार की इच्छा के मुताबिक शादी करने के खिलाफ थी। इस बीच, दूल्हे के परिवार ने कहा कि दुल्हन पक्ष के पास शादी का प्रस्ताव लेकर उनके पास आने का कोई कारण नहीं था, जब उन्हें पहले से ही पता था कि वह किसी और के साथ रिश्ते में थी। उन्होंने कहा कि इससे उन्हें अपमान से बचाया जा सकेगा। दूसरी ओर, दुल्हन का परिवार इस घटना के बारे में बात करने को तैयार नहीं है।

# 130 मिलियन से अधिक यूजर्स तक पहुंचा इंस्टाग्राम थ्रेड्स

**नई दिल्ली,** 2 फरवरी (एजेंसियां)। इंस्टाग्राम थ्रेड्स 130 मिलियन मासिक सक्रिय उपयोगकर्ताओं तक पहुंच गया है, जो पिछली तिमाही से 30 मिलियन अधिक है। यह जानकारी कंपनी ने दी। मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने कंपनी की चौथी तिमाही की आय कॉल के दौरान कहा कि थ्रेड्स 'लगातार बढ़ रहा है'। उन्होंने विश्लेषकों से कहा कि मैं ध्यान दूंगा कि थ्रेड्स के शुरुआती लॉन्च शिखर के दौरान की तुलना में आज अधिक लोग सक्रिय रूप से इसका उपयोग कर रहे हैं। इसलिए मुझे लगता है कि यह एक बड़ी सफलता की राह पर है। थ्रेड्स ने एक रिकॉर्ड-ब्रेकिंग लॉन्च किया था, जो पिछले जुलाई में अपने पहले पांच दिनों के भीतर 100 मिलियन पंजीकृत उपयोगकर्ताओं



तक पहुंच गया था। लेकिन समय के साथ रुचि कम हो गई। मेटा के ऐप्स का परिवार, जिसमें फेसबुक, इंस्टाग्राम, मैसेंजर और व्हाट्सएप शामिल हैं, का उपयोग चौथी तिमाही में प्रतिदिन 3.19 बिलियन लोगों द्वारा किया गया।

31 दिसम्बर, 2023 तक पारिवारिक मासिक सक्रिय लोगों का आंकड़ा 3.98 बिलियन था, जो साल-दर-साल 6 प्रतिशत की वृद्धि है। 31 दिसम्बर को समाप्त तिमाही में मेटा का राजस्व 40.1 बिलियन डॉलर था। शुद्ध आय 14.02 बिलियन डॉलर थी। पूरे वर्ष 2023 के लिए राजस्व 134.90 बिलियन डॉलर था। जुकरबर्ग ने कहा कि हमारी तिमाही अच्छी रही, क्योंकि हमारा समुदाय और व्यवसाय लगातार बढ़ रहा है। हमने एआई और मेटावर्स को आगे बढ़ाने के अपने दृष्टिकोण पर बहुत प्रगति की है। 31 दिसम्बर, 2023 तक कर्मचारियों की संख्या 67,317 थी, जो पिछले साल के मुकाबले 22 प्रतिशत कम है।

# कैंसर के प्रति रोकथाम, पहचान और उपचार पर जोर

■ सुरेश सिंह बैस 'शाश्वत'
■ 4 फरवरी विश्व कैंसर दिवस

**नई दिल्ली,** 2 फरवरी (देशबन्धु)। प्रति वर्ष 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस के रूप में मनाया जाता है जिसका उद्देश्य विश्व को इस बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एकजुट करना है। यह उचित रोकथाम, पहचान और उपचार के साथ इस बीमारी से लड़ने और दुनिया से इसे खत्म करने की आवश्यकता पर जोर देता है। यूनियन फॉर इंटरनेशनल कैंसर कंट्रोल ने इस बीमारी को कम करने और लोगों को इस भयानक बीमारी से शीघ्र निजात दिलाने के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए विश्व कैंसर दिवस की शुरुआत की।

विश्व कैंसर दिवस कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसकी रोकथाम, पहचान और उपचार को प्रोत्साहित करने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय दिवस है। विश्व कैंसर



दिवस का प्राथमिक लक्ष्य कैंसर से होने वाली बीमारी और मृत्यु को कम करना है और यह अंतरराष्ट्रीय समुदाय को कैंसर से पीड़ित होने से रोकने के लिए एक साथ आने का अवसर देता है।

विश्व कैंसर दिवस पहली बार 4 फरवरी 2000 को मनाया गया था, जब पेरिस में कैंसर के खिलाफ पहला विश्व शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया था। इस दिन, दुनिया के प्रमुख नेताओं ने पेरिस अगेंस्ट कैंसर के चार्टर पर हस्ताक्षर किए। यह एक वैश्विक प्रतिबद्धता और वैश्विक स्तर पर कैंसर से प्रभावित लोगों के जीवन को बचाने के लिए 10 लेखों को सूचीबद्ध करने वाला एक दस्तावेज़ था। वर्तमान समय में, इस घातक बीमारी के शुरुआती निदान, उपचार और उपचार के बाद की देखभाल के बारे में लोगों को जागरूक करना वास्तव में महत्वपूर्ण हो गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग के साथ लोगों का ध्यान आकर्षित करने और वैश्विक जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य के लिए समर्पित है। इस दिन, विभिन्न कार्यक्रम, अभियान आदि आयोजित किए जाते हैं। दुनिया भर के अधिकांश लोगों तक इस शब्द को फैलाने के लिए शैक्षिक गतिविधियों, कैंसर केंद्रों, शिविरों आदि की स्थापना की जाती है।

विश्व कैंसर दिवस 2024 की थीम 'कैंसर केयर गैप को कम करें' है कैंसर की बीमारी से खुद को टूटने न देने के संकल्प को कायम रखने के लिए इस थीम को रखा गया है। कई जगह सेमिनार के माध्यम से लोगों के बीच कैंसर के रोकथाम हेतु बताया जाता है। विश्व कैंसर दिवस के मौके पर कई समाचार पत्रों ने फिल्म जगत के कुछ महान हस्तियों के कैंसर से जीत के सफर को प्रकाशित करते है। पूरे विश्व के कुछ नामी जगहों पर जैसे कि एशिया, यूरोप, वालेंसिया, स्पेन का सिटी ऑफ साइंस संग्रहालय, मस्कट के रॉयल ओपेरा हाउस और एंपायर स्टेट जैसे बिल्डिंगों को नीली व नारंगी रंगो कि रोशनी से सजाया जाता है।

# मैं वैलेंटाइन डे मनाने वाली लड़की नहीं हूं : प्रेरणा लिसा

**मुंबई,** 2 फरवरी (एजेंसियां)। वेब सीरीज 'बड़ी हीरोइन बनती है' में नजर आने वाली एक्ट्रेस प्रेरणा लिसा ने अपने टीनएज के दिनों के वेलेंटाइन डे के बारे में खुलासा किया। प्रेरणा ने कहा कि मैं वैलेंटाइन डे मनाने वाली लड़की नहीं हूं। लेकिन स्कूल के दिनों में यह मजेदार हुआ करता था।

मुझे उस एक हफ्ते में सभी पैच-अप और ब्रेकअप के बारे में पता चलता था। उन्होंने कहा कि तब मैं किसी रिलेशनशिप में नहीं थी, लेकिन मैं और मेरे दोस्त दूसरे लोगों को वैलेंटाइन डे मनाते हुए देखकर मजा लेते थे। बड़ी हीरोइन बनती है में रोमांस, ड्रामा, रोमांच और रहस्य का सार दर्शाया गया है। यह एक छोटे शहर की लड़की काजल (प्रेरणा द्वारा अभिनीत) की यात्रा है, जो अपने सपनों को पूरा करने के लिए अद्वैत सिंघानिया (राजीव सिद्धार्थ द्वारा अभिनीत) के फैशन लेबल 'वीर



सिंघानिया डिज़ाइन्स' में इंटर्नशिप करने के लिए मुंबई आती है। काजल के जीवन में एक अप्रत्याशित मोड़ आता है जब अद्वैत के पिता वीर सिंघानिया उसे अपनी कंपनी का उत्तराधिकारी बताते हैं।

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाटा स्टील | 3.88 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 3.49 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 3.44 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 3.23 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 3.09 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| आईसीआईसीआई बैंक | 2.94 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 2.77 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 1.91 प्रतिशत |
| टीसीएस | 0.36 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 0.17 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |


### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3590-3690 |
| चीनी एम | 4150-4250 |
| मिल डिलीवरी | 3470-3570 |
| गुड़ | 4600-4700 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5500-5600 |
| दाल चना | 6500-6600 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 12500-12600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव



नई दिल्ली, 2 फरवरी (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में घटबढ़ के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज टिकाव रहा, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

## राष्ट्रीय राजमार्गों पर ट्रक चालकों के आराम के लिए बनेंगे सुविधाजनक भवन : मोदी

नई दिल्ली, 2 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर वाहन चालकों के आराम के लिये जगह-जगह आधुनिक भवनों के निर्माण कराये जायेंगे।

श्री मोदी राजधानी में आयोजित भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र के लक्ष्य तक पहुंचाने में यातायात एवं माल परिवन क्षेत्र की बड़ी भूमिका है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर वाहन चालकों की भूमिका का भी उल्लेख किया और कहा

कि जो ट्रक चलाते हैं, जो टैक्सी चलाते हैं, वे ड्राइवर हमारी सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था का एक अभिन्न हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि अक्सर ये चालक घंटो-घंटों लगातार ट्रक चलाते हैं, इनके पास आराम का समय कम रहता है। उन्होंने कहा कि ट्रक ड्राइवरों को रास्ते में आराम देने के लिए केंद्र सरकार ने एक नयी योजना पर काम शुरू कर दिया है। इस योजना के तहत सभी राष्ट्रीय राजमार्गों पर ड्राइवरों के लिये नयी सुविधाओं वाले आधुनिक भवनों का निर्माण होगा।

भारत मंडपम में शाम को आयोजित सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष



गोयल और शहरी विकास एवं पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी उपस्थित थे इसका आयोजन सरकार के साथ मिल कर इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद कर रही है। श्री मोदी ने कहा, आज का भारत 2047 तक विकसित बनने के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहा है। इस लक्ष्य की प्राप्ति में मोबिलिटी सेक्टर की बहुत बड़ी भूमिका है।

उन्होंने कहा, भारत इस समय आगे बढ़ रहा है और तेजी से आगे बढ़ रहा है। श्री मोदी ने कहा, हम समुद्र और पहाड़ों को चुनौती देते हुए एक के बाद एक इंजीनियरिंग की अद्भुत चीजे तैयार कर रहे हैं, वो भी रिकार्ड समय में।' उन्होंने इसी संदर्भ में अटल टनल और लेकर अटल सेतु जैसी परियोजनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इस समय भारत अवरंचाना क्षेत्र में निर्माण के नये रिकार्ड बना रहा है। प्रधानमंत्री ने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी (विद्युत वाहन) के चलन को प्रोत्साहित करने के सरकार के प्रयासों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, हमारी सरकार की फेम स्कीम भी बहुत सफल रही है। इसी स्कीम के तहत आज राजधानी दिल्ली समेत कई शहरों में हजारों इलेक्ट्रिक बसें चलनी शुरू हुई हैं। श्री मोदी ने इस अवसर पर प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। उन्होंने टीवीएस मोटर कंपनी (टीवीएसएम) पवेलियन का दौरा किया।

तमिलनाडु की यह दोपहिया और तिपहिया निर्मात कंपनी ने प्रधानमंत्री को विश्व गतिशीलता समाधानों के लिये भारत में निर्मित अपने एक सूट को दिखाया। कंपनी लगभग एक अरब अमेरिकी डॉलर का निर्यात करती है।

टीवीएसएम की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि कंपनी के प्रबंध निदेशक सुदर्शन वेणु ने प्रधानमंत्री को उनके दूरदर्शी नेतृत्व और भारत को सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिये धन्यवाद दिया। उन्होंने भविष्य की प्रौद्योगिकियों, उत्पादों और डिजिटल क्षमताओं के डिजाइन, विकास और तैनाती के लिये 5,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की कंपनी की प्रतिबद्धता दोहरायी।

## किफायती आवास निविदाओं में पारदर्शी प्रक्रिया को अपनाए डेवलपर : किशोर

नई दिल्ली, 2 फरवरी, (एजेंसियां)। आवास और शहरी मामलों के राज्य मंत्री कौशल किशोर ने शुक्रवार को निर्माण और रियल एस्टेट क्षेत्र से आवास और किफायती आवास परियोजनाओं के लिए निविदाओं के दौरान डेवलपरों से पारदर्शी प्रक्रिया अपनाने और कीमतें कम नहीं करने की अपील की।



श्री किशोर ने कहा कि उद्योग के कुछ लोग अक्सर मेगा हाउसिंग और किफायती हाउसिंग परियोजनाओं दोनों के लिए सरकारी अनुबंध हासिल करने के उद्देश्य से इस कदाचार में शामिल होते हैं। हालांकि, यह प्रक्रिया आधी-अधूरी परियोजनाओं और अंत तक बढ़ती लागत जैसी समस्याओं को जन्म देती है।

पारदर्शिता के साथ विश्वास को बढ़ावा, मार्ग 2047 विषय पर आयोजित 16वें नारेडको नेशनल कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन करते हुए श्री किशोर ने कहा कि बिल्डर टेंडर प्रोसेस के दौरान वास्तविक राशि से लगभग 15 प्रतिशत कम बोली लगाते हैं। जैसे-जैसे पूरा होने वाला है, कीमतें बढ़ती हैं, जिससे उप-ठेकेदारी संबंधी समस्याएं पैदा होती हैं जो बिल्डरों और लाभार्थियों दोनों को प्रभावित करती हैं।

उन्होंने नारेडको और उसके पदाधिकारियों से कम कीमत बताने की प्रक्रिया को समाप्त करने का आग्रह किया, यह सुनिश्चित करते हुए कि आवास परियोजनाएं, विशेष रूप से किफायती परियोजनाएं, बिना देरी के पूरी हो जाएं।

इसके अतिरिक्त, श्री किशोर ने रियल एस्टेट इंडस्ट्री से यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया कि आवास और किफायती आवास परियोजनाओं के परिवेश को पूरी तरह से धूल, धुआं और नशा मुक्त बनाया जाए। उनका मानना है कि यह प्रधानमंत्री के 2047 के दृष्टिकोण के अनुरूप भारत के विकास में योगदान देगा।

## विदेशी मुद्रा भंडार 59.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 616.7 अरब डॉलर पर

**मुंबई** 2 फरवरी (एजेंसियां)। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी होने से 26 जनवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 59.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 616.7 अरब डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह



विदेशी मुद्रा भंडार 2.8 अरब डॉलर गिरकर 616.1 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 26 जनवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 28.9 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 546.1 अरब डॉलर पर पहुंच गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 26.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 47.5 अरब डॉलर रह गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 2.7 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 18.24 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 60 लाख डॉलर की बढ़त के साथ 4.9 अरब डॉलर पर पहुंच गई।

## तकनीक-प्रेमी युवाओं के लिए एक लाख करोड़ रुपए का कोष एक सकारात्मक पहल : उद्योग जगत

**नई दिल्ली,** 2 फरवरी (एजेंसियां)। कृषि रसायन कंपनी धानुका एग्रीटेक ने प्राकृतिक स्रोतों से उत्पन्न एवं प्राकृतिक मोलेक्युल्स का इस्तेमाल कर बायोलॉजिकल उत्पादों के विकास एवं व्यवसायीकरण के लिए संयुक्त उपक्रम स्थापित करने सहित बिजनेस के विभिन्न अवसरों को तलाशने के लिए स्पेन की बॉयोटेक कंपनी किमिटेक के साथ करार किया है। कंपनी ने आज यहां कहा कि इस संबंध में एक करार पर हस्ताक्षर किये गये हैं। दोनों कंपनियां देश में शोध एवं विकास सुविधा स्थापित करने पर भी विचार करेंगी। बायोलॉजिकल प्रोडक्ट वनस्पति विज्ञान (बॉटनी), कीटाणु विज्ञान (माइक्रोबायोलॉजी), सूक्ष्म जैवाल (मिक्रोअलगाए) और जैव सूचना विज्ञान (बिओइन्फोर्मेटिक्स) का इस्तेमाल कर प्राकृतिक स्रोतों से प्राप्त किये जाते हैं। ये



फसल सुरक्षा, मृदा स्वास्थ्य और पौध पोषण प्रदान करने वाले टिकाऊ श्रेणी के उत्पादों का प्रतिनिधित्व करते हैं। आवश्यकतानुसार इन उत्पादों को अकेले और परंपरागत रासायनिक उत्पादों के साथ मिश्रित करके भी उपयोग किया जा सकता है। धानुका एग्रीटेक के संयुक्त प्रबंध निदेशक राहुल धानुका ने कहा, भारतीय किसान समुदाय को सर्वश्रेष्ठ उत्पाद और समाधान उपलब्ध कराने की दिशा में हमारे अनवरत प्रयासों के तहत हमने स्पेन की किमिटेक के साथ गैर बाध्यकारी आशय-पत्र पर हस्ताक्षर किये हैं जिसके अंतर्गत जैविक उत्पादों के व्यवसायीकरण के साथ-साथ भारत में संयुक्त उपक्रम और आर एंड डी सुविधा स्थापित करने सहित बिजनेस के विभिन्न अवसरों की संभावनाएं तलाशी जाएंगी। जैविक उत्पादों की मांग वैश्विक स्तर पर बढ़ रही है और भारत में भी बढ़ोतरी देखी जा रही है। किमिटेक एक अत्याधुनिक बायोटेक कंपनी और प्राकृतिक मोलेक्युल्स के लिए समर्पित यूरोप के सबसे बड़े नवाचार हब मावी इनोवेशन सेंटर की संस्थापक है। कंपनी ने मावी इनोवेशन सेंटर में एक क्रांतिकारी एआई प्लेटफार्म को कार्यान्वित किया है। लिन्ना नामक यह एआई प्लेटफार्म किमिटेक को प्रोडक्ट डेवलपमेंट के लिए अभी से ही लगभग 35 प्रतिशत कैंडिडेट कंपाउंड प्रदान कर रहा है।

## सार संक्षेप

### बैंक ऑफ इंडिया का मुनाफा 62 प्रतिशत उछला

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया ने चालू वित्त वर्ष में दिसंबर 2023 में समाप्त तीसरी तिमाही में 1870 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 1151 करोड़ रुपये की तुलना में 62 प्रतिशत अधिक है। बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ रजनीश कर्नाटक ने निदेशक मंडल की बैठक के बाद एक वर्चुअल संवाददात सम्मेलन में वित्तीय लेखाजोखा पेश किया। उन्होंने कहा कि दिसंबर 2023 की तिमाही में बैंक की शुद्ध ब्याज आय में मामूली कमी आयी है और यह दिसंबर 2022 की तिमाही के 5595 करोड़ रुपये की तुलना में कम होकर दिसंबर 2023 की तिमाही में 5463 करोड़ रुपये रही है। उन्होंने कहा कि इस तिमाही में गैर निष्पादित परिसंपत्तियों में सुधार हुआ है। सकल एनपीए 231 आधार अंक कम होकर दिसंबर 2023 की तिमाही में 5.35 प्रतिशत पर आ गया जबकि दिसंबर 2022 की तिमाही में यह 7.66 प्रतिशत रहा था। इसी तरह से शुद्ध एनपीए भी 20 आधार अंक सुधकर दिसंबर 2023 तिमाही में 1.41 प्रतिशत पर आ गया जबकि दिसंबर 2022 तिमाही में यह 1.61 प्रतिशत रहा था।

### रुपया छह पैसे मजबूत

**मुंबई।** दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के कमजोर पड़ने से आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया छह पैसे की बढ़त लेकर 82.92 रुपये प्रति डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 82.98 रुपये प्रति डॉलर रहा था। शुरुआती कारोबार में रुपया चार पैसे की तेजी के साथ 82.94 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान यही इसका दिवस का निचला स्तर रहा। वहीं, बिकवाली होने से यह 82.83 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पिछले दिवस के 82.98 रुपये प्रति डॉलर की तुलना में छह पैसे की बढ़त लेकर 82.92 रुपये प्रति डॉलर हो गया।

### पेटीएम ऐप अन्य बैंकों के साथ साझेदारी में तेजी ला रहा

**नई दिल्ली।** पेटीएम के सहयोगी बैंक को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से मिले निर्देश के बाद ऐसी धारणा बन गई है कि कंपनी और उसके सहयोगी एक ही हैं। विश्लेषकों को संबोधित करते हुए पेटीएम के अध्यक्ष और ग्रुप सीएफओ मधुर देवड़ा ने कहा कि डिजाइन और संरचना दोनों के हिसाब से फिनटेक कंपनी और उसके सहयोगी एक नहीं हैं और न ही हो सकते हैं। देवड़ा ने कहा, ऐसी धारणा हो सकती है कि पेटीएम और पेटीएम पेमेंट बैंक एक ही हैं। लेकिन, डिजाइन और संरचना के हिसाब से ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा, एक बैंक के लिए सबसे पहली और महत्वपूर्ण बात यह है कि, उसे उस शासन का पालन करना होगा, जिसका पालन एक बैंक को करना चाहिए, जिसका अर्थ है कि उसकी अपनी स्वतंत्र प्रबंधन टीम होनी चाहिए, जो बोर्ड को रिपोर्ट करती है और मामलों को बोर्ड की समितियों में आगे बढ़ाना है, जहां केवल स्वतंत्र निदेशक ही हो सकते हैं। पेटीएम के अध्यक्ष ने आगे कहा कि एक बैंक के पास स्वतंत्र अनुपालन और जोखिम टीमें भी होनी चाहिए।


## बजट घोषणाओं से सेंसेक्स-निफ्टी गुलजार

**मुंबई** 2 फरवरी (एजेंसियां)। बजट में लोकलुभावन वादों की बजाय देश के समग्र विकास के लिए उठाए गए ठोस कदम से उत्साहित निवेशकों की तेल एवं गैस, ऊर्जा, धातु, आईटी और टेक समेत सोलह समूहों में हुई दमदार लिवाली की बदौलत आज सेंसेक्स और निफ्टी गुलजार रहा।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 440.33 अंक की तेजी के साथ 72 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 72,085.63 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 156.35 अंक उछलकर 21,853.80 अंक पर रहा। बीएसई का मिडकैप 0.80 प्रतिशत मजबूत होकर 38,928.11 अंक और स्मॉलकैप 0.49 प्रतिशत चढ़कर 45,849.80 अंक हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3943 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2036 में लिवाली जबकि 1811 में बिकवाली हुई वहीं 96 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 38 कंपनियां लाभ जबकि 12 नुकसान में रही।

बीएसई के 16 समूहों में लिवाली का जोर रहा। इस दौरान तेल एवं गैस 4.22, ऊर्जा 3.44, धातु 2.95, कमोडिटीज 0.87, सीडी 0.45, हेल्थकेयर 0.23, इंडस्ट्रियल्स 0.18, आईटी 2.17, यूटिलिटीज 2.18, ऑटो 0.37, पावर 1.81, रियल्टी 0.85, टेक 1.68 और सर्विसेज समूह के




शेयर 2.22 प्रतिशत मजबूत रहे।

विश्व बाजार का रुख मिलाजुला रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.41, जर्मनी का डैक्स 0.78 और 0.41 प्रतिशत चढ़ गया जबकि हांगकांग का हैंगसेंग 0.21 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 1.46 प्रतिशत लुढ़क गया।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 332 अंक की तेजी लेकर 71,977.56 अंक पर खुला और दमदार लिवाली की बदौलत दोपहर तक 73,089.40 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली के दबाव में दोपहर बाद यह 71,948.77 अंक के निचले स्तर पर आ गया। अंत में पिछले दिवस के 71,645.30 अंक के मुकाबले 0.61 प्रतिशत चढ़कर 72,085.63 अंक पर बंद हुआ।

इसी तरह निफ्टी 115 अंक मजबूत होकर 21,812.75 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,126.80 अंक के उच्चतम जबकि 21,805.55 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 21,697.45 अंक की तुलना में 0.72 प्रतिशत उठकर 21,853.80 अंक हो गया।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफ़ा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में पावरग्रिड 4.10, एनटीपीसी 3.34, टीसीएस 2.98, टाटा स्टील 2.89, जेएसडब्ल्यू स्टील 2.74, विप्रो 2.52, इंफ़ोसिस 2.26, रिलायंस 2.18, टेक महिंद्रा 2.04, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.82, एचसीएल टेक 0.71, एसबीआई 0.39, मारुति 0.19 और टाटा मोटर्स 0.05 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, एक्सिस बैंक 1.42, एचडीएफसी बैंक 1.33, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.81, आईटीसी 0.60, एलटी 0.57, टाइटन 0.34, इंडसइंड बैंक 0.26, आईसीआईसीआई बैंक 0.08 और भारती एयरटेल के शेयर 0.02 प्रतिशत के नुकसान में रहे।

## केपी ग्रीन इंजीनियरिंग ने एसएमई आईपीओ के लिए दाखिल किया डीआरएचपी

**अहमदाबाद,** 2 फरवरी (एजेंसियां)। केपी ग्रीन इंजीनियरिंग लिमिटेड ने एसएमई आईपीओ के लिए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है।




कंपनी की ओर से शुक्रवार को यहां जारी बयान के अनुसार फैब्रिकेटेड और हॉट-डिप गैल्वनाइज्ड स्टील उत्पाद बनाने वाले गुजरात स्थित केपी समूह का हिस्सा केपी ग्रीन इंजीनियरिंग लिमिटेड ने प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के माध्यम से धन जुटाने के लिए मुंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के पास अपना डीआरएचपी दायर किया है।

प्रति इक्विटी शेयर पांच रुपये अंकित मूल्य वाला यह आईपीओ पूरी तरह से 1.316 करोड़ शेयरों का पूरी तरह से नया निर्गम है जिसमें बिक्री का कोई प्रस्ताव नहीं है।

केपी एनर्जी लिमिटेड के 2016 में 6.44 करोड़ रुपये जुटाने के लिए आने के बाद केपी ग्रीन इंजीनियरिंग केपी समूह की तीसरी पेशकश है और पूर्ववर्ती केपीआई ग्लोबल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड अब केपीआई ग्रीन एनर्जी लिमिटेड है जो 2019 में 39.94 करोड़ रुपये जुटाने के लिए आईपीओ के लिए आई थी।

इस नए निर्गम से प्राप्त 156.14 करोड़ रुपये आय का उपयोग एक नई विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए पूँजीगत व्यय को आंशिक रूप से वित्तपोषित करने के साथ अपनी वर्तमान उत्पादन क्षमताओं का विस्तार करने, वर्तमान उत्पाद पोर्टफोलियो का विस्तार करने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 2 फरवरी (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों लगातार जारी गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में फरवरी का पाम ऑयल वायदा 24 रिंगिट गिरकर 3790 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह फरवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.02 सेंट की गिरावट के साथ 45.58 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 5650-5750, दाल चना 6650-6750, मसूर काली 7250-7350, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 10450-10550, अरहर दाल 11700-11800 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपये और **चावल :** 2800-2900 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

## यूपीआई स्वीकार करने वाला पहला यूरोपीय देश बना बना फ्रांस

**मुंबई/टूलूज़,** 2 फरवरी (एजेंसियां) एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (एनआईपीएल) ने ई-कॉमर्स और भुगतान स्वीकार करने वाली फ्रांस की कंपनी लायरा के साथ मिलकर फ्रांस में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) भुगतान तंत्र को स्वीकार करने की घोषणा की है। इसके साथ ही फ्रांस यूपीआई स्वीकार करने वाला पहला यूरोपीय देश बन गया है। उल्लेखनीय है कि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन इस वर्ष 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि थे और उनकी यह यात्रा जयपुर से शुरू हुयी थी जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें एक छोटी दुकान पर चाय पिलाई थी और उसका भुगतान यूपीआई से किया था। एनपीसीआई ने आज यहां जारी बयान में कहा कि भारतीय पर्यटक अब यूपीआई का उपयोग करके ऑनलाइन टिकट खरीदकर एफिल टॉवर की अपनी यात्रा बुक कर सकते हैं - जिससे लेनदेन प्रक्रिया त्वरित, आसान और परेशानी मुक्त हो जाएगी।

गणतंत्र दिवस का जश्न मनाने के लिए फ्रांस में भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में पेरिस में इस संबंध में आधिकारिक घोषणा की गई। फ्रांस और मोनाको में भारत के राजदूत एम. जावेद




अशरफ, प्रधानमंत्री के प्रतिनिधि मंत्री और फ्रांस के सरकारी प्रवक्ता प्रिस्का थेवेनोट, फ्रांस के सरकारी प्रवक्ता एलेन लैकौर, लायरा समूह के अध्यक्ष क्रिस्टोफ मैरिएट, वाणिज्यिक निदेशक सहित विशिष्ट अतिथियों के साथ लायरा फ्रांस के और सोसाइटी डी%एक्सप्लॉइटेशन डे ला टूर एफिल के सीईओ पैट्रिक ब्रैंको रुइवो भी इस अवसर मौजूद थे।

यह घोषणा इस बात को ध्यान में रखते हुए विशेष महत्व रखती है कि भारतीय पर्यटक एफिल टॉवर के अंतर्राष्ट्रीय आगंतुकों के दूसरे सबसे बड़े समूह के रूप में हैं। इस विकास के साथ, भारतीय पर्यटक व्यापारी की वेबसाइट पर उत्पन्न क्यूआर कोड को स्कैन करने और भुगतान शुरू करने के लिए अपने यूपीआई संचालित ऐप का उपयोग करके सुरक्षित ऑनलाइन लेनदेन कर सकते हैं।

फ्रांस में यूपीआई की स्वीकृति न केवल भारतीय पर्यटकों को एक निर्बाध भुगतान विकल्प प्रदान करती है, बल्कि पर्यटन और खुदरा क्षेत्रों में काम करने वाले फ्रांस और यूरोप के व्यापारियों के लिए कई अवसर भी खोलती है। जबकि एफिल टॉवर फ्रांस में यूपीआई भुगतान की पेशकश करने वाला पहला व्यापारी है, यह सेवा जल्द ही पर्यटन और खुदरा क्षेत्र के अन्य व्यापारियों के लिए भी विस्तारित की जाएगी। इससे फ्रांस में रहने वाले भारतीयों के लिए दूर से होटल बुक करना, संग्रहालयों का दौरा आदि करना काफी आसान हो जाएगा।

एनआईपीएल के सीईओ रितेश शुक्ला ने कहा, एनआईपीएल में, हमारी महत्वाकांक्षा अंतरराष्ट्रीय बाजारों में एनपीसीआई के भुगतान समाधानों की स्वीकृति को सक्षम करना और वास्तव में अंतर-संचालनीय वैश्विक भुगतान प्रणाली बनाना है। हमारा लक्ष्य साझेदारी स्थापित करने और उपभोक्ताओं को सुविधाजनक और सुरक्षित सीमा पार भुगतान समाधान प्रदान करने के लिए दुनिया भर के वित्तीय संस्थानों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग करना है। लायरा के साथ इस रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से, हमने इस लक्ष्य की ओर एक और कदम आगे बढ़ाया है।

# खेल जगत

## पाकिस्तानी क्रिकेट टीम की स्थिति खराब : मिकी आर्थर



**नई दिल्ली,** 2 फरवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान टीम के पूर्व निदेशक मिकी आर्थर ने पाकिस्तानी क्रिकेट टीम की खराब स्थिति पर चिंता व्यक्त की है। पाकिस्तान में क्रिकेट सत्ता के गलियारों में पूरी तरह से नए कोचिंग स्टाफ के साथ-साथ नए कप्तानों का बदलाव देखा गया था। 2023 वनडे विश्व कप के बाद मिकी आर्थर और ग्रांट ब्रैडबर्न के बाहर होने के बाद मोहम्मद हफीज ने टीम निदेशक के रूप में टीम की कमान संभाली। आर्थर ने एक सुरक्षित टीम वातावरण को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया। यह देखते हुए कि उन स्थितियों में जहां असुरक्षा की समग्र भावना होती है, खिलाड़ी अपने व्यक्तिगत हितों को प्राथमिकता देना शुरू कर देते हैं। आर्थर ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो को बताया, जब वहां सुरक्षा का माहौल होता है, तो पाकिस्तान बहुत अच्छा होता है। जब वहां असुरक्षा होती है, तो खिलाड़ी टीम के बजाय अपने लिए खेलना शुरू कर देते हैं क्योंकि वे अगले दौरे और अगले अनुबंध के बारे में सोच रहे होते हैं।

# यशस्वी के शतक से भारत का मजबूत आगाज

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



**नई दिल्ली,** 2 फरवरी (देशबन्धु)। 22 बरस के नौजवान सलामी यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड की स्पिन चौकड़ी -ऑफ स्पिनर जो रूट, अपने टेस्ट करियर का आगाज आगाज करने वाले 20 बरस के शोएब बशीर, बाएं हाथ के स्पिनर टॉम हार्टले व लेग स्पिनर रेहान अहमद - के खिलाफ सकारात्मक और आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी कर विशाखापट्टनम में शुक्रवार को वाईएस राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में शुरू हुए दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन बेहतरीन बल्लेबाजी कर अपने करियर का दूसरा टेस्ट शतक जड़ भारत को पहले दिन का खेल बंद होने तक पहली पारी में 93 ओवर में छह विकेट पर 336 रन के मजबूत स्कोर तक पहुंचा दिया। तब यशस्वी 257 गेंद खेल कर पांच छक्कों और 17 चौकों की मदद से 179 रन और रविचंद्रन अश्विन दस गेंद खेल कर एक चौके की मदद से पांच रन बनाकर खेल रहे थे। भारत हैदराबाद में सीरीज का पहला टेस्ट 28 रन से हार फिलहाल पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में 0-1 से पीछे है।

भारत के यशस्वी जायसवाल ने शुक्रवार को पूरे जीवट और विश्वास से बल्लेबाज कर अपने टेस्ट करियर का सर्वोच्च स्कोर बनाया जबकि इससे पहले उनका सर्वोच्च टेस्ट स्कोर 171 रन था जो कि उन्हें वेस्ट इंडीज के खिलाफ रोसेयू में अपने टेस्ट करियर का आगाज करते हुए बनाया। अक्षर पटेल और केएस भरत ने यदि खेल के आखिरी सत्र में थोड़ा धैर्य दिखाया होता तो भारत और मजबूत स्थिति में होता। भारत के सभी बल्लेबाजों ने बढ़िया आगाज किया लेकिन अपना पहला दोहरा टेस्ट जड़ने की ओर बढ़ रहे यशस्वी को छोड़ कर उसका बाकी एक भी बल्लेबाज अर्द्धशतक तक नहीं जड़ पाया। इंग्लैंड के लिए पहले अपने टेस्ट करियर का आगाज करने वाले ऑफ स्पिनर शोएब बशीर (2/100) और लेग स्पिनर रेहान अहमद (2/61) ने दो-दो विकेट चटकाए। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने श्रेयस अय्यर (27 , 59 गेंद, तीन चौके) के साथ तीसरे विकेट की 90, अपने टेस्ट करियर का आगाज करने वाले रजत पाटीदार (32 रन, 72 गेंद, तीन चौके) के साथ चौथे विकेट की 70 रन तथा अक्षर पटेल (27 रन, 57 गेंद, चार चौके) के साथ पांचवें विकेट की 52 रन की भागीदारी की बदौलत भारत ने पहले दिन के आखिरी सत्र में तीन विकेट गंवाने के बावजूद मजबूत स्कोर बनाया। यशस्वी की निगाहें अब दूसरे दिन शनिवार को अपना दोहरा शतक पूरा करने के साथ भारत को 400 रन के पार पहुंचाने की और ऐसे में सुबह का पहला घंटा खासा अहम रहने वाला है।

चायकाल के बाद लेग स्पिनर रेहान अहमद और दोनों ऑफ स्पिनर जो रूट और शोएब बशीर की कुछ गेंदें तेजी से स्पिन तो हुई ही खतरनाक ढंग से उछली भी। भारत के बाएं हाथ बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और अक्षर पटेल ने सकारात्मक अंदाज में अपने स्ट्रोक खेल कर इंग्लैंड के स्पिनरों को हावी नहीं होने दिया। यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के पहले टेस्ट के सबसे कामयाब बाएं हाथ के स्पिनर टॉम हार्टले के 15 वें और भारत की पारी के 49 वें ओवर की तीसरी गेंद पर छक्का जड़ कर अपने टेस्ट करियर का दूसरा और भारत की धरती पर पहला टेस्ट शतक पूरा किया। यशस्वी ने अपना शतक 151 गेंद खेल कर तीन छक्कों और 11 चौकों की मदद से पूरा किया। जायसवाल ने चायकाल के बाद ऑफ स्पिनर जो रूट की गेंद को ड्राइव कवर कर चौका जड़ अपने 151 रन चार छक्कों और 16 चौकों की मदद से पूरे किए। रूट के इसी ओवर की अंतिम दो गेंदों पर पहले मिड विकेट और फिर स्कवॉयर लेग के बीच से लगातार दो चौके जड़े। हार्टले की गेंद पर जो रूट से यशस्वी (73 रन) का एक मुश्किल कैच पहली स्लिप में छूटा लेकिन इससे अगली लगातार दो गेंदों पर दो और चौके जड़ एक रन लेने के साथ 13 रन लिए और शतक के करीब पहुंचे।लेग स्पिनर रेहान अहमद के पांचवें ओवर की चौथी गेंद को अपनी क्रीज छोड़ आगे निकले यशस्वी जायसवाल ने कवर के उपर से उड़ा अपनी पारी का चौथा छक्का जड़ने के बाद इसी ओवर की आखिरी गेंद पर लेट कर पॉइंट के बीच चौका जड़ा।

59 ओवर में जब भारत का स्कोर तीन विकेट

- ■ दूसरे टेस्ट में भारत ने पहले दिन 6 विकेट पर 336 रन बनाए
- ■ यशस्वी की निगाहें अब पहले दोहरे टेस्ट शतक पर

पर 159 रन था तब इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स को लेग स्पिनर रेहान अहमद से गेंदबाजी कराने की याद आई। खेल खत्म होने से करीब आधा घंटा पहले बढ़िया बल्लेबाजी कर रहे बाएं हाथ के अक्षर पटेल (27 रन, 57 गेंद, चार चौके) ने अचानक धैर्य खोया और ऑफ स्पिनर शोएब बशीर की गेंद की उछाल से गच्चा खाकर बैकवर्ड पॉइंट पर रेहान अहमद को कैच थमा बैठे और भारत ने पांचवां विकेट 301 रन पर खो दिया। विकेटकीपर बल्लेबाज केएस भरत (17 रन, 23 गेंद,एक छक्का, दो चौके) ने भी बेवजह रेहान अहमद की शॉर्ट और वाइड गेंद को कट करने की कोशिश में बैकवर्ड पॉइंट पर बशीर को कैच थमा दिया और भारत ने छठा विकेट 330 रन पर खोया।

भारत ने चायकाल के समय अपनी पहली पारी में तीन विकेट पर 225 रन बनाए तब यशस्वी 185 गेंद खेल कर तीन छक्कों, 14 चौकों की मदद से 125 और अपने टेस्ट करियर का आगाज करने वाले रजत पाटीदार 47 गेंद खेल कर तीन चौकों की मदद 25 रन बना कर खेल रहे थे। भारत ने लंच तक 31 ओवर में दो विकेट पर 103 रन बनाए थे और तब जायसवाल 51 और श्रेयस अय्यर चार रन बनाकर खेल रहे थे। चायकाल के बाद 30 बरस की उम्र में अपने टेस्ट करियर का आगाज करने वाले रजत पाटीदार (32 रन, 72 गेंद, तीन चौकेक) ने लेग स्पिनर रेहान अहमद की तेज लेग स्पिन को रक्षात्मक ढंग से खेलने की कोशिश की और गेंद अतिरिक्त उछाल से मात खा गए और गेंद उनके बल्ले को लगने के बाद उनके पैर से रोकने की कोशिश को नाकाम करती हुई उनका लेग स्टंप उड़ा ले गई और भारत ने अपना चौथा विकेट 249 पारी के 72 वें और रेहान के सातवें ओवर में खोया।

# भारत में टेस्ट खेलने वाले सबसे उम्रदराज तेज गेंदबाज बने एंडरसन



**विशाखापत्तनम,** 2 फरवरी (एजेंसियां)। इंग्लैंड के गेंदबाज जेम्स एंडरसन शुक्रवार को वाई.एस. राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दौरान 41 साल और 187 दिन की उम्र में भारतीय धरती पर टेस्ट मैच खेलने वाले सबसे उम्रदराज तेज गेंदबाज बन गए।

जेम्स एंडरसन ने मैदान पर उतरते ही टेस्ट क्रिकेट में 72 साल से कायम रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया। भारतीय क्रिकेट के दिग्गज लाला अमरनाथ ने 1952 के बाद से भारत में टेस्ट खेलने वाले सबसे उम्रदराज तेज गेंदबाज का खिताब अपने नाम किया।

जब अमरनाथ ने अपना आखिरी टेस्ट मैच ईडन गार्डन्स में पाकिस्तान के खिलाफ खेला तब उनकी उम्र 41 साल और 92 दिन थी।

एंडरसन और अमरनाथ के साथ लिस्ट में रे लिंडवाल, शुट बनर्जी और गुलाम गार्ड जैसे नाम शामिल थे, जिनमें से सभी ने 1961 में क्रिकेट परिदृश्य में बदलाव से पहले अपनी छाप छोड़ी थी। एंडरसन भारत में टेस्ट खेलने वाले पांचवें सबसे उम्रदराज खिलाड़ी भी बन गए। जिम्बाब्वे के खिलाड़ी जॉन ट्राईकोस के नाम 1993 में 45 साल 304 दिन की उम्र में खेलने का रिकॉर्ड है।

भारतीय परिस्थितियों में एंडरसन की विरासत एक और उल्लेखनीय उपलब्धि तक फैली हुई है। भारतीय धरती पर किसी मेहमान गेंदबाज द्वारा सर्वाधिक टेस्ट विकेट उनके नाम है।

- ■ एंडरसन भारत में टेस्ट खेलने वाले पांचवें सबसे उम्रदराज खिलाड़ी भी बन गए
- ■ शुभमन गिल को परेशान किया पांचवीं बार उनका विकेट लिया

भारतीय क्रिकेट के तीन अलग-अलग युगों में, एंडरसन की गेंदें दिग्गजों के लिए दुश्मन रही हैं। 14 टेस्ट मैचों में एंडरसन ने 35 विकेट हासिल किए हैं।

जब सचिन तेंदुलकर का दबदबा था। एंडरसन ने तेंदुलकर को नौ बार आउट किया, जो विराट कोहली के युग में बदल गया।

अब, उभरती प्रतिभा के युग में एंडरसन की सटीकता ने युवा शुभमन गिल को परेशान किया और अपने क्रिकेट मुकाबलों में पांचवीं बार उनका विकेट लिया।

# यू मुंबा के खिलाफ जीत की राह पर लौटना चाहेंगे यूपी योद्धा



**नई दिल्ली,** 2 फरवरी (एजेंसियां)। यूपी योद्धा अपने अभियान में बदलाव लाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं, क्योंकि वे त्यागराज इंडोर स्टेडियम में प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 10 के मैच 102 में यू मुंबा के खिलाफ रिवर्स मैच में जीत की राह पर लौटना चाहते हैं। मौजूदा सीज़न के शुरुआती दिन दोनों टीमों का आमना-सामना हुआ, जहां योद्धा 31-34 से हारकर जीत से चूक गए।

योद्धा वर्तमान में अपने पिछले आठ मैचों में एक भी जीत हासिल नहीं कर पाए हैं और 23 अंकों और 63 के स्कोर अंतर के साथ अंक तालिका में 11वें स्थान पर हैं। जीएमआर समूह के स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी यूपी योद्धा को दबंग दिल्ली केसी के खिलाफ 27-36 से हार का सामना करना पड़ा।

अपने पिछले मैच में दूसरी ओर यू मुंबा भी अपना आखिरी मैच तमिल थलाइवाज के खिलाफ 34-50 से हार गई। मुंबई फ्रेंचाइजी शनिवार को जीत के लिए बेताब होगी, क्योंकि उन्हें भी अपने पिछले आठ मैचों में जीत नहीं मिली है और वर्तमान में वे 40 अंकों और 19 के स्कोर अंतर के साथ 9वें स्थान पर हैं।

पीकेएल के सभी सीजन में यूपी योद्धा और यू मुंबा का 11 बार आमना-सामना हुआ है। मुकाबला कांटे का बना हुआ है क्योंकि दोनों टीमों ने पांच मौकों पर एक-दूसरे को हराया है, जबकि एक मैच टाई पर समाप्त हुआ है। मैच से पहले बोलते हुए यूपी योद्धा के मुख्य कोच जसवीर सिंह ने कहा, हमें टूर्नामेंट में बने रहने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा। हमारे बाकी सभी मैच जीतना ही एकमात्र रास्ता है। हमारे युवा रेडरों ने पिछले कुछ मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन एक टीम के रूप में हमें और मजबूत होने की जरूरत है क्योंकि अब हम कोई गलती नहीं कर सकते।

चोट के कारण सुरेंदर गिल की अनुपस्थिति ने रेडिंग विभाग में कप्तान प्रदीप नरवाल के कंधों पर दबाव बढ़ा दिया, जिन्होंने अपनी महानता के कुछ शेड्स प्रदर्शित किए हैं। 99 सफल रेड में 122 रेड अंक जुटाए हैं, क्योंकि टूर्नामेंट में सर्वाधिक रेड पॉइंट और सबसे सफल रेड की सूची में वह शीर्ष 10 में शामिल हैं। डिफेंस में सुमित अब तक टूर्नामेंट में 51 टैकल पॉइंट के साथ योद्धाओं के चार्ट में सबसे आगे हैं। उन्हें नितेश कुमार और गुरदीप का अच्छा समर्थन मिला है, जिन्होंने क्रमश: 34 और 28 टैकल पॉइंट अर्जित किए हैं। ऑलराउंडर विजय मलिक दोनों विभागों में महत्वपूर्ण रहे हैं। उन्होंने टूर्नामेंट में कुल 47 अंक हासिल किए हैं। यू मुंबा के लिए उनके स्टार रेडर गुमान सिंह ताकतवर होंगे, क्योंकि वह वर्तमान में 120 सफल रेड में 151 रेड पॉइंट के साथ टूर्नामेंट में सबसे अधिक रेड पॉइंट और सबसे सफल रेड की सूची में शीर्ष तीन में शामिल हैं। उन्हें हरफनमौला अमीरमोहम्मद जफरदानेश से अच्छी मदद मिली है, जिन्होंने अब तक 116 रेड अंक जुटाए हैं। डिफेंस में सुरिंदर सिंह और रिंकू की जोड़ी योद्धाओं के खिलाफ आगामी मुकाबले में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहेगी।

# मत भूलो, पुजारा इंतजार कर रहे हैं, गिल को शास्त्री



**विशाखापत्तनम,** 2 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के पूर्व क्रिकेट कप्तान और मुख्य कोच रवि शास्त्री ने वाई.एस. राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में शुक्रवार को यहां भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरे टेस्ट मैच के दौरान जेम्स एंडरसन द्वारा 34 रन पर आउट होने के बाद युवा बल्लेबाज शुभमन गिल को चेतावनी दी। शास्त्री ने कमेंट्री के दौरान कहा, यह एक नई टीम है, एक युवा टीम है। इन युवाओं को खुद को साबित करना होगा। मत भूलिए, पुजारा इंतजार कर रहे हैं। वह रणजी ट्रॉफी में कड़ी मेहनत कर रहे हैं और हमेशा रडार पर हैं। गिल ने एक आशाजनक शुरुआत की, 46 गेंदों पर 34 रन की आकर्षक पारी खेली, फिर भी इसे बड़ी पारी में बदलने में विफलता ने टीम में उनकी जगह पर सवालिया निशान छोड़ दिया। दाएं हाथ के होनहार बल्लेबाज को नए आकार के बल्लेबाजी क्रम में महत्वपूर्ण भूमिका दी गई थी; एक ऐसा कदम जिसने उन्हें दिग्गज चेतेश्वर पुजारा की जगह ले लिया। अनुभवी पुजारा, जो वर्तमान में सौराष्ट्र के लिए खेलते हुए रणजी ट्रॉफी में अपना कौशल दिखा रहे हैं, ने दोहरा शतक और रनों से भरपूर सीज़न के साथ मंच पर धूम मचा दी है। इस सत्र में उनके नाम सात पारियों में 89.66 की औसत से 538 रन हैं। कमेंट्री बॉक्स से गूंजती रवि शास्त्री की चेतावनी ने भारतीय क्रिकेट की प्रतिस्पर्धी प्रकृति को रेखांकित किया। अनुभवी प्रचारक पुजारा धैर्यपूर्वक इंतजार कर रहे हैं, उनके घरेलू कारनामे ध्यान और विचार की मांग कर रहे हैं।

## सार संक्षेप

### जब आप इस तरह खराब प्रदर्शन करते हो तो आउट होना मुझे बिल्कुल भी प्रभावित नहीं करता: पीटरसन

**विशाखापत्तनम।** इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज केविन पीटरसन ने डॉ. वाई.एस. राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में शुक्रवार को दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन भारत के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर की 27 रनों की पारी का कड़ा आकलन करते हुए कहा कि जब कोई गलत तरीके से आउट होता है तो उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। अय्यर ने 59 गेंदों में 27 रन बनाए, 51वें ओवर में बाएं हाथ के स्पिनर टॉम हार्टले की गेंद पर विकेटकीपर बेन फॉक्स को कट शॉट पर कैच दे बैठे। यह अय्यर की एक अजीब पारी थी, जहां वह लगातार अपनी क्रीज के चारों ओर फेरबदल कर रहे थे, जिसमें स्पिनरों का सामना करना भी शामिल था। सुनो, जब कोहली वापस आते हैं और अन्य लोग (केएल राहुल और रवींद्र जडेजा) वापस आते हैं और ये ऐसे दिन होते हैं जब ये लड़के पीछे मुड़कर देखते हैं और कहते हैं, ओह, मैंने शतक क्यों नहीं बनाया? मुझे शतक बनाने का अवसर मिला। पीटरसन ने ब्रॉडकास्टर्स के साथ बातचीत में कहा, और जब आप इस तरह लापरवाह होते हैं, तो आउट होना मुझ पर बिल्कुल भी प्रभाव नहीं डालता है। आपको वास्तव में मैच को उसकी गर्दन से पकड़ना होगा और कहना होगा कि मैं यहां जाने नहीं दे रहा हूं। मुझे श्रेयस के लिए यह कहने में कोई हिचकिचाहट नहीं है कि वह लड़खड़ा रहे थे। स्पिनरों के खिलाफ खेलते समय अपनी मूल स्थिति में आने से पहले अय्यर द्वारा लेग के बाहर सरकने से पीटरसन भी नाराज हो गए थे।

### वनडे सीरीज में ऑस्ट्रेलिया पर हावी रहेगी द. अफ्रीकी टीम : वोल्वार्ट

**एडिलेड।** दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ट को उम्मीद है कि उनकी टीम शनिवार को एडिलेड ओवल में शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दमदार प्रदर्शन करेगी। दक्षिण अफ्रीका ने अभी तक महिला वनडे मैचों में ऑस्ट्रेलिया को नहीं हराया है। हालांकि, उन्होंने 2016 में उनके साथ एक मैच टाई किया था। लेकिन, वे इस तथ्य से पूरी तरह आश्वस्त होंगे कि एलिसा हीली की अगुवाई वाली टीम अजेय है, जैसा कि मेहमान टीम ने मेजबान टीम को दूसरे टी 20 मैच में हराया है। लॉरा ने सीरीज की शुरुआत की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से कहा, यह हमारे लिए एक अच्छी प्रतिस्पर्धी श्रृंखला थी। अधिकांश मैच को अंतिम ओवर तक ले जाना और एक में जीत हासिल करना। जाहिर है, मैं उस आखिरी मैच में साधारण चीजों में थोड़ा बेहतर होना पसंद करूंगी। बस खुद को बेहतर बनाने के लिए मौका है लेकिन कुल मिलाकर यह एक बहुत ही प्रतिस्पर्धी श्रृंखला थी और यह जिस तरह से हुई उससे मैं काफी खुश हूं।

# ऐतिहासिक कोलकाता डर्बी में भिड़ेंगे मोहन बागान सुपर जायंट और ईस्ट बंगाल

**कोलकाता,** 2 फरवरी (एजेंसियां)। साल्ट लेक स्टेडियम का मैदान शनिवार को इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 सीजन की पहली कोलकाता डर्बी का गवाह बनेगा, जब मोहन बागान सुपर जायंट और ईस्ट बंगाल एफसी शाम 7:30 बजे इस मैदान पर भिड़ेंगे।

इन दोनों टीमों के बीच ऐतिहासिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण और एक शताब्दी से अधिक समय से प्रतिद्वंद्विता चली आ रही है। ओडिशा में खेले गए कलिंगा सुपर कप में शानदार खिताबी सफलता के बाद रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड कोलकाता डर्बी के आगामी मुकाबले में तीन अंक के लिए समान रूप से दावेदार होगी।

पिछले कुछ निराशाजनक अभियानों के बाद, रेड एंड गोल्ड टीम ने बेंगलुरू एफसी के पूर्व हेड कोच कार्ल्स कुआड्राट को अपना रणनीतिकार नियुक्त करके नए अध्याय की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने डूरंड कप के फाइनल में जगह बनाई और फिर आईएसएल सीजन के मध्यांतर तक प्लेऑफ स्थान के करीब अपनी पहुंच बनाए रखी है, और अब उन्होंने सुपर कप खिताब जीत लिया है जिससे उन्हें अगले साल एशिया में प्रतिस्पर्धा करने का मौका मिलेगा। दूसरी ओर, मैरिनर्स गर्मियों में कई मार्की खिलाड़ियों को शामिल करने के बाद एक बेहद मजबूत टीम के साथ मौजूदा सीजन में उतरे थे। हालांकि, चोटिल खिलाड़ियों और अन्य जटिलताओं की चपेट में आने के कारण मोहन बागान सुपर जायंट दिसम्बर में संघर्ष करते नजर आए, लिहाजा क्लब ने जुआन फेरांडो को बाहर का रास्ता दिखाया और इससे अन्य स्पेनिश हेड कोच एंटोनियो लोपेज हबास के रूप में एक परिचित चेहरे की क्लब में वापस का राह बनी। हबास इस आईएसएल सीजन में पहली बार टच-लाइन पर दिखेंगे और अपना प्रभाव दिखाने के लिए उनके पास कोलकाता डर्बी से बेहतर मौका नहीं हो सकता है।

# धोनी से मेरे रिश्ते को समझाना मुश्किल : पंत



**नई दिल्ली,** 2 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के स्टार विकेटकीपर ऋषभ पंत ने पूर्व कप्तान एमएस धोनी के साथ अपने गहरे रिश्ते के बारे में खुलासा किया है। भारतीय क्रिकेट के दो दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज एमएस धोनी और ऋषभ पंत के बीच तुलनाओं के तूफ़ान के बीच एक अटूट बंधन के रूप में एक उम्मीद की किरण उभरी।

बाहरी दबावों के बावजूद दोनों ने अपनी दोस्ती बनाए रखी। पंत ने पूर्व कप्तान के साथ अपने संबंधों की गहराई पर जोर देते हुए अपने संबंधों के बारे में गर्मजोशी से बात की। पंत ने स्टार स्पोर्ट्स बिलीव सीरीज़ के साथ एक इंटरव्यू में कहा, मुझे हमेशा एमएस धोनी के साथ अपने रिश्ते के बारे में बताना मुश्किल लगता है। ऐसे कुछ लोग हैं जिनके साथ आप खुलकर बात कर सकते हैं। मैं माही भाई के साथ हर चीज पर चर्चा करता हूं। मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा है। मैं उनके साथ उन चीजों पर चर्चा करता हूं जिनके बारे में मैं सबसे बात नहीं करूंगा।

उम्मीदों के बोझ और लगातार जांच से जूझते हुए पंत ने अपने करियर के शुरुआती दिनों में महान एमएस धोनी की जगह विकेटकीपर के रूप में काम करने के दौरान हुई आलोचनाओं के बारे में बात की। कुछ ने पांच मैच खेले हैं और कुछ ने 500 मैच खेले हैं। यह इतनी लंबी यात्रा रही है, इतने उतार-चढ़ाव रहे हैं, इसलिए तुलना उचित नहीं है। मुझे वास्तव में बहुत बुरा लगता था। मैं अपने कमरे में वापस जाता था और 20-21 साल की उम्र में रोता हूं। तनाव में, मैं सांस नहीं ले पा रहा था। इतना दबाव था और मुझे नहीं पता था कि क्या करूं। मैं मोहाली में एक स्टंपिंग करने से चूक गया और भीड़ ने धोनी-धोनी के नारे लगाने शुरू कर दिए।

26 वर्षीय खिलाड़ी ने भारतीय क्रिकेट टीम में अपने शुरुआती दिनों को भी याद किया, जिसमें युवराज सिंह और धोनी जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों के सहायक और स्वागत करने वाले स्वभाव पर प्रकाश डाला गया। शुरुआत में, मैं बहुत छोटा था, और वहाँ बहुत सारे वरिष्ठ खिलाड़ी थे, वास्तव में उनमें से बहुत सारे थे। युवराज सिंह, एमएस धोनी वहाँ थे, सभी वरिष्ठ। इसमें कुछ समय लगता है, लेकिन मुझे उनके अति वरिष्ठ होने का एहसास नहीं मिला।

उन्होंने अंत में कहा, उन्होंने बहुत स्वागत किया और मुझे बहुत सहज बनाया। वे हर नए खिलाड़ी को बहुत सहज बनाते हैं। यह भारतीय टीम की संस्कृति है।

# सचिन और सहारन के शतकों का भारत ने बनाया नेपाल के खिलाफ विशाल स्कोर

**अंडर 19 विश्व कप**

**नई दिल्ली,** 2 फरवरी (देशबन्धु)। सचिन दास के और कप्तान उदय सहारन के शानदार शतकों की बदौलत भारत ने नेपाल के खिलाफ टॉस जीत पहले बल्लेबाजी करते हुए ब्लोमफोंटेन में आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप में ग्रुप एक अपने दूसरे सुपर सिक्स मैच मे निर्धारित 50 ओवरों में पांच विकेट पर 297 रन का विशाल स्कोर बनाया। भारत को इस बड़े स्कोर तक पहुंचाने में सचिन दास (116 रन, 101 गेंद, तीन छक्के, 11 चौके) और उदय सहारन (100 रन, 107 गेंद, नौ चौके) की चौथे विकेट की 215 रन की बड़ी भागीदारी का अहम योगदान रहा। भारत एक समय तीन विकेट मात्र 61 रन पर खोकर गहरे संकट में फंस गया था लेकिन सचिन और उदय सहारन ने बड़ी भागीदारी कर उसे न केवल संकट से उबारा बल्कि बड़े स्कोर तक पहुंचाया।

नेपाल के सबसे कामयाब तेज गेंदबाज गुलशन झा ने सचिन दास को अपने 19 वें और पारी के 48 वें ओवर में शॉर्ट गेंद पर बड़े शॉट लगाने को मजबूर कर मिड विकेट पर दीपक बोहरा के हाथों कैच कराया और उनकी और कप्तान की बड़ी भागीदारी के तोड़ भारत का स्कोर चार विकेट पर 277 कर दिया। नेपाल के गुलशन झा (3/56) ने अपने और दसवें और भारत की पारी के आखिरी ओवर की चौथी गेंद पर कप्तान उदय सहारन को





मिड ऑन पर सुभाष भंडारी के हाथों कैच कराया और भारत ने पांचवां विकेट 295 पर खोया।

सचिन दास ने अपना अर्द्धशतक 50 गेंद खेल कर एक छक्के और छह चौकों की मदद से और शतक 93 गेंद खेल कर दो छक्कों और दस चौकों की मदद से पूरा किया। वहीं कप्तान सहारन ने पारी के 36 वें और ऑफ स्पिनर सुभाष भंडारी छठे ओवर चौथी शॉर्ट गेंद को कट कर तीन रन दौड़ कर 62 गेंद खेल कर पांच चौकों की मदद से अपना अर्द्धशतक पारी के 36 वें ओवर में पूरा किया। सहारन ने पारी के अंतिम ओवर में गुलशन झा की गेंद पर एक रन दौड़ कर अपना अंडर-19 विश्व कप पहला शतक 106 गेंद खेल कर नौ चौकों की मदद से पूरा किया।

आदर्श सिंह और अर्षिन कुलकर्णी की सलामी जोड़ी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी उतरे भारत की पारी आक्रामक अंदाज में शुरू की। आदर्श (21 रन, 18 गेंद, चार चौके) को नेपाल के तेज गेंदबाज गुलशन झा की शॉर्ट गेंद को फ्लिक करने की कोशिश में विकेटकीपर उत्तम मागर को कैच थमा बैठे और भारत ने अपना पहला विकेट पारी के पांचवें ओवर में 26 रन पर खोया। भारत ने तीसरे नंबर पर मुशीर खान की जगह प्रियांशु मोलिया (19 रन, 36 गेंद, एक चौका) ने आकाश चंद की वाइड पर तेज रन दौड़ने की कोशिश में रनआउट हो गए और भारत ने अपना दूसरा विकेट 61 रन पर खो दिया। भारत के स्कोर में एक रन ही और जुड़ा था कि अर्षिन कुलकर्णी(18 रन , 30 गेंद, दो चौके) आकश की ऑफ स्टंप पर गिर बाहर की ओर स्विंग होती गेंद पर बल्ला चलाया और विकेटकीपर उत्तम मागर ने बेहतरीन कैच लपक उन्हें पारी पैवेलियन की राह दिखाई।